kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❒ वर्ष-15 ❒ अंक-91 ❒ शुक्रवार, 01 मई 2026 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12



उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा व्यक्ति को निरंतर कर्मशील बनाए रखते हैं और यही गुण सफलता की कुंजी हैं। कर्मठ और ऊर्जावान नागरिक ही राष्ट्र की सबसे बड़ी ताकत होते हैं, जिनके परिश्रम से विकास की नई राहें प्रशस्त होती हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयासों से देश समृद्धि, आत्मनिर्भरता और उन्नति के शिखर तक पहुंचता है। नरेन्द्र मोदी

अल्पसंख्यकों का समावेशी विकास सर्वोच्च प्राथमिकता : डॉ. श्रीवत्स 11

कुंभ मेला तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण व्यवस्थाओं में तेजी के निर्देश 12

## संक्षेप

### उप्र के कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी

मऊ। उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर के खिलाफ उत्तर प्रदेश के जनपद मऊ की एमपी एमएलए कोर्ट ने गैर जमानती वारंट जारी किया है। 2019 लोकसभा चुनाव से जुड़े एक मामले में भाजपा नेताओं के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी व जूता मारने की धमकी देने के आरोप में कोर्ट ने वारंट जारी किया है। मामला हलधरपुर थाना क्षेत्र के रतनपुरा बाजार में हुई एक चुनावी जनसभा से जुड़ा है। शिकायत के अनुसार उस दौरान मंत्री ने मंच से कार्यकर्ताओं को उकसाते हुए भाजपा नेताओं को गाली देने और जूता मारने की बात कही थी, जिसे लोकतांत्रिक मूल्यों और चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन माना गया। इस मामले में एसआई रुद्रभान पांडेय की तहरीर पर एफआईआर दर्ज की गई थी और जांच के बाद पुलिस ने कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर दी। हालांकि, आरोप तय होने की प्रक्रिया के दौरान मंत्री के अदालत में उपस्थित न होने पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (एमपी-एमएलए कोर्ट) डॉ. कृष्ण प्रताप सिंह ने कड़ा रुख अपनाते हुए बुधवार को गैरजमानती वारंट जारी कर दिया। अब इस मामले में अगली सुनवाई के लिए 16 मई 2026 की तारीख तय की गई है, जहां मंत्री की उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

### ब्रह्मोस एयरोस्पेस का राजस्व 5200 करोड़ के पार, चार हजार करोड़ का निर्यात ऑर्डर मिला

नयी दिल्ली। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने कहा है कि भारत रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है और ब्रह्मोस एयरोस्पेस का राजस्व 5200 करोड़ रु के पार जाना इसका बड़ा उदाहरण है। डीआरडीओ ने कहा है कि यही नहीं वर्ष 2025-26 में ब्रह्मोस एयरोस्पेस को 4000 करोड़ के दो निर्यात ऑर्डर भी मिले हैं। डीआरडीओ ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में इसकी जानकारी देते हुए कहा, ''आत्मनिर्भर रक्षा की ओर एक बड़ा कदम । ब्रह्मोस एयरोस्पेस का राजस्व वर्ष 2025-2026 के लिए 5200 करोड़ रुपए को पार कर गया है। नया लखनऊ संयंत्र संचालन शुरू होने के एक वर्ष के भीतर ही मिसाइलों की पहली खेप तैयार कर रहा है।'' डी आर डी ओ ने कहा कि ब्रह्मोस एयरोस्पेस वैश्विक बाजार में भी अपनी उपस्थिति लगातार बढ़ा रहा है और वर्ष 2025-26 में 4000 करोड़ रु के दो निर्यात ऑर्डर पर हस्ताक्षर किए गए हैं, जो निर्धारित रक्षा निर्यात लक्ष्य को पूरा करने में महत्वपूर्ण हैं। डी आर डी ओ ने कहा कि ब्रह्मोस एयरोस्पेस निर्धारित समय सीमा के भीतर सशस्त्र बलों की सभी आवश्यकताओं को पूरा कर रहा है। ब्रह्मोस एयरोस्पेस भारत और रूस का संयुक्त उपक्रम है।

महिला आरक्षण पर विशेष सत्र में निंदा प्रस्ताव पारित, महिला सशक्तीकरण पर विशेष सत्र संपन्न

# 'जो काले कर्मों से राजमहल सजाते हैं वही इतिहास में कलंक बन जाते हैं'

कैनविज टाइम्स ब्यूरो



❒ विधानसभा के विशेष सत्र में मुख्यमंत्री का सपा पर प्रहार
❒ लोकसभा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम का महत्वपूर्ण प्रस्ताव गिराकर समाजवादी पार्टी, कांग्रेस, डीएमके और टीएमसी ने कलंक बनने का काम किया
❒ भाजपा मजहबी आधार पर आरक्षण का विरोध करती रही है और आगे भी करती रहेगी
❒ दलित मुख्यमंत्री के साथ अपमानजनक व्यवहार किया

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानमंडल के दोनों सदनों का एक दिवसीय विशेष सत्र गुरुवार को महिला आरक्षण मुद्दे पर जोरदार बहस और आरोप-प्रत्यारोप के बीच निंदा प्रस्ताव ध्वनिमत से पारित हो गया । सत्र के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए उनके कार्यकाल को महिला विरोधी बताया, वहीं विपक्ष ने सरकार की मंशा और सीमित चर्चा समय पर सवाल खड़े किए।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को विधानसभा में विपक्ष, खासतौर पर समाजवादी पार्टी व कांग्रेस पर तीखा हमला किया। मुख्यमंत्री ने कटाक्ष किया कि 'जो लोग काले कर्मों से राजमहल सजाते हैं, वही इतिहास में कलंक बन जाते हैं। ' 17 अप्रैल को लोकसभा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम का महत्वपूर्ण प्रस्ताव गिराकर समाजवादी पार्टी, कांग्रेस, डीएमके और टीएमसी ने यही कलंक बनने का काम किया। सपा-कांग्रेस ने हर कल्याणकारी फैसला का विरोध किया। रंग बदलने में सपा इतनी माहिर है कि इनसे गिरगिट भी शर्म करेगा। कांग्रेस ने यदि शाहबानों के मामले में मुस्लिम महिला के साथ अन्याय न किया होता तो उसकी ये हालत न होती। उन्होंने कहा कि सपा का भी यह हश्र होने वाला है इसमें देर नहीं लगेगी।

मुख्यमंत्री विधानसभा के एक दिवसीय विशेष सत्र में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर विस्तृत चर्चा का प्रस्ताव रखने से पहले सदन को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम का संशोधन-2029 में ही लागू होना था, लेकिन कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और इंडी गठबंधन ने लोकसभा में विरोध किया। जब महिलाएं हर क्षेत्र में प्रतिभा व परिश्रम से लोहा मनवा रही हैं और बेहतरीन नेतृत्व दे रही हैं, तो आप लोग क्यों बाधक बन रहे हैं? सपा ने जनधन खाते खोले जाने का भी विरोध किया था।

मुख्यमंत्री ने कहा, अक्तूबर 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हर घर शौचालय' का बड़ा अभियान चलाया तो सपा ने लगातार विरोध किया। उत्तर प्रदेश में कुल 2 करोड़ 61 लाख शौचालय बनाए गए, जिनमें से सपा शासन के ढाई वर्ष में मात्र 40-41 लाख शौचालय ही बन पाए जबकि डबल इंजन सरकार आने के बाद डेढ़ वर्ष के अंदर ही दो करोड़ से अधिक शौचालय बनाए गए। आप लोग तब भी मजाक उड़ाते थे कि शौचालय से क्या होगा? वे मात्र शौचालय नहीं थे, वे नारी गरिमा, स्वच्छता और बीमारियों के उन्मूलन के प्रतीक थे। पहले महिलाएं खुले में शौच के लिए मजबूर थीं और सपा के शोहदे छींटाकसी करते थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सपा का चरित्र 1995 के स्टेट गेस्ट हाउस कांड में सबके सामने आ गया, जब प्रदेश की पहली दलित मुख्यमंत्री के साथ अपमानजनक व्यवहार किया गया। उस समय भाजपा ने मायावती को समर्थन देकर उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की, जबकि नैतिक दायित्व आपका था। भाजपा नेता ब्रह्मदत्त द्विवेदी ने तब अपनी जान पर खेलकर उन्हें समाजवादी पार्टी के गुंडों से बचाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप किस नारी गरिमा की बात करते हैं? बदायूं जैसी घटनाओं पर आपके नेताओं के गैर-जिम्मेदाराना बयान आज भी याद किए जाते हैं। आप सभी महिलाओं के श्राप से शापित हैं। ● शेष पेज 11 पर

### यह भी बोले

❒ 2017 से पहले उत्तर प्रदेश में 'देख सपाई, बिटिया घबराई' का नारा आम था
❒ तत्कालीन मंत्री आजम खान ने बुलंदशहर सामूहिक बलात्कार को ''राजनीतिक साजिश'' बताया।
❒ 2017 से पहले उत्तर प्रदेश में 'देख सफाई, बिटिया घबराई' का नारा आम था।
❒ मध्य और पश्चिमी यूपी में अभिभावक बेटियों को स्थानीय छात्रावासों में नहीं भेज पाते थे।
❒ पढ़ाई के लिए बाहर भेजने या पढ़ाई छुड़ाने की स्थिति थी।

# नहीं होगी एओआर परीक्षा: सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय में वकालत की प्रैक्टिस के लिए अनिवार्य 'एडवोकेट-ऑन-रिकॉर्ड' (एओआर) परीक्षा 2026 को निरस्त करते हुए इसे अगले साल के लिए टाल दिया गया है।

उच्चतम न्यायालय के परीक्षा सेल ने गुरूवार को यह जानकारी दी। परीक्षा सेल ने आधिकारिक आदेश जारी करते हुए स्पष्ट किया है कि वर्ष 2026 में एओआर परीक्षा आयोजित नहीं की जाएगी। रजिस्ट्रार और परीक्षा बोर्ड के सचिव द्वारा जारी इस नोटिस में कहा गया है कि वर्तमान में एडवोकेट्स-ऑन-रिकॉर्ड की कुल संख्या और पर्याप्त सामर्थ्य को ध्यान में रखते हुए इस साल परीक्षा न कराने का निर्णय लिया है। प्रशासन का मानना है कि फिलहाल एओआर की संख्या कार्यभार के हिसाब से पर्याप्त है, इसलिए इस प्रक्रिया को अगले वर्ष तक के लिए टाल दिया गया है। अब यह परीक्षा वर्ष 2027 में होने की संभावना है। इस परीक्षा के उम्मीदवारों को अभी परीक्षा की सटीक तिथियों और विस्तृत शेड्यूल के लिए इंतजार करना होगा, क्योंकि इसके बारे में सूचना उचित समय पर अधिसूचित की जाएगी। गौरतलब है कि एडवोकेट-ऑन-रिकॉर्ड का दर्जा एक कठिन परीक्षा उत्तीर्ण करने पर ही मिलता है और यह वरिष्ठ अधिवक्ता से भिन्न होता है। जहाँ एक सामान्य वकील उच्चतम न्यायालय में केवल बहस कर सकता है, वहीं केवल एक एओआर को ही उच्चतम न्यायालय में याचिकाएं और वकालतनामा दायर करने का विशेष अधिकार होता है।



### एम्स की याचिका पर सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को यहां स्थित अखिर भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ओर से दायर उस याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया, जिसमें दुष्कर्म पीड़ित 15 साल की

एक एओआर बनने के लिए वकीलों को चार साल की प्रैक्टिस के बाद एक साल की विशेष ट्रेनिंग लेनी होती है और फिर उच्चतम न्यायालय द्वारा आयोजित एक कठिन परीक्षा को पास करना अनिवार्य होता है। इसके साथ ही, उनका उच्चतम न्यायालय के 16 किमी के दायरे में एक कार्यालय होना भी आवश्यक है।

वर्तमान आंकड़ों की बात करें तो देश में सक्रिय एडवोकेट्स-ऑन-रिकॉर्ड की कुल संख्या लगभग 3,000 से 3,800 के बीच है। नए एओआर के लिए होने वाली परीक्षा के स्थगन के कारण उन वकीलों को अब लंबा इंतजार करना होगा जो इस प्रतिष्ठित पद की योग्यता हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे थे। ● शेष पेज 11 पर

# फसल नुकसान पर सरकार सख्त, राहत वितरण तेज

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

❒ योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रभावित किसानों को त्वरित सहायता, सर्वे से लेकर भुगतान तक प्रशासन अलर्ट मोड में

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर सरकार ने हालिया खराब मौसम, आंधी, अग्निकांड, ओलावृष्टि और अतिवृष्टि से प्रभावित किसानों को राहत पहुंचाने की प्रक्रिया तेज कर दी है।

प्रशासन को फील्ड में सक्रिय रहकर त्वरित सर्वेक्षण और सहायता वितरण के निर्देश दिए गए हैं, ताकि कोई भी पात्र किसान मदद से वंचित न रहे। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2026-27 में अग्निकांड की घटनाओं से बाराबंकी, बलिया, बांदा, महराजगंज, मथुरा, पीलीभीत, रामपुर और सोनभद्र सहित 8 जनपदों में 111.134 हेक्टेयर फसल क्षति दर्ज की गई है। इसके सापेक्ष 668 प्रभावित किसानों में से 51 किसानों को अब तक ?1,81,963 की राहत राशि वितरित की जा चुकी है। वहीं ओलावृष्टि से मथुरा, जालौन, हरदोई, बुलंदशहर, औरैया, संभल, शाहजहांपुर, आगरा, अलीगढ़, कन्नौज, ललितपुर, सहारनपुर और उन्नाव सहित 13 जनपदों में 38,369.72 हेक्टेयर फसल प्रभावित हुई है। इस आपदा से प्रभावित 1,07,104 किसानों में से 23,983 किसानों को ?14,92,60,448 की सहायता राशि प्रदान की जा चुकी है। इसके अलावा अतिवृष्टि के कारण कानपुर देहात, शाहजहांपुर, रामपुर, जालौन, बुलंदशहर, गोंडा, मथुरा, पीलीभीत और सहारनपुर सहित 9 जनपदों में 1,358.678 हेक्टेयर फसल क्षति दर्ज की गई है। यहां 3,920 प्रभावित किसानों में से 1,849 किसानों को ?1,09,87,132 की राहत राशि वितरित की गई है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि फसल क्षति का आकलन तेजी से कराया जा रहा है और शेष प्रभावित ● शेष पेज 11 पर

# एपीडा-यूपी समझौते से पीलीभीत बनेगा बासमती प्रशिक्षण का केंद्र

एजेंसी

नयी दिल्ली। कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा), और उत्तर प्रदेश सरकार के बीच 70 वर्ष के पट्टे समझौते पर हस्ताक्षर के माध्यम से पीलीभीत के टांडा बिजैसी में बासमती और जैविक प्रशिक्षण केंद्र-सह-प्रदर्शन फार्म की स्थापना के लिए भूमि हस्तांतरण को औपचारिक रूप दिया गया है।

यहां जारी एक सरकारी विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गयी है। इसमें बताया गया है कि इस प्रस्तावित फार्म को लगभग सात एकड़ क्षेत्र में विकसित किया जाएगा। इस केंद्र में सभागार, बासमती एवं जैविक खेती पर संग्रहालय और गैलरी, सम्मेलन कक्ष, प्रयोगशाला और जैविक खेती के लिए आवश्यक सामग्री के भंडारण की सुविधा उपलब्ध होगी। यह सुविधा बासमती एवं जैविक किसानों के प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण में मददगार होगी और कृषि विशेषज्ञों



❒ पीलीभीत में 7 एकड़ में विकसित होगा हाईटेक प्रशिक्षण केंद्र, जितिन प्रसाद ने एआई-आधारित बासमती सर्वे परियोजना का किया शुभारंभ

एवं छात्रों के लिए एक संसाधन केंद्र के रूप में भी कार्य करेगी।

देश में बासमती चावल पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने की दिशा में इसे महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। एक बार स्थापित हो जाने के पश्चात यह केंद्र देश का पहला बासमती जैविक प्रशिक्षण और प्रदर्शन फार्म होगा, जिसमें पारंपरिक और जैविक दोनों प्रकार की बासमती की खेती शामिल होगी। इस केंद्र से उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के किसानों और हितधारकों को लाभ मिलने की आशा है। इस अवसर पर केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग एवं इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने सभा को संबोधित करते हुए पीलीभीत को बासमती चावल के प्रमुख उत्पादक क्षेत्र के रूप में विकसित करने की अपार संभावनाओं की जानकारी दी। श्री प्रसाद ने केंद्र में एआई-आधारित इंटरैक्टिव संग्रहालय स्थापित करने के साथ-साथ किसानों के लिए गुणवत्तापूर्ण बासमती बीज और जैविक सामाग्री मुहैया कराने के लिए एक विशेष आउटलेट स्थापित करने का सुझाव दिया। इस अवसर पर श्री प्रसाद ने भारत की पहली एआई-आधारित बासमती धान सर्वेक्षण परियोजना (2026-2028) का भी अनावरण किया, जिसे एपीडा और अखिल भारतीय चावल निर्यातक संघ (एआरआईईए) के सहयोग से चलाया जायेगा। यह परियोजना लगभग 40 लाख हेक्टेयर ● शेष पेज 11 पर

### पश्चिम बंगाल के कई बूथों पर दोबारा मतदान की पूरी संभावना: सीईओ अग्रवाल

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में मिली इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) से छेड़छाड़ की शिकायतों के बाद राज्य के कम से कम 23 मतदान केंद्रों पर दोबारा मतदान की संभावना है। चुनाव आयोग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। आयोग को कुल 77 शिकायतें मिली हैं, जिनमें से कई में आरोप है कि ईवीएम पर काली टेप या स्टिकर का इस्तेमाल करके छेड़छाड़ की गयी। अधिकारी ने बताया कि इनमें से फालता से 32, डायमंड हार्बर से 29, बाबलाहाट से 13 और बज-बज से 3 शिकायतें मिलीं। इनमें से अब तक कम से कम 23 मामलों की पुष्टि की जा चुकी है, जबकि बाकी शिकायतों की जांच अभी जारी है। अगर दोबारा मतदान की पुष्टि हो जाती है, तो इसे 2 मई तक पूरा करना होगा। अधिकारी ने कहा, ''इन मामलों में ईवीएम की पवित्रता से समझौता होता दिख रहा है। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) मनोज अग्रवाल ने विशेष चुनाव पर्यवेक्षक ● शेष पेज 11 पर

# सात एक्सप्रेसवे से बदल रही 33 जिलों की रफ्तार

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

❒ दो एक्सप्रेसवे से जुड़े हैं लखनऊ-आगरा समेत नौ जिले

लखनऊ। गंगा एक्सप्रेसवे की शुरुआत होने के साथ ही यूपी को सबसे अधिक एक्सप्रेसवे संचालित करने वाला राज्य बनने का गौरव भी हासिल हुआ है। प्रदेश में अब संचालित सात एक्सप्रेसवे से 33 जिले सीधे जुड़े हैं। इनमें नौ जिले लखनऊ, आगरा, मेरठ, गौतमबुद्धनगर, उन्नाव, अंबेडकरनगर, इटावा, आजमगढ़ व औरैया ऐसे हैं, जो दो-दो एक्सप्रेसवे से जुड़े हैं। इनमें पूरब से लेकर पश्चिम तक कई ऐसे छोटे जिले व कस्बे भी हैं, जिनकी तस्वीर भी बदली है। एक्सप्रेसवे के किनारे बढ़ रहे औद्योगिक विकास का उन पर सीधा प्रभाव पड़ा है।

गंगा एक्सप्रेसवे से 12 जिले जुड़े हैं। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे से 10 जिले, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से नौ जिले, बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे से छह जिले, गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे से पांच जिले, मेरठ-दिल्ली एक्सप्रेसवे से तीन जिले और यमुना एक्सप्रेसवे से पांच जिले जुड़े हैं।

इनमें चित्रकूट, बांदा, महोबा, जालौन, इटावा, गोरखपुर, संतकबीरनगर, आजमगढ़, हापुड़, फिरोजाबाद, मैनपुरी, कन्नौज, कानपुर, हरदोई, बाराबंकी, अमेठी, सुलतानपुर, अयोध्या, मऊ, गाजीपुर, वृंदावन, मथुरा, हापुड़, बुलंदशहर, अमरोहा, संभल, बदायूं, शाहजहांपुर, हरदोई, रायबरेली, प्रतापगढ़ व प्रयागराज एक्सप्रेसवे से जुड़े जिलों की सूची में शामिल हैं। एक्सप्रेसवे से जुड़े जेवर की अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा बनने से वैश्विक पहचान बनी है। बड़े शहरों को छोड़कर अब उनके आसपास स्थित आध्यात्मिक महत्व रखने वाले छोटे शहरों के लिए आवागमन बढ़ियां होने से भी उनके विकास तेज हुआ है।

ऑपरेशन सिंदूर ने दुनिया को आतंकवाद के खिलाफ भारत की प्रतिबद्धता का संदेश दिया: राजनाथ

# ऑपरेशन सिंदूर में दिखाई सैन्य ताकत, अपनी शर्तों पर युद्ध रोका

एजेंसी

नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर ने दुनिया को स्पष्ट संदेश दिया है कि भारत अपने भूभाग पर आतंकवादी हमलों के बाद अब केवल कूटनीतिक बयान जारी करने की पुरानी मानसिकता तक सीमित नहीं है बल्कि आगे बढ़कर निर्णायक कार्रवाई के लिए प्रतिबद्ध है।

श्री सिंह ने गुरुवार को यहां एक राष्ट्रीय सुरक्षा शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार ने स्पष्ट रुख अपनाया है कि किसी भी परिस्थिति में आतंकवाद का कोई भी कृत्य सहन नहीं किया जाएगा। उन्होंने सर्जिकल स्ट्राइक, हवाई हमलों और ऑपरेशन सिंदूर को आतंकवाद के खिलाफ सरकार के दृढ़ संकल्प का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा, ''आतंकवाद एक विकृत और विक्षिप्त मानसिकता से उत्पन्न होता है। यह मानवता पर एक काला धब्बा है। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई केवल राष्ट्रीय सुरक्षा का मामला नहीं है, यह मूल रूप से मानवता के मूल्यों की रक्षा की लड़ाई है। यह एक बर्बर विचारधारा के खिलाफ संघर्ष है जो हर मानवीय मूल्य के सीधे विरोध में खड़ी है। हमने इस भारतीय दृष्टिकोण को देश के भीतर और विदेशों में स्पष्ट रूप से प्रस्तुत किया है। रक्षा मंत्री ने कहा कि जब तक आतंकवाद मौजूद रहेगा, यह सामूहिक शांति, विकास और समृद्धि को चुनौती देता रहेगा। उन्होंने कहा, ''आतंकवाद को धार्मिक रंग देकर या इसे नक्सलवाद जैसी हिंसक विचारधारा से जोड़कर उचित ठहराने के प्रयास किए जाते हैं। यह अत्यंत खतरनाक है और एक प्रकार से आतंकवादियों को आड़ प्रदान करता है ताकि वे धीरे-धीरे अपने लक्ष्य की ओर बढ़ सकें। आतंकवाद केवल राष्ट्र-विरोधी कृत्य नहीं है, इसके कई आयाम हैं– संचालनात्मक, वैचारिक और राजनीतिक। इससे तभी निपटा जा सकता है जब हम इन सभी आयामों पर काम करें।'' पाकिस्तान द्वारा आतंकवाद को लगातार समर्थन दिए जाने पर श्री सिंह ने कहा, ''भारत और पाकिस्तान दोनों ने एक ही समय पर




स्वतंत्रता प्राप्त की थी। हालांकि आज भारत को विश्व स्तर पर सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) के लिए जाना जाता है, जबकि पाकिस्तान को एक अलग प्रकार के आईटी यानी 'अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद' का केंद्र माना जाता है। रक्षा मंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर को भारतीय सशस्त्र बलों की एकजुटता और समन्वय का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि भारतीय थल सेना, भारतीय नौसेना और भारतीय वायु सेना ने एकजुट होकर और एकीकृत योजना के तहत कार्य किया, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि भारत की सैन्य शक्ति अब अलग-अलग हिस्सों में काम नहीं करती, बल्कि यह एक संयुक्त, एकीकृत और वैश्विक शक्ति के रूप में उभरी है। श्री सिंह ने कहा कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर को अपनी शर्तों पर और अपने चुने हुए समय पर अंजाम दिया, और इसे पूरी तरह अपनी शर्तों पर ही रोका। उन्होंने कहा, ''इस अभियान के दौरान हमने अत्यंत सटीकता के साथ केवल उन लोगों को निशाना बनाया जिन्होंने हमारे खिलाफ हमला किया था। हमने अभियान इसलिए नहीं रोका कि हमारी क्षमताएं समाप्त हो गई थीं या कम हो गई थीं। हमने इसे पूरी तरह अपनी शर्तों पर समाप्त किया। हम लंबे समय तक संघर्ष जारी रखने के लिए पूरी तरह तैयार थे। हमारे पास आवश्यक अतिरिक्त क्षमता और अचानक संकट के समय अपनी क्षमताओं को तेजी से बढ़ाने की अंतर्निहित शक्ति है। रक्षा मंत्री ने जोर देकर कहा कि भारत का सैन्य-औद्योगिक ढांचा लगातार यह साबित करता रहा है कि वह न केवल शांति काल की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए तैयार है, बल्कि युद्ध के समय तेज आपूर्ति और रसद की मांगों को भी पूरा करने में सक्षम है। उन्होंने कहा कि उस अवधि के दौरान भारत ने परमाणु हमले की धमकी या दबाव में आए बिना अपने निर्धारित उद्देश्यों को पूरा किया। उन्होंने कहा, ''यह नई विश्व व्यवस्था है, यह नए वैश्विक युग का नया भारत है। यह वह भारत है जो आतंकवाद और उसे प्रायोजित करने वालों के बीच कोई अंतर नहीं ● शेष पेज 11 पर

# विद्यार्थियों ने अकादमी को कराया गौरवान्वित



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। आईसीएसई बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित होते ही एसआर इंटरनेशनल स्कूल एंड स्पोर्ट्स अकादमी का परिसर गर्व, हर्ष और संतोष की भावना से आलोकित हो उठा निदेशक ने इस उपलब्धि को संस्था के गौरवशाली इतिहास में शैक्षणिक उत्कृष्टता का एक और स्वर्णिम अध्याय बताया है उनका कहना था कि उत्कृष्टता के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता को बनाए रखते हुए, विद्यालय ने इस वर्ष 100% परिणाम दर्ज किया। यह सफलता विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की मेहनत, अनुशासन और निरंतर प्रयास का प्रमाण है। समग्र परिणाम अत्यंत सराहनीय रहा, जहाँ बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने 80S90% के बीच अंक प्राप्त कर निरंतरता और शैक्षणिक गुणवत्ता का परिचय दिया।इस उल्लेखनीय सफलता में यश दीक्षित ने 97% अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। उनके पश्चात शौर्य प्रताप सिंह (95%), रक्षिता रत्नाकर (94.4%), काव्या सिंह (92%), अक्षत मुकेश सिंह (92%) तथा वंश गोयल (90%) ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय की गौरवशाली उपलब्धियों को और ऊँचाई प्रदान की।परिणामों में विषयवार उत्कृष्टता भी विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। विद्यार्थियों ने हिंदी, इतिहास एवं नागरिक शास्त्र, शारीरिक शिक्षा तथा जीवविज्ञान में 100 में 100 अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा और विषय पर गहरी पकड़ का परिचय दिया। इसके अतिरिक्त अनेक विषयों में विद्यार्थियों ने 95 से अधिक अंक प्राप्त कर समग्र और संतुलित प्रदर्शन को सिद्ध किया।इस अवसर पर विद्यार्थियों को चेयरमैन एवं एमएलसी, सीतापुर, पवन सिंह चौहान, उपाध्यक्ष पियूष सिंह, तथा उपाध्यक्ष (वाइस चेयरपर्सन) सुष्मिता सिंह द्वारा हार्दिक बधाई दी गई। उन्होंने विद्यार्थियों की मेहनत, लगन और संकल्प की सराहना करते हुए शिक्षकों एवं अभिभावकों के अमूल्य योगदान को भी विशेष रूप से रेखांकित किया।

# सिविल डिफेंस वार्डनों को मिला आपदा योद्धा सम्मान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। विकास नगर क्षेत्र में 15 अप्रैल 2026 को लगी भीषण आग के दौरान अपनी जान की परवाह किए बिना लोगों की मदद करने वाले सिविल डिफेंस के वार्डनों को सम्मानित किया गया। अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन भारत की ओर से आयोजित कार्यक्रम में इन कर्मियों को आपदा योद्धा सम्मान प्रदान किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष अंशुल मिश्रा ने सिविल डिफेंस के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि वास्तविक अर्थों में सच्चे हीरो यही वार्डन हैं जो किसी भी आपदा या घटना के समय सबसे पहले मौके पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्य में जुट जाते हैं।इस दौरान नागरिक सुरक्षा लखनऊ के स्टाफ ऑफिसर ऋतुराज रस्तोगी की उपस्थिति में सम्मानित होने वालों में सुनील कुमार तिवारी डिविजनल वार्डे न प्रखंड लोहिया नगर, डॉ. पंकज कुमार डिप्टी डिविजनल वार्डे न, कमलेश सिंह स्टाफ ऑफिसर, ऋषि श्रीवास्तव पोस्ट वार्डे न, शोएब जलाली घटना नियंत्रण अधिकारी, सौरभ अग्रवाल पोस्ट वार्डे न आरक्षित और आमिर अब्बास सेक्टर वार्डे न प्रमुख रूप से शामिल रहे।कार्यक्रम में विमल कुमार वर्मा घटना नियंत्रण अधिकारी, सरोज शर्मा पोस्ट वार्डे न, सत्य कुमार तिवारी पोस्ट वार्डे न, अमित शर्मा डिप्टी पोस्ट वार्डे न, अनुज शर्मा डिप्टी पोस्ट वार्डे न, डॉ. सी.एल. वर्मा, नबी हसन और सीमा आनंद सेक्टर वार्डे न सहित अन्य लोग भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी सम्मानित वार्डनों के साहस और समर्पण की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में भी इसी तरह सेवा कार्य जारी रखने के लिए प्रेरित किया गया।

# उन्ज़िला फ़ातिमा ने हासिल किए 97% अंक, क्षेत्र का नाम किया रोशन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मलिहाबाद/लखनऊ। मेहनत, लगन और अनुशासन के दम पर सिटी मॉन्टेसरी स्कूल की छात्रा उन्ज़िला फ़ातिमा ने (आईएससी) बोर्ड की कक्षा 12वीं परीक्षा में 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस शानदार सफलता के बाद परिजनों, शिक्षकों और शुभचिंतकों में खुशी का माहौल है। 18 वर्षीय उन्ज़िला फ़ातिमा स्व: मोहम्मद यूसुफ़ ख़ाँ की सुपुत्री हैं। पिता के साए के बिना भी उन्होंने कठिन परिस्थितियों में निरंतर मेहनत, आत्मविश्वास और लगन के दम पर यह मुकाम हासिल किया। उनकी सफलता से क्षेत्र की अन्य छात्राओं को भी प्रेरणा मिलेगी। विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने उन्ज़िला की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। परिवार के लोगों ने बताया कि उन्ज़िला शुरू से ही पढ़ाई के प्रति गंभीर रही हैं और आगे चलकर उच्च शिक्षा प्राप्त कर देश सेवा करना चाहती हैं। उन्ज़िला फ़ातिमा की इस सफलता पर क्षेत्र के लोगों, रिश्तेदारों और मित्रों ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

## सेंट मेरिज स्कूल में विद्यारंभ कार्यक्रम आयोजित: कोरांव नगर अध्यक्ष ओम प्रकाश केशरी ने किया शुभारंभ, हुए सम्मानित



**(कोरांव), प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सेंट मेरिज स्कूल में 30 अप्रैल 2026 को एलकेजी और यूकेजी के छात्रों के लिए विद्यारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कोरांव के नगर अध्यक्ष ओम प्रकाश केशरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि ओम प्रकाश केशरी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर जॉर्ज मेडेपल्ली ने फूलों का गुच्छा भेंट कर उनका स्वागत किया। बच्चों ने अतिथियों और अभिभावकों के लिए स्वागत नृत्य और गीत प्रस्तुत किए, जिसने सभी का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि ने अपने आशीर्वचनों से उपस्थित सभी लोगों को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के अंत में, विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर जॉर्ज मेडेपल्ली और कॉर्डिनेटर सुशील मिश्रा ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया।

लेखपाल गांव-गांव जाकर कर रहे किसानों का पंजीकरण:

## प्रयागराज के देवघाट में हल्का लेखपाल इंद्रेश कुमार ने किया रजिस्ट्रेशन



**(कोरांव), प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता** प्रयागराज जनपद के कोरांव तहसील में नियुक्त हल्का लेखपाल इंद्रेश कुमार उच्चाधिकारियों के निर्देश पर किसानों का फार्मर रजिस्ट्रेशन कर रहे हैं। वे अपने हल्का राजस्व गांवों में जाकर यह कार्य कर रहे हैं। लेखपाल इंद्रेश कुमार किसानों के आधार नंबर से उनके रजिस्ट्रेशन की स्थिति की जांच कर रहे हैं। यदि किसी किसान का फार्मर रजिस्ट्रेशन नहीं हुआ है, तो वे तुरंत मौके पर ही उनका पंजीकरण कर रहे हैं। गुरुवार को देवघाट में जगवती पत्नी राम लल्लू, जलेबिया पत्नी सीता राम, नंद लाल पुत्र जमादार और श्री कंात पुत्र रामनीहोर सहित कई लोगों का पंजीकरण किया गया। इस दौरान दर्जनों से अधिक किसानों के आधार नंबर की जांच करने पर पता चला कि उनका फार्मर रजिस्ट्रेशन पहले से हो चुका था। अधिकारियों के अनुसार, फार्मर रजिस्ट्रेशन न कराने वाले किसानों को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाता है। इसलिए यह पंजीकरण अभियान महत्वपूर्ण है।

## फांसी लगाकर युवक ने दी जान, परिजनों में मचा कोहराम

**मोहनलालगंज लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता** मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के नेवलखेड़ा गांव में एक युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली इस घटना से परिवार में कोहराम मच गया, वहीं गांव में भी शोक की लहर फैल गई।मोहनलालगंज पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, गुरुवार सुबह करीब छह बजे मोहनलालगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से पुलिस को डेथ मेमो प्राप्त हुआ, जिसमें सूचना दी गई कि नेवलखेड़ा निवासी रंजीत पुत्र मेवालाल की फांसी लगाने से मृत्यु हो गई है। सूचना मिलते ही उपनिरीक्षक आशीष कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की।पुलिस जब सीएचसी मोहनलालगंज पहुंची तो वहां मृतक के परिजन मौजूद थे। परिजनों ने बताया कि रंजीत पिछले 2-3 दिनों से अस्वस्थ चल रहा था और उसकी मानसिक स्थिति भी ठीक नहीं थी। वह असामान्य व्यवहार कर रहा था। बीते बुधवार की देर रात जब परिवार के सभी लोग सो गए, उसी दौरान उसने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। पुलिस ने परिजनों की मौजूदगी में पंचायतनामा की कार्रवाई पूरी करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए केजीएमयू मर्चरी हाउस भेज दिया है।थाना प्रभारी ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। परिजनों द्वारा किसी प्रकार की कोई शिकायत नहीं दी गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, रिपोर्ट के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। मौके पर शांति व्यवस्था पूरी तरह कायम है और कानून-व्यवस्था की कोई समस्या नहीं है।पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

# आईसीएसई-आईएससी में सेंट जोसेफ के मेधावियों का दबदबा



लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। गुरुवार को आईसीएसई और आईएससी परीक्षा परिणाम घोषित होते ही मेधावियों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। सेंट जोसेफ विद्यालय समूह के छात्र-छात्राओं ने एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपना परचम लहराया।

आईसीएसई (हाईस्कूल) परीक्षा में सीतापुर रोड शाखा की अभिश्री सिंह सोमवंशी और राजाजीपुरम शाखा के शिवांश मौर्या ने 98.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से विद्यालय टॉप किया। वहीं शाश्वत मिश्रा और आदित्री शुक्ला ने 98.40 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान हासिल किया। श्रुति वर्मा ने 97.80 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा सानिध्य वर्मा, उत्कर्ष शुक्ला और वैष्णवी सिंह ने 97.60 प्रतिशत अंक के साथ संयुक्त रूप से चौथा स्थान प्राप्त किया। दिव्यांशी अवस्थी ने 97.40 प्रतिशत अंक के साथ पांचवां स्थान हासिल किया। अरिज शेख और सिद्धार्थ मोहन जीत ने 97.20 प्रतिशत अंक के साथ छठा स्थान तथा अथर्व सिंह चौहान और शौर्य प्रकाश पांडेय ने 97 प्रतिशत अंक के साथ संयुक्त रूप से सातवां स्थान प्राप्त किया। वहीं आईएससी (इंटरमीडिएट) परीक्षा में सीतापुर रोड शाखा के प्रखर सिंह ने 99.25 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय समूह में प्रथम स्थान हासिल किया।

अरनव सिंह ने 98.75 प्रतिशत अंक के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया। राजाजीपुरम शाखा के अंश कुमार विश्वकर्मा ने 98 प्रतिशत अंक के साथ विद्यालय में टॉप करते हुए समूह में तीसरा स्थान पाया। तनु सैनी ने 97.75 प्रतिशत अंक के साथ चौथा स्थान, रुद्रांश श्रीवास्तव ने 97.50 प्रतिशत अंक के साथ पांचवां स्थान प्राप्त किया। इमाद खान ने 97.25 प्रतिशत अंक अर्जित किए। अंश द्विवेदी, आर्यन पटेल और अथर्व जिंदल ने 96.75 प्रतिशत अंक हासिल किए। जय श्रीवास्तव, मोहम्मद अमन सिद्दिकी, उर्वी सिंह और अनामिका सिंह ने 96.25 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जबकि अर्णव पांडे ने 96 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। इस अवसर पर विद्यालय समूह की संस्थापक अध्यक्ष डॉ. पुष्पलता अग्रवाल ने सभी छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं प्रधानाचार्यों को बधाई देते हुए कहा कि एकाग्रता और मेहनत से ही सफलता प्राप्त होती है। वहीं प्रबंध निदेशक अनिल अग्रवाल ने कहा कि अनुशासन और संस्कार ही विद्यालय की पहचान हैं और परिश्रम कभी व्यर्थ नहीं जाता।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग मई माह के मध्य मे होगा आयोजित रुपरेखा पर हुई बैठक संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । भाजपा लखनऊ महानगर कार्यालय पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026'' के अंतर्गत जिला प्रशिक्षण वर्ग की योजना बैठक की गयी। बैठक कि अध्यक्षता भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी द्वारा की गई। वही वर्ग प्रभारी ओम प्रकाश श्रीवास्तव, वर्ग संचालन समिति प्रमुख मान सिंह ने आगामी संगठनात्मक अभियान 'जिला कार्यसमिति बैठक' एवं 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग' की रूपरेखा, कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी और आयोजन की व्यवस्थाओं पर विस्तृत चर्चा किया। लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी ने कहा कि आगामी 1 मई से 5 मई के मध्य जिला कार्यसमिति बैठक की जाएगी वहीं 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग' सम्भावित 16 मई, 17 मई को आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण वर्गों के माध्यम से कार्यकर्ताओं को न केवल संगठनात्मक कार्यशैली का ज्ञान मिलता है, बल्कि उनमें राष्ट्रहित के प्रति समर्पण और सेवा भाव भी विकसित होता है। इस प्रशिक्षण अभियान के माध्यम से कार्यकर्ताओं को पार्टी की रीति-नीति और आधुनिक कार्यप्रणाली से जोड़ा जाएगा। मीडिया प्रभारी अनुराग साहू ने बताया कि महामंत्री सतेंद्र सिंह, टिंकू, उपाध्यक्ष सौरभ वाल्मीकि, दीपक शुक्ला, विनायक पाण्डेय, जी डी शुक्ला, कुमकुम राजपूत, सीता नेगी, योगेंद्र पटेल, मंत्री चन्द्र प्रकाश अवस्थी, अपूर्व भार्गव, पंकज सक्सेना, अर्चना साहू, सतीश मिश्रा, राजेश चौधरी कोषाध्यक्ष मनोज के गुप्ता, कार्यालय सह मंत्री मयंक बाजपाई, शैलेन्द्र राय, आई टी संयोजक उत्तम मिश्रा, सोशल मीडिया टी आर जोशी, मणिकांत शुक्ला उपस्थित रहें।

## नाबालिग किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता, परिजनों ने एक युवक पर लगाया आरोप

लखनऊ, चिनहट। चिनहट थाना क्षेत्र से एक नाबालिग किशोरी के लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों ने एक युवक पर बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित पिता द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उनकी लगभग 15 वर्षीय नाबालिक पुत्री 28 अप्रैल की शाम करीब 4 बजे घर से कहीं चली गई।


**रेलयात्री कृपया ध्यान दें!**

**महत्वपूर्ण जानकारी**

**लोकमान्य तिलक (ट.) – अयोध्या कैंट – लोकमान्य तिलक (ट.) अमृत भारत एक्सप्रेस की नियमित सेवा की शुरूआत**

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन के लिए रेलवे द्वारा रेलगाड़ी संख्या 22111/22112 लोकमान्य तिलक (ट.) – अयोध्या कैंट – लोकमान्य तिलक (ट.) अमृत भारत एक्सप्रेस की नियमित सेवा शुरू करने का निर्णय लिया गया है, जिसका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है :–

**22111/22112 लोकमान्य तिलक (ट.) - अयोध्या कैंट लोकमान्य तिलक (ट.) अमृत भारत एक्सप्रेस**

| रेलगाड़ी सं. 22111 आगमन | रेलगाड़ी सं. 22111 प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 22112 आगमन | रेलगाड़ी सं. 22112 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 07:55 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 15:45 | ---- |
| 08:08 | 08:10 | थाणे | 14:33 | 14:35 |
| 08:32 | 08:35 | कल्याण | 14:12 | 14:15 |
| 10:57 | 11:00 | नासिक रोड | 11:27 | 11:30 |
| 14:23 | 14:25 | जलगांव | 08:33 | 08:35 |
| 15:20 | 15:25 | भुसावल | 08:05 | 08:10 |
| 20:00 | 20:10 | इटारसी | 03:50 | 04:00 |
| 23:30 | 23:40 | जबलपुर | 23:55 | 00:05 |
| 02:05 | 02:10 | सतना | 20:45 | 20:50 |
| 04:10 | 04:12 | मानिकपुर | 19:28 | 19:30 |
| 06:25 | 06:35 | प्रयागराज जं. | 17:05 | 17:15 |
| 07:59 | 08:01 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ जं. | 15:26 | 15:28 |
| 08:41 | 08:43 | सुलतानपुर | 14:38 | 14:40 |
| 10:15 | | अयोध्या कैंट | ---- | 13:50 |

चलने के दिनः 22111 लोकमान्य तिलक (ट.) से प्रत्येक मंगलवार को दिनांक 05.05.2026 से और 22112 अयोध्या कैंट से प्रत्येक बुधवार को दिनांक 06.05.2026 से।

स्थान : शयनयान एवं सामान्य।

विस्तृत जानकारी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलवे पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

रेलमदद वेबसाइट देखें:– www.railmadad.indianrailways.gov.in

रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

1453/26 पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे सदैव आपकी सेवा में

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



# कार्यालय ग्राम पंचायत जेठौती राजपूतान, विकास खण्ड- दरियाबाद, बाराबंकी।

पत्रांक 01/मनरेगा/ग्रा0पं0 जेठौती राजपूतान/सामग्री-आपूर्ति/निविदा-प्रकाश/दरि0/2026-27 दिनांक 30.04.2026

**-:अल्पकालीन निविदा सूचना :-**

विकास खण्ड दरियाबाद के अन्तर्गत ग्राम पंचायत जेठौती राजपूतान बाराबंकी में मनरेगा योजनान्तर्गत जनहित मे निम्नलिखित कार्य कराया जाना है जिसके लिए संलग्न बिल आफ क्वान्टिटी के अनुसार सामग्री आपूर्ति हेतु जीएसटी पंजीकृत फर्म मालिक/ठेकेदार/आपूर्तिकर्ताओं से स्वीकृत दरो के अधीन निम्नलिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन सामान आपूर्ति की निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म सम्बन्धित ग्राम पंचायत कार्यालय से दिनांक 01.05.26 से 15.05.26 तक किसी भी कार्यदिवस में निर्धारित धनराशि जमा करके प्राप्त किये जा सकते है। मोहरबन्द निविदायें दिनांक 15.05.26 को प्रात: 10 से 02 बजे अपरान्ह तक निविदा बाक्स मे डाली जायेगी तथा दिनांक 16.05.26 को ही सम्बन्धित ग्राम पंचायत कार्यालय / पंचायत भवन मे उपस्थित निविदाताओं के समक्ष ग्राम पंचायत की निविदा समिति के द्वारा समय 3.00 बजे खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का विवरण | आपूर्ति ली जाने समग्री का विवरण | सामग्री की जीएसटी सहित लागत ( रू0 लाख मे) | धरोहर राशि (रू0 में) | निविदा मूल्य | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत जेठौती राजपूतान मे आंगनबाडी केन्द्र निर्माण कार्य | बालू, सीमेन्ट, मौरंग, गिटटी, ईट, सरिया, पत्थर गिटटी इण्टर लॉकिन इत्यादि | मनरेगा अंश 7.84 लाख<br>आईसीडीएस- 2 लाख<br>ग्राम निधि - 2 लाख<br>कुल लागत-11.84 लाख | 2 प्रतिशत | 500 | 3 माह |

**शर्तें एवं नियमावली**- 1.धरोहर राशि का राष्ट्रीकृत बैंक / पोस्ट आफिस द्वारा निर्गत डिमाण्ड ड्राफ्ट / पे - आर्डर्स / प्रतिभूति प्रमाण जो पंचायत जेठौती राजपूतान विकास खण्ड दरियाबाद के नाम बन्धक करते हुए निविदा फार्म के साथ संलग्न करना होगा। 2. आपूर्तिकर्ता को संलग्न बिल आफ क्वान्टिटी के अनुसार उपरोक्त वर्णित सामग्री की आपूर्ति सम्बन्धित सचिव / प्रधान तकनीकी सहायक / अवर अभियन्ता के द्वारा बताये गये निर्दिष्ट समय / स्थान पर सामग्री आपूर्ति करना होगा। 3. आपूर्ति की गयी सामग्री का मनरेगा योजनान्तर्गत धनराशि उपलब्ध होने पर ही नियमानुसार भुगतान की कार्यवाही की जायेगी, विलम्ब आदि के लिए कार्यदायी संस्था उत्तरदायी नही होगी।4. जी0एस0टी0 पंजीकृत बिल ही मान्य होगा। 5. विभिन्न प्रकार के शासकीय करों के भुगतान का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा। 6.आपूर्ति की गयी समाग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप करने के उत्तरदायित्व आपूर्तिकर्ता होगा।7. आपूर्ति की गयी सामग्री के भाडा / किराये का अलग से भुगतान देय नहीं होगा। 8. निविदा स्वीकृत होने पर सम्बन्धित फर्म मालिक / ठेकेदार / आपूर्तिकर्ताओं से अनुबन्ध निष्पादित हो जाने पर पंचायत जेटौती राजपूतान में उपरोक्तानुसार / प्राक्कलित / स्वीकृत सामग्री सम्बन्धित सचिव / प्रधान / तकनीकी सहायक / अभियन्ता के निर्देशानुसार उनके द्वारा निर्दिष्ट समय / स्थान पर सामग्री आपूर्ति करने पर विफल रहने पर धरोहर जब्त करने का ग्राम पंचायत का अधिकार होगा। 9. सामग्री आपूर्ति का बिना कराण बताये अनुबन्ध निरस्त करने का अधिकार सचिव / प्रधान / निविदा समिति जेठौती राजपूतान में निहित होगा।

**सचिव**
**ग्रा0पं0 जेठौती राजपूतान**
**दरियाबाद, बाराबंकी**

**ग्राम प्रधान**
**ग्रा0पं0 जेठौती राजपूतान**
**दरियाबाद, बाराबंकी**


# रेल मंडल में सेवानिवृत्त कर्मचारियों का सम्मान, उसी दिन पदोन्नति भी

कैनविज टाइम्स संवाददाता




वाराणसी। भारतीय रेल के वाराणसी रेल मंडल में 30 अप्रैल 2026 को सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया गया। मंडल रेल प्रबंधक आशीष जैन की अध्यक्षता में प्रेमचंद सभागार में कार्यक्रम संपन्न हुआ, जिसमें विभिन्न विभागों के कुल 9 कर्मचारियों को उनकी समापक धनराशि का भुगतान किया गया।

इस अवसर पर सहायक मंडल कार्मिक अधिकारी वीरेन्द्र यादव, दयाशंकर सहित लेखा और कार्मिक विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सेवा मेडल, पीपीओ, मेडिकल कार्ड और पुष्प माला देकर सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में मंडल रेल प्रबंधक आशीष जैन ने कर्मचारियों की लंबी और उत्कृष्ट सेवाओं की सराहना करते हुए कहा कि भारतीय रेल की प्रगति में कर्मचारियों का समर्पण और ईमानदारी अहम भूमिका निभाती है। उन्होंने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को अपनी धनराशि के सुरक्षित निवेश और साइबर अपराधों से सावधान रहने की सलाह दी, साथ ही समाज और परिवार के लिए समय देने का आग्रह किया। कार्यक्रम की खास बात यह रही कि सेवानिवृत्ति के दिन ही चार रिक्त पदों पर पदोन्नति भी दी गई। इनमें बकुल्हां में स्टेशन अधीक्षक पद पर वीरेंद्र कुमार, छपरा में कारपेंटर पद पर आर.के. विश्वकर्मा, वरिष्ठ तकनीशियन पद पर संतोष कुमार और भाटपार रानी में ट्रैक मैन पद पर अरविंद कुमार को पदोन्नत किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गईं और उनकी सेवाओं के लिए आभार व्यक्त किया गया।

## महिला आरक्षण पर भाजपा की नीति और नीयत दोनों गड़बड़ : डॉ पल्लवी पटेल

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा में गुरुवार को आयोजित एक दिवसीय विशेष सत्र में महिला आरक्षण पर अपना दल (कमेरावादी) पार्टी की नेता एवं सिराथू से विधायक डॉ. पल्लवी पटेल ने कहा कि महिला आरक्षण पर चर्चा करने से पहले हमें यह समझना होगा कि महिलाओं और खासकर वंचित समुदाय से आने वाली महिलाओं के प्रति भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार की नीति और नीयत दोनों ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि सत्य बात तो यह है कि भाजपा सरकार महिलाओं को कोई भी आरक्षण देना ही नहीं चाहती है, इसलिए इसे परिसीमन और जनगणना जैसे प्रश्नों के साथ जोड़कर लंबित कर रही हैं। यदि उनकी नीयत सही होती तो यह भाजपा सरकार 2023 के पारित विधेयक के अग्रिम कार्यवाहियों को आगे बढ़ाती, हम सबने देखा कि इतना समय बीत जाने के बाद भी कोई नोटिफिकेशन गजट नहीं किया गया। आज देश के साथ ही उत्तर प्रदेश की महिलाएं वर्तमान भाजपा सरकार से पूछ रही हैं कि वर्ष 2023 में पारित होने के बाद भी महिला आरक्षण को लागू करने के संदर्भ में पहल क्यों नहीं की गई ?

# आरएलबी स्कूल में मेधावियों का जलवा, आईसीएसई आईएससी परिणाम में छात्रों ने लहराया परचम



लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। गुरुवार दोपहर आईसीएसई और आईएससी परीक्षा परिणाम घोषित होते ही मेधावी छात्रों के चेहरे खुशी से खिल उठे। छात्र-छात्राओं ने एक-दूसरे को गले लगाकर और मुंह मीठा कर अपनी सफलता का जश्न मनाया। विकास नगर सेक्टर-6 स्थित रानी लक्ष्मीबाई मेमोरियल स्कूल के विद्यार्थियों ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। आईसीएसई हाईस्कूल में आरूषी ने 98 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। दिव्यांश वर्मा 96.6 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरे, अर्पित सिंह 95.80 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। ओम यादव, स्नूज पुष्कर और शिखर पाण्डेय ने 95.60 प्रतिशत अंक हासिल कर संयुक्त रूप से चौथा स्थान पाया। आयुषी सिंह 95.40 प्रतिशत अंकों के साथ पांचवें स्थान पर रहीं। समर श्रीवास्तव और वैष्णवी मिश्रा ने 94.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर छठा स्थान हासिल किया। मोहम्मद शाहिद सिद्दीकी और सारा अताउल्लाह 94.20 प्रतिशत अंकों के साथ सातवें स्थान पर रहे। आदर्श कुमार ने 93.80 प्रतिशत अंक पाकर आठवां स्थान हासिल किया। वत्सल राय और कृष्णा अग्निहोत्री 93.60 प्रतिशत अंकों के साथ नौवें तथा अग्रिम रस्तोगी और काव्यांश चौरसिया 93.20 प्रतिशत अंकों के साथ दसवें स्थान पर रहे। वहीं आईएससी इंटरमीडिएट में प्रथम गुप्ता ने 97.75 प्रतिशत अंक हासिल कर टॉप किया। वैभव कश्यप 92 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहे। रुद्र प्रताप परिहार और रुद्राक्ष श्रीवास्तव ने 91.75 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से तीसरा स्थान हासिल किया। आदित्य कुमार शर्मा ने 90.5 प्रतिशत अंकों के साथ चौथा स्थान प्राप्त किया। विद्यालय प्रशासन के अनुसार आईसीएसई हाईस्कूल में 25 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए, जबकि आईएससी इंटरमीडिएट में 5 छात्रों ने 90 प्रतिशत से ऊपर अंक हासिल कर विद्यालय का मान बढ़ाया। इस अवसर पर संस्थापक जयपाल सिंह, डायरेक्टर निर्मल टंडन, प्रिंसिपल रुचिता श्रीवास्तव और शिक्षकों ने मेधावियों को माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर बधाई दी।

# भारत को दुनिया का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाना है : नरेन्द्र ठाकुर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। हिन्दू समाज में जाति, भाषा, प्रान्त आदि के आधार पर भेदभाव समाप्त होना चाहिये। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ व्यक्ति निर्माण से राष्ट्रनिर्माण के कार्य में लगा है। इसके लिए 32 से अधिक संगठन समाज के विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रहे हैं। यह बातें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय सह प्रचार प्रमुख नरेन्द्र ठाकुर ने गुरुवार को नारद जयन्ती के उपलक्ष्य में आयोजित मीडिया संवाद कार्यक्रम में कहीं।

उन्होंने कहा कि आरएसएस की 100 वर्ष की यात्रा सामान्य यात्रा नहीं है। हमारे कार्यकर्ताओं ने अनेक उतार-चढ़ाव देखे हैं। संघ विश्व में भारत माता की जय जयकार के लिये कार्य करता है। भारत को दुनिया का सर्वश्रेष्ठ राष्ट्र बनाना संघ का उद्देश्य है। प्रथम सरसंघचालक डॉ. हेडगेवार जी को याद करते हुए उन्होंने कहा कि संघ व्यक्तिनिष्ठ नहीं, तत्वनिष्ठ बनने में विश्वास करता है। इसीलिये हमने किसी व्यक्ति को नहीं बल्कि परम पवित्र भगवा ध्वज को गुरु माना। उन्होंने कहा कि संघ की 85000 से अधिक दैनिक शाखाएँ और 32000 से अधिक साप्ताहिक मिलन चल रहे हैं। वनवासी क्षेत्रों से लेकर नगरों तक अनगिनत सामाजिक कार्य स्वयंसेवक चला रहे हैं। श्री ठाकुर ने संघ के भविष्य की कार्य योजना पर चर्चा करते हुए कहा कि पंच परिवर्तन का कार्य समाज में चल रहा है। सामाजिक समरसता के माध्यम से हम हिन्दू समाज के बीच हर प्रकार का भेदभाव मिटाना चाहते हैं। शताब्दी वर्ष में हिन्दू सम्मेलनों में समाज के सभी वर्ग एक साथ आये और सहयोग किया। कुटुम्ब प्रबोधन के जरिये संघ चाहता है कि पारिवारिक व्यवस्था ठीक रहे तो समाज भी ठीक रहेगा। पर्यावरण संरक्षण भी समाज का प्रमुख कर्तव्य होना चाहिये। साथ ही स्व के आधार पर समाज का जीवन चलना चाहिये। भाषा, वेशभूषा में भी स्व का प्रभाव होना चाहिये। इसी प्रकार सभी को नागरिक कर्तव्यों का बोध होना चाहिये। हर व्यक्ति देश, समाज के प्रति अपने कर्तव्य को समझे। यूजीसी दिशा निर्देशों को लेकर किये गये एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि यह मामला सर्वोच्च न्यायालय के विचाराधीन है। इसलिए संघ इस विषय पर अपना कोई मत व्यक्त नहीं करना चाहता, फिर भी हमारा मानना है कि समाज में सद्भाव बना रहना चाहिए। हमें आपस में नहीं उलझना है। कार्यक्रम में अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य कृपाशंकर, पूर्वी उत्तर प्रदेश के क्षेत्र प्रचार प्रमुख सुभाष, सह क्षेत्र प्रचार प्रमुख एवं राष्ट्रधर्म के निदेशक मनोजकांत, प्रान्त प्रचारक कौशल, प्रान्त संघचालक सरदार स्वर्ण सिंह , विश्व संवाद केन्द्र के प्रमुख डॉ. उमेश, विश्व संवाद केन्द्र न्यास के उपाध्यक्ष अशोक सिन्हा , प्रान्त के विशेष सम्पर्क प्रमुख प्रशान्त भाटिया सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ पत्रकार एवं गणमान्य जन उपस्थित थे।

# मेधावियों का भव्य सम्मान



कैनविज टाइम्स संवाददाता

निगोहां, लखनऊ। गुरुवार को क्षेत्र के रघुनाथ खेड़ा (नारायणपुरी) स्थित एस.बी.एन. इंटर कॉलेज में यूपी बोर्ड 2026 के मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह पूरे उत्साह और गौरव के साथ आयोजित हुआ।

हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के टॉपर्स को मंच पर मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया, जिससे परिसर तालियों की गूंज से गूंज उठा। मुख्य अतिथि एसडीएम पवन पटेल ने मेधावियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि कड़ी मेहनत, अनुशासन और बड़ा लक्ष्य ही सफलता की असली कुंजी है। उन्होंने छात्रों को आईएएस, पीसीएस, डॉक्टर और इंजीनियर बनकर देश सेवा के लिए प्रेरित किया। कॉलेज प्रबंधक अमरेंद्र यादव ने ग्रामीण पृष्ठभूमि के छात्रों की उपलब्धि को सराहनीय बताते हुए शिक्षकों के योगदान की प्रशंसा की। छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, गुरुजनों और विद्यालय के अनुशासित वातावरण को दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावक, शिक्षक व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे, जिससे समारोह का माहौल जोश, गर्व और प्रेरणा से भर गया।

# आईसीएसई-आईएससी में एसकेडी एकेडमी के छात्रों का जलवा, सुहानी-सूर्यांश ने मारी बाजी




लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। आईसीएसई और आईएससी परीक्षा परिणाम में एसकेडी एकेडमी के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का मान बढ़ाया है। मेधावियों की सफलता से विद्यालय में खुशी की लहर दौड़ गई। आईएससी परीक्षा में सुहानी साख्या ने 98.25 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में पहला स्थान हासिल किया। साथ ही उन्होंने ऑल इंडिया में सातवीं रैंक प्राप्त की और जेईई एडवांस्ड के लिए भी क्वालीफाई किया।

वहीं निष्कर्ष त्रिपाठी ने 98 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में दूसरा स्थान प्राप्त करते हुए ऑल इंडिया में आठवीं रैंक हासिल की। आईसीएसई परीक्षा में सूर्यांश अवस्थी ने 99.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में शीर्ष स्थान प्राप्त किया और ऑल इंडिया में चौथी रैंक हासिल की। दीपांजलि दीक्षित ने 97.4 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में दूसरा स्थान प्राप्त किया। छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय ईश्वर, माता-पिता, शिक्षकों और विद्यालय प्रबंधन को दिया। उन्होंने बताया कि शिक्षकों द्वारा दिए गए नोट्स, असाइनमेंट्स और टेस्ट सीरीज उनकी तैयारी में बेहद उपयोगी साबित हुए। इस अवसर पर एसकेडी ग्रुप ऑफ एजुकेशन के निदेशक मनीष सिंह ने छात्रों और शिक्षकों को बधाई दी। वहीं प्रबंधन अध्यक्ष एसकेडी सिंह, उप-निदेशिका निशा सिंह, सहायक निदेशिका (शैक्षणिक) कुसुम बत्रा और प्रधानाचार्या अंजू सिंह ने मेधावियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि इन प्रतिभाशाली छात्रों को जुलाई में आयोजित विशेष समारोह में सम्मानित किया जाएगा।

## मान्या सिंह ने किया श्रेष्ठ प्रदर्शन



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** आईसीएसई बोर्ड का परीक्षा परिणाम गुरुवार को जारी किया गया। इसमें लखनऊ की मान्या ने माता-पिता का गौरव बढ़ाया। मान्या ने इंटरमीडिएट की परीक्षा में 94 प्रतिशत अंकों के साथ शानदार प्रदर्शन किया। लखनऊ के लोरेटो कॉन्वेंट इंटरमीडिएट कॉलेज की छात्रा मान्या सिंह ने साइंस में 94 फीसदी नंबर प्राप्त किए। मान्या पढ़ाई के साथ-साथ लॉन टेनिस में प्रदेश स्तरीय स्कूली प्रतियोगिता में भी पुरस्कार प्राप्त कर चुकी हैं। मान्या ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता एवं परिवारजनों को दिया है। मान्या के पिता लखनऊ के प्रसिद्ध उद्यमी , समाजसेवी एवं तथा राष्ट्रीय हिंदी दैनिक के संपादक भी हैं एवं माता सीमा सिंह गृहणी है ।

## अभिभावकों ने केंद्रीय विद्यालयों पर मनमानी का लगाया आरोप

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** राजधानी लखनऊ में केंद्रीय विद्यालय संगठन के अंतर्गत संचालित विभिन्न केंद्रीय विद्यालयों में आरटीई (शिक्षा का अधिकार) के तहत कमजोर एवं आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग के बच्चों के प्रवेश को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। अभिभावकों ने आरोप लगाया है कि विद्यालय प्रशासन द्वारा नियमों की अनदेखी करते हुए मनमाने तरीके से प्रवेश प्रक्रिया संचालित की जा रही है, जिससे पात्र बच्चों का भविष्य अधर में लटक गया है।पीड़ित अभिभावकों का कहना है कि ऑनलाइन प्रक्रिया पूरी करने और चयन सूची में नाम आने के बावजूद भी बच्चों को प्रवेश नहीं दिया जा रहा है। आरोप है कि स्कूल प्रशासन दबंगई के साथ अभिभावकों पर दबाव बनाता है और अपने बनाए नियमों को थोपते हुए उन्हें बार-बार विद्यालय के चक्कर लगाने को मजबूर कर रहा है।अभिभावकों ने यह भी आरोप लगाया कि आरटीई जैसे महत्वपूर्ण कानून का पालन करने के बजाय विद्यालय प्रशासन अपनी मनमानी पर उतारू है, जिससे गरीब और असहाय परिवारों के बच्चों के शिक्षा के अधिकार का हनन हो रहा है। कई अभिभावकों ने बताया कि उन्होंने संबंधित अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और उच्च स्तर तक अपनी शिकायतें पहुंचाई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।इस पूरे प्रकरण से नाराज़ अभिभावकों में रोष व्याप्त है। उनका कहना है कि यदि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। अभिभावकों ने सरकार और शिक्षा विभाग से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए और पात्र बच्चों को तत्काल प्रवेश दिलाया जाए।

# डिप्टी सीएमओ ने कहा पैसा देते क्यों हो!

## राकिम संगठन का धरना रहेगा जारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। किसी कर्मचारी को पैसा देते क्यों हो ? यह बात डिप्टी सीएमओ अतुल कुमार सिंह ने गोसाईगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र परिसर में राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन की ओर से चलाए जा रहे धरने के बीच में उस समय कही जब दो महिलाओं की ओर से अस्पताल में रिश्वत लिए जाने की बात कही गई। डिप्टी सीएमओ की यही बात धरनार्थियों को पसंद नहीं है और उनका आक्रोश बाहर आ गया। मौके पर मौजूद पुलिस कर्मियों की वजह से स्थिति नियंत्रण में बनी रही।

धरना दे रहे रा0कि0म0 संगठन के पदाधिकारियों के अनुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए जाने वाले बीमारों और उनके तिमारदारों से सिर्फ धन उगाही का काम किया जाता है। इस बात की शिकायतें हर तरफ से सामने आने लगी है। इसी बात की शिकायत संगठन के नेताओं राम सिंह और हरिपाल सिंह की को ओर से मुख्य चिकित्सा अधिकारी से की गई थी। शिकायत पत्र में समस्या पर विचार न किए जाने की स्थिति में 30 अप्रैल से अस्पताल परिसर में धरना प्रदर्शन किए जाने की बात कही गई थी। आज सुबह से धरने का कार्यक्रम शुरू किया गया। आयोजन में स्थानीय पुलिस के लोगो को अलावा स्वास्थ्य विभाग के डिप्टी सीएमओ कार्यक्रम में पहुंचे। दोनों पक्षों के मध्य बात चीत शुरू हुई। तभी दो शिकायत कत्री महिलाओं

गोसाईगंज की निवासी आरती की ओर से 200 रुपए और नरौरा गांव की सुशील की ओर से 6000 हजार रुपए रिश्वत में मागे जाने का आरोप लगाया गया। यही बात डिप्टी सीएमओ को नागवार गुजरी । वे धरना देने वाले के साथ लड़ाई करने पर उतर आए। उन्होंने अपने अधीनस्थों का बचाव करते हुए कहा कि मरीज डॉक्टर या अन्य किसी कर्मचारी लो पैसा देते ही क्यों है? डिप्टी सीएमओ की इसी बात पर संगठन के नेता हरिपाल सिंह सीधे तौर पर कहा कि यह तो उल्टा चोर कोतवाल का डांटने जैसा हो गया। भाकियू नेता ने कहा कि वे डरने वाले नहीं हैं। उन्होंने कहा कि महात्मा टिकैत ने उन्हें संगठन के रूप में चलवार दे दी है। लड़ाई में जो भी सामने आएगा वह कटेगा। इस प्रकार संगठन ओर डिप्टी सीएमओ के मध्य ही वार्ता असफल हो गई। धरना चालू है।

# नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले आरोपी गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता




मलिहाबाद/लखनऊ। मलिहाबाद पुलिस नें एक नाबालिग किशोरी के साथ दुष्कर्म करने और उसे जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार मंगलवार 28 अप्रैल को पीड़िता के परिजनों ने मलिहाबाद थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि उनकी 14 वर्षीय नाबालिग बेटी को स्कूल आते-जाते समय गांव का ही एक युवक अजीम 22 वर्ष पुत्र अली हसन निवासी ग्राम खड्सरा अक्सर छेड़ता था और अश्लील हरकतें करता था। आरोप है कि बीती 22 अप्रैल को आरोपी अजीम ने बालिका को बहला-फुसलाकर घर के पीछे झाड़ियों में ले जाकर उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। विरोध करने पर आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। यही नहीं, घटना के बाद आरोपी पीड़िता पर शादी करने का दबाव बना रहा था और मना करने पर दोबारा जान से मारने की धमकी दे रहा था। विवेचना के दौरान यह भी सामने आया कि आरोपी के पक्ष के लोग पीड़िता के परिजनों को अलग-अलग मोबाइल नंबरों से फोन कर सुलह करने के लिए धमका रहे थे। जिसके बाद मलिहाबाद पुलिस ने गंभीर धाराओं मुक़द्दमा दर्ज कर आरोपी युवक की तलाश शुरू कर दी थी। बृहस्पतिवार को आरोपी की सूचना मिलते ही अतिरिक्त निरीक्षक सुरेंद्र प्रसाद मिश्रा और कांस्टेबल धनंजय कुमार ने आरोपी अजीम को बरगदी गांव के पास से गिरफ़्तार करके न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेज दिया है।

## मुलाकात के बहाने बुलाकर युवक पर जानलेवा हमला

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** चिनहट के बीबीडी थाना क्षेत्र में एक युवक पर जानलेवा हमला कर दिया गया। पीड़ित ने कई नामजद आरोपियों सहित 10-12 अज्ञात लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में कार्रवाई किये जाने की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गोण्डा जनपद निवासी राजीव रंजन श्रीवास्तव अपने एक मित्र से मिलने के लिए लखनऊ के तिलसिया विहार कॉलोनी (उद्योगा क्षेत्र, थाना उउक) पहुंचे थे। इसी दौरान उन्होंने मित्र के घर के सामने अपने गांव के परिचित गौरव श्रीवास्तव की गाड़ी खड़ी देखी, जिसके बाद वे उससे मिलने चले गए। आरोप है कि मौके पर गौरव श्रीवास्तव अपने साथियों हर्ष सिंह, शुभम सिंह व अन्य 10-12 लोगों के साथ मौजूद था। सभी लोग नशे की हालत में थे। पीड़ित के अनुसार, वहां पहुंचते ही बिना किसी कारण के गाली-गलौज शुरू कर दी गई और विरोध करने पर सभी ने मिलकर उसे घेर लिया। पीड़ित का आरोप है कि आरोपियों ने उसे बेरहमी से पीटा और किसी भारी व धारदार वस्तु से सिर पर वार कर दिया, जिससे उसका सिर फट गया और अत्यधिक रक्तस्राव होने लगा। इसके अलावा शरीर के अन्य हिस्सों में भी गंभीर चोटें आई हैं। घटना के बाद पीड़ित ने किसी तरह अपनी जान बचाई और पुलिस कंट्रोल रूम डायल 112 को सूचना दी। आरोप है कि घटना के बाद भी आरोपी लगातार फोन कर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं, जिससे पीड़ित व उसका परिवार भयभीत है। पीड़ित की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## रहस्यमयी हालात में युवती की मौत

**निगोहा, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** क्षेत्र के शेरपुर लवल गांव में गुरुवार को 18 वर्षीय युवती द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की गंभीरता से जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, गांव निवासी शालू रावत ने गुरुवार दोपहर करीब डेढ़ बजे अपने घर के अंदर दुपट्टे के सहारे फांसी लगा ली। करीब दो बजे सूचना मिलने पर थाना निगोहा पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू की। थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, लेकिन सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है। पुलिस ने पंचायतनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों के मुताबिक, मृतका पांच बहनों और दो भाइयों में पांचवें स्थान पर थी। चार बहनों की शादी हो चुकी है, जबकि दो छोटे भाई हैं। शुरुआती जांच में यह भी सामने आया है कि घटना से कुछ समय पहले छोटे भाई ने शालू के पास एक कीपैड मोबाइल फोन देखा था, जिसे उसने पिता को दे दिया। इस बात को लेकर शालू नाराज बताई जा रही थी। पुलिस ने उक्त मोबाइल फोन को भी कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है और उससे जुड़े पहलुओं को खंगाला जा रहा है। फिलहाल परिजनों की ओर से किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया गया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# आईसीएसई-आईएससी में एलपीएस के छात्रों का जलवा, शिवम अवस्थी ऑल इंडिया सेकेंड टॉपर



लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। गुरुवार दोपहर आईसीएसई और आईएससी परीक्षा परिणाम घोषित होते ही मेधावी छात्रों के चेहरे खुशी से खिल उठे। छात्र-छात्राओं ने एक-दूसरे को गले लगाकर और मुंह मीठा कर अपनी सफलता का जश्न मनाया। लखनऊ पब्लिक स्कूल्स एंड कॉलेजेज के 832 विद्यार्थी आईसीएसई और 762 विद्यार्थी आईएससी परीक्षा में सम्मिलित हुए। आईसीएसई परीक्षा में राजाजीपुरम ए ब्लॉक स्थित एलपीसी शाखा के शिवम अवस्थी ने 99.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में टॉप किया और ऑल इंडिया में दूसरा स्थान हासिल किया। सहारा स्टेट्स शाखा के शावीर प्रकाश श्रीवास्तव ने 99 प्रतिशत, आदर्श चन्द्रा ने 98.60 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वहीं राजाजीपुरम ए ब्लॉक के अंश यादव तथा एलपीसी सहारा स्टेट्स जानकीपुरम की तनीशा मिश्र व अल्याह शाहिद होदा ने 98.40 प्रतिशत अंक हासिल किए। दिवांक यादव, वैभवी दीक्षित और ईशानी सिंह ने 98 प्रतिशत अंक पाकर संस्था का नाम रोशन किया। आईएससी परीक्षा में एलपीसी ए ब्लॉक राजाजीपुरम की समृद्धि द्विवेदी और इकरा आलम ने 99.25 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। जूही चौधरी ने 99 प्रतिशत, बतूल जेहरा खान ने 98.75 प्रतिशत, आर्यन दुबे ने 98.50 प्रतिशत और अचिन्त्य शुक्ल ने 98.25 प्रतिशत अंक हासिल किए। एलपीसी सहारा स्टेट्स की कृतिका बिष्ट और अंश वर्मा ने 98.25 प्रतिशत, नमन वर्मा और प्राची गुप्ता ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संस्था को गौरवान्वित किया। इस अवसर पर संस्था के संस्थापक चेयरमैन एवं सांसद डॉ. एस.पी. सिंह, महाप्रबंधक हर्षित सिंह और शिखरपाल सिंह ने सभी सफल छात्रों, शिक्षकों, प्रधानाचार्यों और अभिभावकों को बधाई दी। डॉ. सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों को भविष्य की हर चुनौती के लिए तैयार रहना होगा, क्योंकि आने वाला समय निरंतर परीक्षाओं से भरा है।

# आईएससी में 99.75% अंकों के साथ चार छात्र टॉपर

- 62 ने 99 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर रचा इतिहास
- राष्ट्रीय स्तर पर उच्च स्थान पाने वाले 19 छात्रों को एक-एक लाख रुपये व 43 छात्रों को 21-21 हजार रुपए के नगद पुरस्कार से सम्मानित करेगा सीएमएस
- सम्मान समारोह में कुल 62 छात्रों को 28 लाख रुपये की पुरस्कार राशि से नवाजा जाएगा



लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। सिटी मोन्टेसरी स्कूल (सीएमएस) के मेधावी छात्रों ने इस वर्ष भी आईएससी व आईसीएसई बोर्ड परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का मान बढ़ाया है। आईएससी परीक्षा में चार छात्रों–ओशीन अग्रवाल, संस्कृति चंदेल, जैनब फातिमा और छवि मिश्रा–ने 99.75 प्रतिशत अंक अर्जित कर कीर्तिमान स्थापित किया है।

वहीं आईसीएसई (कक्षा-10) परीक्षा में वैवस्वत नारायण दुबे ने 99.80 प्रतिशत अंक हासिल कर शीर्ष स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा जहरा फातिमा व अनय अग्रवाल ने 99.60 प्रतिशत तथा अफशान अहमद, दिव्यांश कुशवाहा और फरहीन खान ने 99.40 प्रतिशत अंक अर्जित कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस वर्ष सीएमएस के कुल 62 छात्रों ने 99 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर नया इतिहास रचा है, जिनमें आईएससी के 42 और आईसीएसई के 20 छात्र शामिल हैं। विद्यालय के कुल 7030 छात्रों ने परीक्षा में भाग लिया, जिनमें से 3709 (52.8 प्रतिशत) ने 90 प्रतिशत से अधिक और 1441 (20.5 प्रतिशत) छात्रों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए। खास बात यह रही कि 1013 छात्रों ने एक या अधिक विषयों में शत-प्रतिशत अंक प्राप्त किए। सीएमएस की संस्थापिका-निदेशिका डॉ. भारती गांधी ने छात्रों की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे छात्रों की मेहनत, शिक्षकों की प्रतिबद्धता और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम बताया।

वहीं हेड, कम्युनिकेशन्स ऋषि खन्ना ने बताया कि 2 मई को गोमती नगर एक्सटेंशन कैम्पस में आयोजित 'सम्मान समारोह' में 3709 मेधावी छात्रों को सम्मानित किया जाएगा। इस दौरान राष्ट्रीय स्तर पर उच्च स्थान पाने वाले 19 छात्रों को एक-एक लाख रुपये और 99 प्रतिशत से अधिक अंक पाने वाले 43 छात्रों को 21-21 हजार रुपये का नगद पुरस्कार दिया जाएगा। कुल 62 छात्रों को 28 लाख रुपये की पुरस्कार राशि से नवाजा जाएगा। कार्यक्रम से पहले 2 मई की सुबह 7:45 बजे टॉपर छात्रों द्वारा 'विक्ट्री मार्च' निकाला जाएगा, जो मकदूमपुर पुलिस स्टेशन से शुरू होकर सीएमएस गोमती नगर एक्सटेंशन कैम्पस तक जाएगा।

## माता पिता के साथ गांव का नाम किया रोशन

**लखनऊ , कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सुशान्त गोल्फ सिटी के सरसवां गांव में रहने वाले अनिल सिंह के बेटे ने आईएससी अर्णव सिंह ने हाई स्कूल की परीक्षा में 97 % हासिल कर अपने माता पिता के साथ गांव का नाम रोशन किया। अर्णव ने बताया कि वह सीएमएस गोमतीनगर में पढ़ता हूँ। माता पिता के आशीर्वाद से 97 % अंक हासिल कर पाया हूँ। पिता अनिल के बताया कि बेटे की मेहनत से मेरा सीना गर्व से चौड़ा हो गया। जिसने मेरे साथ गांव का नाम रोशन किया।

## त्रिवेणी नगर में श्रीमद् भागवत कथा का भव्य शुभारंभ

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** त्रिवेणी नगर स्थित रुक्मणी भवन में गुरुवार से श्रीमद् भागवत कथा का भव्य शुभारंभ हुआ। इस पावन अवसर पर प्रातःकाल भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बैंड-बाजों के साथ निकली इस शोभायात्रा में मुख्य यजमान अनिल कुमार अग्रवाल रहे, जो सिर पर श्रीमद् भागवत की पोथी धारण कर श्रद्धालुओं के साथ भक्ति भाव से सम्मिलित हुए। महिलाओं एवं पुरुषों ने नृत्य करते हुए पूरे क्षेत्र को भक्तिमय बना दिया। वहीं सायं 04 बजे से कथा का शुभारंभ हुआ, जिसमें वृंदावन से पधारे राष्ट्रीय संत श्रद्धेय श्री गौरदास जी महाराज ने अपने श्रीमुख से कथा का वाचन प्रारंभ किया। कथा के प्रथम दिन महाराज ने श्रीमद् भागवत महापुराण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह ग्रंथ मानव जीवन को धर्म, भक्ति और सदाचार की ओर प्रेरित करता है।

# खैराबाद में नजूल भूमि पर कब्जों का खेल, कुछ सभासदों पर गंभीर आरोप, रास्ते बंद होने से ग्रामीण परेशान



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। सीतापुर के खैराबाद नगर पालिक क्षेत्र में नजूल भूमि, तालाब, खलियान और सार्वजनिक रास्तों पर अवैध कब्जों को लेकर बड़ा विवाद सामने आया है। अलग-अलग वार्डों के सभासदों और उनके करीबियों पर सरकारी जमीनों पर कब्जा कर आलीशान मकान, गोदाम और प्लाटिंग करने के गंभीर आरोप लगे हैं। स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है और प्रशासन पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाया जा रहा है। वार्ड माखुपुर निवासी लोगों का आरोप है कि सभासद विष्णु ने ग्राम उसौली में खलियान की जमीन पर कब्जा कर रखा है। वहीं ग्राम पाठकपुर में नवीन परती और बाग की जमीन पर भी अवैध कब्जा कर लोगों के आने-जाने का रास्ता बंद कर दिया गया। नगर वासियों का कहना है कि वर्षों से इस्तेमाल हो रहे रास्ते पर जेसीबी चलवाकर मेड चढ़ा दी गई, जिससे खेतों तक पहुंचना मुश्किल हो गया है। इतना ही नहीं, तालाब की जमीन पर भी आलीशान मकान खड़ा होने का आरोप लगाया गया है। स्थानीय निवासी आदर्श कुमार ने आरोप लगाया कि सभासद विष्णु के विरोध में बोलने पर जान से मारने की धमकी दी जाती है। वहीं कीर्ति सागर ने भी गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि ह्लपावर और राजनीतिक दबदबे के चलते कोई कार्रवाई नहीं हो रही। सार्वजनिक रास्ते बंद कर दिए गए हैं और कई जगह सरकारी भूमि पर कब्जा किया गया है। इधर हटोरा वार्ड में भी सभासद प्रतिनिधि रिजवान पर बाल्मीकि मंदिर की जमीन और रास्ते पर कब्जा कर ह्लएस एस इंटर प्राइजेजङ्क के नाम से बड़ा गोदाम बनाने का आरोप लगा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि रास्ते तक पर टीन शेड डालकर कब्जा कर लिया गया है। नगरवासियों ने यह भी आरोप लगाया कि करीब 20 बीघा नजूल भूमि पर कब्जा किया गया, जबकि पूर्व सभासद रहे रिश्तेदारों के संरक्षण में लगभग 50 बीघा सरकारी जमीन की प्लाटिंग कर बेच दी गई। वहीं कस्बाती टोला में भी सभासद परिवार पर कब्रिस्तान और नजूल भूमि पर अवैध निर्माण कराने के आरोप लगे हैं। लोगों का कहना है कि हीरा पब्लिक स्कूल के आगे और पीछे सरकारी जमीन पर दुकानों का निर्माण कर उन्हें किराए पर देकर मोटी रकम वसूली जा रही है। वही इतना ही नहीं वार्ड मियां सराय में सभासद जफर यानब बेग के द्वारा बड़ी नजूल भूमि की जमीन पर मकान व कई दुकाने बना ली गई है।नगर पालिका क्षेत्र में लगातार सामने आ रहे इन आरोपों से लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो सरकारी जमीनों का अस्तित्व ही खत्म हो जाएगा।

### क्या बोले खैराबाद चेयरमैन प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता बबलू

इस मामले में नगर पालिक चेयरमैन प्रतिनिधि से बात हुई तो उनके द्वारा बताया गया कि जो छह सात सभासद आए दिन जो ड्रामा बना रहे है। उसका मुख्य कारण नजूल की जमीन पर अवैध कब्जा है। इन सभासदों व इनके रिश्तेदारों के द्वारा पूर्व के कार्यकालो में सैकड़ों बीघा नजूल भूमि को बेच कर वोट बैंक की राजनीति के लिए बाहरी लोगों को लाकर बसा दिया गया है। हमारे कार्यकाल में लगभग 300 करोड़ की नजूल भूमि प्रशासन के सहयोग से खाली कराई जा चुकी है। आगे भी नजूल भूमि पर कार्यवाही होने के डर से ध्यान भटकाने के लिए इस तरह आए दिन हरकते करते है। हमारे कार्यकाल में खैराबाद का विकास किसी से छुपा नहीं है। इनके शार्टिफिकेट की हमे जरूरत नहीं है। नजूल भूमि पर कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

### क्या बोले ईओ नगर पालिका प्रेम शंकर गुप्ता

इस पूरे मामले में जब खैराबाद ईओ प्रेम शंकर गुप्ता से बात की गई तो उन्होंने बताया कि शिकायतों की जांच कराई जा चुकी है और जल्द ही आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# अधिवक्ताओं ने कार्य करने पर दिया जोर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मिश्रिख । मिशरिख लॉयर्स एसोसिएशन की आवश्यक बैठक अध्यक्ष बृजलाल चौधरी की अध्यक्षता में आहूत की गई

बैठक में उपस्थित अधिवक्ताओं ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा फैजाबाद बार एसोसिएशन बनाम उत्तर प्रदेश बार काउंसिल आदि में पारित निर्देशों का सभी सदस्य अधिवक्ता पूर्णतया अनुपालन करेंगे तथा न्यायिक कार्य में पूर्ण सहयोग और प्रतिभाग करेंगे ताकि वादकारियों को समय पर न्याय सुलभ हो सके संगठन के सदस्यों ने उपजिलाधिकारी मिश्रित से मिलकर कार्यकरण का प्रस्ताव दिया अधिवक्तागण सौरभ सक्सेना,नरेंद्र प्रताप जी,अकरम खान,गौरव वाजपई,ठाकुर प्रसाद,प्रेम प्रकाश राजवंशी,रजनीश कुमार,जलालुद्दीन,अमीर अहमद,सुरेंद्र मोहन, सत्यप्रकाश,अजय पांडेय,विमलेंद्र त्रिपाठी,आनंद यादव,इमरान अहमद, अभिषेक विमल,पुष्पेंद्र गुप्ता,सुनील प्रताप सिंह, आदि उपस्थित रहे ।



### अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्य में सहयोग का लिया संकल्प

मिश्रिख (सीतापुर)। मिश्रिख लॉयर्स एसोसिएशन की एक आवश्यक बैठक अध्यक्ष बृजलाल चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित अधिवक्ताओं ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा फैजाबाद बार एसोसिएशन बनाम उत्तर प्रदेश बार काउंसिल प्रकरण में पारित निर्देशों का सभी सदस्य पूर्ण रूप से पालन करेंगे। अधिवक्ताओं ने यह भी संकल्प लिया कि वे न्यायिक कार्य में पूर्ण सहयोग एवं सक्रिय भागीदारी करेंगे, जिससे वादकारियों को समय पर न्याय मिल सके। इसके साथ ही संगठन के सदस्यों ने उपजिलाधिकारी मिश्रिख से मुलाकात कर न्यायिक कार्य सुचारु रूप से संचालित करने का प्रस्ताव भी प्रस्तुत किया। बैठक में अधिवक्ता सौरभ सक्सेना, नरेंद्र प्रताप, अकरम खान, गौरव वाजपेयी, ठाकुर प्रसाद, प्रेम प्रकाश राजवंशी, रजनीश कुमार, जलालुद्दीन, अमीर अहमद, सुरेंद्र मोहन, सत्यप्रकाश, अजय पांडेय, विमलेंद्र त्रिपाठी, आनंद यादव, इमरान अहमद, अभिषेक विमल, पुष्पेंद्र गुप्ता, सुनील प्रताप सिंह सहित अन्य अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# डीएम–एसपी ने किया जिला कारागार का औचक निरीक्षण, दिए निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



### बंदियों से बात कर लिया सुविधाओं का फीडबैक, परखी खाने की गुणवत्ता

### बंद दरवाज़ों के भीतर, व्यवस्था की खुली पड़ताल

लखीमपुर खीरी । कारागार प्रशासन द्वारा बन्दियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, कारागार की साफ-सफाई तथा अन्य व्यवस्थाओं का जायज़ा लेने के लिए गुरुवार को डीएम अंजनी कुमार सिंह व एसपी डॉ ख्याति गर्ग ने संयुक्त रुप से जिला कारागार का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की पड़ताल की। डीएम-एसपी ने बंदी ग्रह में जाकर बंदियों का हालचाल जाना एवं खाने-पीने के बारे में जानकारी प्राप्त की। साथ ही जेल प्रशासन को जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न बैरिकों में जाकर बंदियों से मूलभूत सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं की जानकारी ली। कारागार में साफ-सफाई व्यवस्था मिलने पर संतोष व्यक्त किया। निर्देश दिए कि इसी प्रकार प्रतिदिन जेल में साफ-सफाई बनाए रखी जाए। बंदियों से बात कर सुविधाओं का फीडबैक लिया।

डीएम-एसपी ने सभी बैरकों व बंदियों का गहन निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान बैरकों में किसी प्रकार की आपत्तिजनक वस्तु प्राप्त नहीं हुई। डीएम-एसपी ने जेल अधीक्षक को निर्देशित किया कि नियमित रूप से कारागार का निरीक्षण करते रहें। संवेदनशील बंदियों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए। समय-समय पर कारागार मे निरुद्ध बंदियों की गतिविधियों के संबंध में जानकारी देते रहें।

डीएम-एसपी ने जेल के बैरक, पाकशाला, अस्पताल, आदि का निरीक्षण किया। बंदियों से वार्ता कर स्थिति का जायजा लिया। उनकी समस्याओं की जानकारी लेकर उनके निस्तारण के लिए जेल अधिकारियों को निर्देश दिया। उन्होंने सीसीटीवी कंट्रोल कक्ष का अवलोकन किया। उन्होंने एक-एक कैमरे के जरिए पूरे परिसर की गतिविधियों को देखा। निर्देश दिए कि इस कंट्रोल कक्ष के माध्यम से भी सतत निगरानी की जाए। इसके बाद गौशाला का भी निरीक्षण किया। इस दौरान कारागार अधीक्षक पीडी सलोनिया, जेलर देवकांत वर्मा, भोजराज सिंह, प्रतिभा सिंह सेंगर मौजूद रहे।

# बैठक को हल्के में लेना पड़ा भारी, 11 अफसरों का डीएम अंजनी कुमार सिंह ने रोका वेतन

### 3 दिन में मांगा स्पष्टीकरण, लापरवाही पर सख्त चेतावनी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी । सरकारी बैठकों को गंभीरता से न लेने वाले अधिकारियों पर डीएम अंजनी कुमार सिंह ने सख्त कार्रवाई की है। 'जिला उद्योग बंधु' की महत्वपूर्ण बैठक से गैरहाजिर रहने वाले 11 जिला स्तरीय अधिकारियों और कार्मिकों का वेतन तत्काल प्रभाव से रोकते हुए उनसे स्पष्टीकरण तलब किया गया है। डीएम की इस कार्रवाई से प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया है। बीती 28 अप्रैल 2026 को जिला उद्योग बंधु, एमओयू कार्यान्वयन और मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की समीक्षा बैठक बुलाई गई थी। इस महत्वपूर्ण बैठक में जब डीएम सभागार पहुंचे, तो कई जिम्मेदार अफसरों की कुर्सियां खाली मिलीं। उद्यमियों की समस्याओं पर सार्थक चर्चा न हो पाने और अधिकारियों की इस गैर-जिम्मेदाराना कार्यशैली पर डीएम ने गहरी नाराजगी जताई। डीएम ने अपने आदेश में स्पष्ट किया है कि इन अधिकारियों की अनुपस्थिति के कारण महत्वपूर्ण प्रकरणों पर चर्चा नहीं हो सकी, जो कि अक्षम्य है। उन्होंने 'नो वर्क-नो पे' के सिद्धांत का हवाला देते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे तीन कार्य दिवसों के भीतर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें कि उक्त तिथि का उनका वेतन क्यों न काट लिया जाए। डीएम अंजनी कुमार सिंह ने कहा कि शासन स्तर पर इन बैठकों को अत्यंत गंभीरता से लिया जाता है। अधिकारियों की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि अधिकारी ही नदारद रहेंगे, तो उद्यमियों और जनता की समस्याओं का निस्तारण कैसे होगा?'' डीएम ने वरिष्ठ कोषाधिकारी को भी आदेश की प्रति भेजकर निर्देशित किया है कि अगले आदेश तक इन अधिकारियों का संबंधित तिथि का वेतन आहरित न किया जाए।

इन अधिकारियों पर गिरी गाज- डीसी-एनआरएलएम, प्रधानाचार्य, राजकीय पॉलिटेक्निक,? ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर?, अधिशाषी अभियंता, विद्युत वितरण खण्ड-प्रथम (नोडल), ?वरिष्ठ निरीक्षक, विधिक बांट माप विभाग, ?सहायक निदेशक, विद्युत सुरक्षा विभाग, पर्यटन अधिकारी, ?प्रबंधक-आरसेटी, ?उप संभागीय विपणन अधिकारी, परियोजना अधिकारी (डूडा), जिला प्रोबेशन अधिकारी शामिल हैं।

## देवरिया : सड़क हादसे में मोटर साइकिल सवार एक युवक की मौत, दूसरा घायल

देवरिया । उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले के भटनी थाना क्षेत्र में गुरुवार को एक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरे घायल को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। भटनी थानाध्यक्ष मृत्युंजय राय ने बताया कि गोपालपुर गांव अंतर्गत पब्लिक स्कूल के समीप तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। इस दुर्घटना में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तत्काल एंबुलेंस से भटनी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया, जबकि दूसरे की हालत नाजुक देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल देवरिया रेफर किया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि मृतक की पहचान गोपालगंज (बिहार) के नौतन थाना क्षेत्र के ताली विशुनपुर निवासी शशि पटेल (20) पुत्र दरोगा पटेल के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि मृतक शशि पटेल अपने रिश्तेदार अमन पटेल पुत्र लाल साहब पटेल, निवासी चकउरफकीर (भटनी) को छोड़ने आ रहा था, तभी ये हादसा हो गया।

# अन्नदाता के हक पर बिचौलियों का डाका, सिंगाही तिकुनियां में गेहूं खरीद बना लूट का अड्डा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी। जिले के सिंगाही और तिकुनियां क्षेत्र में गेहूं खरीद प्रक्रिया विवादों के घेरे में है। सरकारी दावों के उलट, जमीनी हकीकत यह है कि यहाँ किसानों की गाढ़ी कमाई पर 'भ्रष्टाचार का घुन' लग चुका है। सरकारी केंद्रों की सुस्ती और बिचौलियों की फुर्ती ने मिलकर एक ऐसे 'सिंडिकेट' को जन्म दिया है, जो 'अंगूठा लगवाओ, मुनाफा कमाओ' की तर्ज पर किसानों का आर्थिक शोषण कर रहा है।

?मजबूरी की फसल, मुनाफ़े की 'काट'

?क्षेत्र के गांवों में इन दिनों सरकारी समर्थन मूल्य (ख्रद्दट्ठ) एक मजाक बनकर रह गया है। स्थानीय मंडियों में छाई वीरानी का फायदा उठाकर बिचौलियों ने गांवों के भीतर अपना जाल फैला दिया है। कर्ज के बोझ तले दबा किसान अगली फसल की लागत जुटाने के लिए अपनी उपज को औने-पौने दामों पर बेचने को मजबूर है।




सूत्रों की मानें तो बिचौलिए किसानों से ओने-पौने दाम पर गेहूं खरीद रहे हैं और वही गेहूं कागजों पर सरकारी रेट पर बिका दिखाकर सरकार को चूना लगाया जा रहा है।

भ्रष्टाचार का मॉडलः 'अंगूठा' किसी का, 'जेब' किसी की

तिकुनियां और आसपास के इलाकों में चल रहा यह खेल बेहद शातिर तरीके से अंजाम दिया जा रहा हैः

गुमराह होते किसानः भोले-भाले और कम पढ़े-लिखे किसानों को बरगलाकर उनके अंगूठे निशानी ले लिए जाते हैं।

फर्जीवाड़ाः कागजों में यह दर्ज कर दिया जाता है कि किसान ने अपनी पूरी फसल सरकारी केंद्र पर बेची है।

सीधा मुनाफाः व्यापारी और बिचौलिए इस गेहूं को सरकारी दरों पर ठिकाने लगाकर बीच का मोटा कमीशन डकार रहे हैं।

सवालों के घेरे में जिम्मेदारः आखिर मौन क्यों है विभाग?

सबसे बड़ा सवाल मंडी समिति और जिला विपणन विभाग की कार्यप्रणाली पर खड़ा हो रहा है। नाक के नीचे चल रहे इस संगठित लूट की जानकारी क्या अधिकारियों को नहीं है? स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि बिना प्रशासनिक संरक्षण के इतना बड़ा फर्जीवाड़ा संभव नहीं है। अधिकारियों की यह 'रहस्यमयी चुप्पी' साफ़ संकेत दे रही है कि भ्रष्टाचार की जड़ें बहुत गहरी हैं।

किसानों की आपबीतीः > ''सरकारी केंद्रों पर घंटों इंतजार और नमी के नाम पर होने वाली कटौती से हम तंग आ चुके हैं। इसी का फायदा बिचौलिए उठाते हैं। वे हमारे घर आकर नकद भुगतान तो कर देते हैं, लेकिन रेट सरकारी दाम से आधा होता है। हमें नहीं पता कि हमारे नाम पर बाद में क्या कागजी खेल होता है।''

प्रशासन के सामने साख बचाने की चुनौती

अब गेंद जिला प्रशासन के पाले में है। किसानों ने पुरजोर मांग की है किः

भौतिक सत्यापनः जिन किसानों के नाम पर बड़ी खरीद दिखाई गई है, उनका मौके पर जाकर सत्यापन किया जाए।

सीसीटीवी और लॉग्स की जांचः क्रय केंद्रों पर लगे कैमरों और डेटा एंट्री के समय की कड़ाई से जांच हो।

सिंडिकेट पर प्रहारः व्यापारियों और भ्रष्ट अधिकारियों के गठजोड़ को तोड़कर उन पर एफआईआर दर्ज की जाए।

अगर जिलाधिकारी ने इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप कर 'सर्जिकल स्ट्राइक' नहीं की, तो लखीमपुर खीरी का किसान कर्ज और मुफ़लिसी के दलदल में और गहरा धंस जाएगा। जनता देख रही है कि प्रशासन किसानों के साथ खड़ा होता है या भ्रष्टाचार के इस खेल का मूकदर्शक बना रहता है।

### डीएम व एसपी का जिला कारागार पर औचक निरीक्षण, व्यवस्थाएं दुरुस्त



सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल द्वारा संयुक्त रूप से जिला कारागार सीतापुर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कोई भी आपत्तिजनक वस्तु नही मिली। बंदियों से वार्ता कर उनकी समस्याओं के निराकरण हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक प्रीती यादव एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण भी मौजूद रहे।

### सड़क सुरक्षा पर सख्त DM, चौराहों पर जल्द लगेंगे सिग्नल

सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान सड़क सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर गंभीरता से विचार-विमर्श किया गया तथा अब तक किए गए कार्यों की गहन समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद में सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता के रूप में लेते हुए ठोस एवं प्रभावी कदम उठाए। उन्होंने निर्देश दिए कि चिह्नित स्थलों एवं मुख्य चौराहों पर सड़क सुरक्षा हेतु आवश्यक प्रबंध किए जाए।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि लोक निर्माण विभाग एवं अन्य सभी विभागों के अधिकारी सड़कों की पटरी सुधार हेतु प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करें तथा पटरियों की व्यापक स्तर पर अभियान चलाते हुये साफ-सफाई भी करायी जाये। सड़क के किनारे की झाड़ियों की भी सफाई करायी जाये, जिससे पर्याप्त दृश्यता बनी रहे। उन्होंने कहा कि सभी राष्ट्रीय राज्यमार्गों एवं अन्य प्रमुख मार्गों के किनारे का अतिक्रमण चिन्हित करते हुये नियमानुसार कार्यवाही की जाये। प्रस्तावित चौराहों पर सिग्नल स्थापना संबंधी कार्यों को एक माह के भीतर पूर्ण किये जाने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। एन0एच0ए0आई0 के अधिकारियों को सड़क सुरक्षा के संबंध में प्रभावी कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि जंक्शन सुधार हेतु समुचित कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। जिलाधिकारी ने बेहतर अंतर्विभागीय समन्वय स्थापित करते हुए प्रभावी कार्यवाही के निर्देश भी दिए। उन्होंने पुलिस, लोक निर्माण, विद्युत, परिवहन तथा अन्य विभागों को आपसी सहयोग से कार्य करने को कहा।

जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिए कि डेथ ऑडिट के कार्यों निर्धारित समय अवधि में पूर्ण कराया जाए और सभी विभागों के अधिकारी डेथ ऑडिट के समय उपस्थित रहे। ओवरलोड वाहनों के विरूद्ध नियमानुसार कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग रीमा सोनकर, मिथलेश वर्मा, राघवेन्द्र सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह सहित सड़क सुरक्षा के सदस्य एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### वांछित अभियुक्ता गिरफ्तार

सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनपद में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना मछरेहटा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस टीम ने एक वांछित अभियुक्ता को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। ?

पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी दुर्गेश कुमार सिंह के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी मिश्रिख बृजेश कुमार के नेतृत्व में थाना मछरेहटा पुलिस टीम सक्रिय थी। इसी क्रम में थानाध्यक्ष प्रभात कुमार गुप्ता के निर्देशन में पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 96/2026, धारा 85/80(2) बीएनएस व 3/4 डीपी एक्ट से संबंधित वांछित अभियुक्ता को गिरफ्तार किया। ?

गिरफ्तार अभियुक्ता की पहचान राजेश्वरी पत्नी श्रवण कुमार सिंह निवासी ग्राम घुररिहा, थाना मछरेहटा, जनपद सीतापुर (उम्र करीब 65 वर्ष) के रूप में हुई है। पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए अभियुक्ता को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। गिरफ्तारी टीम में शामिल पुलिसकर्मीः थानाध्यक्ष प्रभात कुमार गुप्ता, उपनिरीक्षक नासिर खान, हेड कांस्टेबल मो. आरिफ एवं महिला कांस्टेबल रुपाली त्यागी।

# गौशाला निरीक्षण में जिलाधिकारी को मिली खामियां, बीडीओ–सचिव नोटिस जारी

फतेहपुर,। उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले में गुरुवार को रारा गौशाला का जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान गौशाला में साफ-सफाई मानक के अनुरूप न पाए जाने पर व गौवंशों को समय से भूसा व हरा चारा उपलब्ध कराने में लापरवाही बरतने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की और खंड विकास अधिकारी व सचिव का स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए।

उन्होंने बीडीओ से गौशाला में गौवंशों की संख्या की जानकारी ली। इस पर बीडीओ ने बताया कि गौशाला में कुल 450 गौवंश हैं, सफाई कर्मचारी और केयरटेकर सहित कुल 13 कर्मचारी गौशाला में कार्यरत हैं।

उन्होंने हरे चारे और नेपियर घास की उपलब्धता की जानकारी ली। इस पर बताया गया कि कुल 14 बीघे में हरे चारे एवं 2 बीघे में नेपियर घास की बुआई की गई है। उन्होंने वेटनरी डॉक्टर से उनके कार्य के बारे में जानकारी ली एवं निर्देशि देते हुए कहा कि पूरी संवेदनशीलता के साथ अपना कार्य करें और समय समय पर टीकाकरण और अन्य कार्य करते रहें। कैमरे ऐसी जगह लगवाएं जहां से पूरी गौशाला का कवरेज भी हो जाए और सुरक्षा के मद्देनजर कैमरे का स्थान सुरक्षित हो।

उन्होंने पंचायत सचिव से गौवंशों को दिए जाने वाले पशुआहार और प्रतिदिन हरे चारे की खपत की जानकारी ली और निर्देश दिया कि यदि सही पशुआहार न मिलने से किसी गौवंश को समस्या हुई तो इसकी जिम्मेदारी पंचायत सचिव की होगी। उन्होंने गौशाला के गौवंश रजिस्टर, हरा चारा रजिस्टर, स्टॉक रजिस्टर,भ्रमण-निरीक्षण रजिस्टर को देखा और गुणात्मक सुधार लाने के निर्देश दिए तथा गौशाला में पर्याप्त मात्रा में बर्मी कंपोस्ट किट बनवाने के लिए निर्देश दिया जिससे ज्यादा से ज्यादा कम्पोस्ट खाद तैयार हो सके।

डीएम ने कहा कि गौवंशों को श्रेणीवार अलग चिन्हित कर लें फिर उनको चारा दें जिससे सबको पर्याप्त मात्रा में चारा मिल सके और सभी पशु स्वस्थ रहें। उन्होंने दान के भूसे को सुरक्षित स्थान पर रखने के लिए निर्देश दिया।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना सहित संबंधित उपस्थित रहे।

### कार्रवाई की मांग को लेकर पीड़ित परिवार ने पुलिस के विरुद्ध किया प्रदर्शन

सिद्धार्थनगर । उत्तर प्रदेश के जनपद सिद्धार्थनगर के लोटन थाना क्षेत्र के ग्राम गदमरहवा निवासी संदीप यादव की जमीनी विवाद में मार पीट होने से इलाज के दौरान मौत हो गई। इस घटना से आक्रोशित परिजनों ने गुरुवार को रास्ता जाम करके पुलिस के विरुद्ध प्रदर्शन किया। अधिकारियों के समझाने पर रास्ता खोला गया। ग्राम गदमरहवा में गत 24 अप्रैल को राम मिलन तथा ग्राम कोल्हुवा निवासी संदीप यादव के बीच जमीनी विवाद को लेकर मार पीट हुई थी। इस दौरान संदीप को गम्भीर चोट लगी और लखनऊ में इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजनों ने गांव के लोगों के साथ मिलकर लोटन चौराहे पर शव रखकर पांच घण्टे तक रास्ता जाम कर दिया। मौके पर सीओ शोहरतगढ़ मयंक द्विवेदी, लोटन, मोहाना और उस्का बाजार थाना की पुलिस पहुंची और ग्रामीणों से बात चीत कर रास्ता खुलवाया। अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार ने बताया कि शव का पीएम कराया जा रहा है। दोषी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई अवश्य की जाएगी।

### डूडा कर्मी और प्रेमिका की हत्या में दो गिरफ्तार

बागपत। बागपत से लापता हुए डूडा कर्मी और आरोपित महिला की सहारनपुर में बेरहमी से हत्या कर दी गई। दोनों के शव अलग-अलग तारीख और स्थान पर सहारनपुर पुलिस को मिले हैं। मृत डूडाकर्मी की पत्नी ने मृतक महिला पर आरोप लगाते हुए बागपत पुलिस से शिकायत की थी। उधर सहारनपुर पुलिस ने डबल मर्डर के आरोप में बागपत से दो लोगों को हिरासत में लिया है और पूछताछ जारी है। बागपत में डूडा विभाग में सिटी मिशन मैनेजर के पद पर तैनात विक्रांत कुमार उम्र 37 वर्ष 16 अप्रैल को रहस्यमय परिस्थिति में अचानक लापता हो गए थे। विक्रांत की पत्नी प्राची ने गुमशुदा की रिपार्ट दर्ज कराते हुए एक महिला राखी कश्यप पर संदेह जताया था और पति की तलाश करने की गुहार लगाई थी। बागपत पुलिस द्वारा डूडाकर्मी की तलाश की गई लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। उधर सहारनपुर में दो अलग-अलग स्थान पर महिला और पुरुष के शव मिले हैं। 17 अप्रैल को बड़गांव थाना क्षेत्र में एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला था, जिसकी पहचान विक्रांत कुमार के रूप में हुई। 27 अप्रैल को मिर्ज़ापुर थाना क्षेत्र के रजापुर नौगांव के जंगल में एक युवती का गला कटा सर बरामद हुआ जिसकी पहचान राखी कश्यप के रूप में हुई।

# पोषण पुनर्वास केन्द्र का डीपीओ द्वारा किया गया औचक निरीक्षण

## जिला कार्यक्रम अधिकारी ने अभिभावकों से की बात और दिया आवश्यक सुझाव

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। जिला कार्यक्रम अधिकारी शरद कुमार त्रिपाठी द्वारा 30 अप्रैल 2026 को 12.20 बजे जिला अस्पताल स्थित पोषण पुनर्वास केन्द्र एनआरसी का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सभी 10 बेड भरे पाये गय। जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा सभी बच्चों के अभिभावक से बात की गयी एवं बच्चों के सुधार के सम्बन्ध में समझाया गया। एनआरसी में बच्चों के स्वास्थ्य के लिये कैसे कार्य किया जा रहा है, इस सम्बन्ध में सभी को बताया गया। सभी बच्चों को फल का वितरण भी कराया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा सभी बच्चों के अभिभावक को अपना नम्बर उपलब्ध कराते हुए यह आश्वासन दिया गया कि यदि गांव में आंगनवाडी आपके बच्चों की नियमित वजन लम्बाई अथवा मिलने वाले खाद्य पदार्थ समय से उपलब्ध नही करा रही हैं अथवा एनआरसी सन्दर्भन में कोई सहयोग प्रदान नही कर रही है तो सीधे हमसे सम्पर्क करें। एनआरसी इन्चार्ज मंजीत को निर्देशित किया गया कि सभी बच्चों की नियमित जांच कराई जाय एवं सभी बच्चों का रजिस्टर मे ब्योरा दर्ज किया जाय। सभी बच्चों के अभिभावक को मिलने वाली धनराशि भी समय से प्रेषित की जाय। इस मौके पर जिला कार्यक्रम अधिकारी शरद कुमार त्रिपाठी, बाल विकास परियोजना अधिकारी भदैंया दयाराम एवं एनआरसी इन्चार्ज मंजीत उपस्थित रहीं।

# मंदिरों के पुजारी को मिले 40,000 रुपए प्रति माह वेतन एवं भत्ता : श्याम कृष्ण रस्तौगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



चन्दौसी । चन्दौसी नगर में राष्ट्रीय पुजारी परिषद के संगठन विस्तार को लेकर घंटाघर मंदिर पर एक बैठक चंदौसी नगर के अध्यक्ष पंडित हरिओम शर्मा के की अध्यक्षता में संपन्न हुई । जिसको संबोधित करते हुए राष्ट्रीय पुजारी परिषद के संस्थापक श्याम कृष्ण रस्तोगी ने बताया कि राष्ट्रीय पुजारी परिषद का गठन कोरोना काल में हुआ था। राष्ट्रीय पुजारी परिषद का उद्देश्य पुजारी और पुरोहितओ के हित में काम करना और सरकार से मंदिरों के पुजारी को ?40000 रुपए वेतन प्रति माह मिलने की मांग की एवं मंदिरों का संरक्षण करें सरकार । उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा 20 अप्रैल 2022 को पुजारी एवं पुरोहित कल्याण बोर्ड बनाने की घोषणा को अति शीघ्र क्रियाशील करवाना । देश के सभी बड़े-बड़े मंदिर सरकार के अधीन है उनसे होने वाली आमदनी में से 50 परसेंट छोटे मंदिरों पर खर्च किया जाए जिससे उनकी दशा में सुधार हो और पुजारी का जीवन स्तर खुशहाल हो। राष्ट्रीय पुजारी परिषद द्वारा मंदिरों पर हिंदू संस्कार केंद्र स्थापित करना जिससे आने वाली पीढियां के लिए सनातन धर्म का ज्ञान प्राप्त हो । राष्ट्रीय पुजारी परिषद द्वारा धार्मिक त्योहारों पर भ्रम की स्थिति को दूर कर त्योहारों पर एकजुटता का प्रदर्शन करना ही राष्ट्रीय पुजारी परिषद के मुख्य उद्देश्य हैं । राष्ट्रीय पुजारी परिषद के संस्थापक श्याम कृष्ण रस्तोगी ने चंदौसी नगर कर संगठन का विस्तार करते हुए उपाध्यक्ष अरविन्द मिश्रा,शिवओम तिवारी महामंत्री विवेक उपाध्याय, मंत्री गौरव शर्मा,कमल शर्मा, प्रचार मंत्री हर्ष उपाध्यक्ष की घोषणा की गई। सभी ने ओम की ध्वनि कर घोषणा का स्वागत किया । संचालन पुजारी पंडित अमरपाल शर्मा ने किया। बैठक में मुरादाबाद से पुजारी महेंद्र,पंडित हिरदेश शर्मा नन्हेंलाल शर्मा, रामसेवक शर्मा पंडित कमल शर्मा पंडित मोहित शर्मा पंडित राजेंद्र प्रकाश शर्मा सुरेश शर्मा दीनदयाल शर्मा आदि उपस्थित रहे ।

# एंटी करप्शन टीम ने दस हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ सचिव को

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । जन्म प्रमाण पत्र में रिपोर्ट लगाकर बनवाने के नाम पर दस हजार रुपये घूस लेते हथियागढ़ व बनगवां कलस्टर के ग्राम विकास अधिकारी व जि ला बलिया के थाना नगरा के ग्राम डिहवा निवासी उमेश कुमार भारती को रंगे हाथ एंटी करप्शन टीम ने गिरफ्तार किया है।ट्रैप टीम प्रभारी धनंजय कुमा र सिंह ने घूसखोरी में पकड़े गए आरोपित के खि लाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम सहित अन्य धाराओं में मनकापुर में मुकदमा दर्ज कराया है। ट्रैप टीम प्रभारी थाना भ्रष्टाचार निवारण संगठन धनंजय कुमार सिंह ने बताया कि थाना खोड़ारे के ब्लाक बभनजोत के कोल्हुई गरीब निवासी मो हम्मद अजमल ने शिकायत की थी कि ग्राम विका स अधिकारी उमेश कुमार भारती जन्म प्रमाण पत्र में रिपोर्ट लगाकर बनवाने के लिए घूस मांग रहे हैं। इनकी शिकायत पर कार्रवाई शुरू की गई।गुरुवार को बभनजोत ब्लाक परिसर स्थित आरोपित के कार्यालय कक्ष में दोपहर सवा तीन बजे दस हजार रुपये घूस लेते एंटी करप्शन टीम ने सचिव को रंगे हाथ पकड़ लिया।टीम आरोपित को थाना वजीरगं ज ले आई।ट्रैप टीम प्रभारी ने कहा कि मुकदमा द र्ज कराया गया है।शिकायतकर्ता के बयान के साथ ही अन्य साक्ष्य को संकलित किया गया है।एंटी करप्शन टीम पहले भी घूस लेने के मामले में कार्र वाई कर चुकी है।गत वर्ष 11 जून को मुकदमा ह ल्का करने के नाम पर पांच हजार रुपये घूस लेते धानेपुर थाने के उपनिरीक्षक अंकित कुमार यादव को रंगेहाथ एंटी करप्शन टीम ने गिरफ्तार किया था,सीएमओ कार्यालय के वरिष्ठ सहायक,लेखपा ल समेत अन्य कर्मियों को घूस लेते रंगेहाथ पकड़ा गया है और कई आरोपितों को जेल भेजा गया है।

# श्रीकृष्ण रुक्मिणी विवाह का प्रसंग सुन भाव विभोर हुये श्रोता

## सिंहपुर में चल रही श्रीमद भागवत कथा में उमड़ी श्रोताओं की भीड़

कैनविज टाइम्स संवाददाता



तिलोई अमेठी । क्षेत्र के गांव सिंहपुर में तहसील बार एसोशिएशन तिलोई के पूर्व अध्यक्ष दलजीत सिंह के आवास पर चल रही श्रीमद भागवत कथा में अयोध्या धाम से पधारे कथा व्यास रोहित पाण्डेय जी महाराज ने रुक्मिणी विवाह का प्रसंग सुनाया। भगवान के विवाह की कथा सुन श्रोतागण भाव विभोर हो गये। अयोध्या धाम से पधारे कथा व्यास रोहित पाण्डेय जी महाराज ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की प्रशंसा सुन कर रुक्मिणी भगवान से प्रेम करने लगी थी।दूसरी ओर अपनी लक्ष्मीस्वरूपा पुत्री रुक्मिणी की शादी के लिये भीष्मक भी चिंतित थे।रुक्मिणी के भाई ने अपनी बहन के लिये वर के रूप में शिशुपाल को चुना था। रुक्मिणी इस बात का सन्देशा कृष्ण तक पहुंचाया और अपना मंतव्य जाहिर किया। शादी के दिन कृष्ण ने देवी पूजन को जा रही रुक्मिणी को अपनी रथ पर बैठा लिया और चल दिये।इस बात की जानकारी होने पर रुक्मी और कृष्ण के बीच युद्ध होता है जिसके पश्चात भगवान कृष्ण और रुक्मिणी का विधि विधान से विवाह संपन्न होता है।कथा पंडाल में रुक्मिणी हरण और विवाह का दृश्य मन को मोहने वाला था। भगवान की शादी में सभी भक्त गण शरीक हुये और भगवान की पूंजा अर्चना की।पण्डाल में महिलाओं ने भक्ति विवाह गीत भी गाये।यजमान दलजीत सिंह एवं कंचन लता सिंह ने पूरे परिवार के साथ कन्यादान करते हुये पूरे विधि विधान के साथ पूजन किया।इस मौके पर गौरीगंज के विधायक राकेश प्रताप सिंह, राजा सुरेन्द्र बहादुर सिंह,जनमेजय सिंह, शशांक शेखर सिंह, कौशलेंद्र सिंह, अरुण प्रताप सिंह, कार्तिकेय शुक्ला, रवि शंकर तिवारी, अविनाश सिंह, आशुतोष सिंह, श्यामू पाल, दिलीप पाल, श्रीचंद्र चौरसिया सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

# मोहनगंज पुलिस ने चोरी की पांच बाइकों के साथ चार युवकों को भेजा

अमेठी । थाना मोहनगंज पुलिस ने आपरेशन चक्रव्यूह अभियान के तहत चोरी की पांच मोटरसाइकिल के साथ चार लोगों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गये युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है। चोरी की इस वारदात का खुलासा करने वाली टीम को पुलिस अधीक्षक ने पन्द्रह हजार रुपया नकद पुरस्कार की घोषणा की गई है।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में गुरुवार को क्षेत्राधिकारी तिलोई श्री दिनेश कुमार मिश्र के कुशल नेतृत्व में थाना मोहनगंज पुलिस द्वारा आपरेशन चक्रव्यूह के तहत देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान पांच मोटरसाइकिलों के साथ नावेद पुत्र मैनुददीन निवासी ग्राम तिलोई,बबलू पुत्र नकछेद निवासी चेतरा, छेददू उर्फ दन्दू पुत्र कन्हैया लाल निवासी पूरे विश्राम मजरे पाकरगांव, वीरेन्द्र पुत्र मोतीलाल निवासी चेतरा बुजुर्ग थाना मोहनगंज जनपद अमेठी को गिरफ्तार किया गया।मोटरसाइकिलों के कागज मांगने पर दिखा नही सके। पुलिस टीम द्वारा की गई पूंछतांछ में गिरफ्तार युवकों ने बताया कि वह सभी लोग एक दूसरे को जानते पहचाते हैं और सभी लोग मिलकर चोरी करते हैं।अपाचे मोटर साइकिल संख्या यूपी 32 एमजेड 8974 को जनपद लखनऊ से, अपाचे मोटर साइकिल संख्या यूपी 36 के 5495 बीती उनतीस अप्रैल को थाना क्षेत्र मोहनगंज चेतरा में आयी बरात से, हीरो मोटरसाइकिल संख्या यूपी 36 एन 5281 को पूरे विश्राम मजरे पाकरगांव से, हीरो सुपर स्पेलेण्डर बिना नम्बर प्लेट को रास्ते से एवं हीरो स्पेलेण्डर प्रो साइकिल संख्या यूपी 33 एई 5792 को तिलोई के कब्रिस्तान के पास से चोरी किये थे।

# भगवासेना संस्थापक द्वारा जिला अस्पताल में मरीजों औरतीमारदारों को दिए गए फल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। दानवीर भामाशाह जयंती के उपलक्ष्य में श्री भगवा सेना के संस्थापक ध्रुव देव गुप्ता संरक्षक सर्वेश चंद्र गुप्ता के नेतृत्व में जिला सरकारी पुरुष अस्पताल में मरीजों और उनके तीमारदारों को फल वितरित किये गए। इस अवसर पर ध्रुव देव गुप्ता ने बताया कि दानवीर शिरोमणि भामाशाह जी को जितनी बार याद किया जाये वह कम है वैश्य समाज में विभिन्न खंडों उपखंडों को अनेकों उपवर्ग है जिनके अलग अलग पूर्वज है सभी का सम्मान और अमर गाथाओं का एक स्वर्णिम इतिहास रहा है। इसलिए वैश्य को विभिन्न वर्गो और उपवर्गो में बंटकर नहीं रहना चाहिए जब भी वैश्य एकता की बात हो तो सभी वैश्य एकता का परचमलहराने के लिये एक जुड़ता से खड़ा होना चाहिए वैश्य समाज से जुड़े प्रत्येक व्यक्ति किसी भी वैश्य वर्ग उपवर्ग से हो और उस पर शोषण अत्याचार हो उसका साथ देना चाहिए और वैश्य समाज के लोगो अपने समाज को अग्रसर करने की भावना जागृत करनी होगी। इस अवसर पर वैश्य समाज के ग्राम कटीन्ना वर्चऊ प्रधान मनोज गुप्ता ने कहा दानवीर भामाशाह जी जयंती अलग अलग जगह पर अगल दिनांकों में मनाई जाती है लेकिन हमारा मानना है ऐसे दानवीर शिरोमणि भामाशाह को जितनी बार याद किया जाये वह कम है आज उनकी जयंती है और जब भी भामाशाह जी के नाम पर कुछ भी होगा वैश्य समाज एकत्रित रहेगा समाज में जिस भी जो व्यक्ति दानवीर है वह भामाशाह से कम नहीं है। इस अवसर पर श्री भगवा सेना के संरक्षक सर्वेश चंद्र गुप्ता के ने कहां दानवीर भामाशाह जी ने अपना संपूर्ण धन समर्पित कर महाराणा प्रताप जी समर्पित कर दिया और वैश्यों में साहू तेली समाज को एक पहचान दी हमें गर्व है हमारे पूर्वज पहले भी दानवीर थे आज भी दानवीर है और आगे भी हम देश की अर्थ व्यवस्था में सबसे बड़े सहयोग कर्ता के रूप सबसे आगे मिलते है। इस मौके पर अस्पताल के इमरजेंसी डॉक्टर स्पर्श शर्मा सर्वेश चंद्र गुप्ता ऋषभ गुप्ता आर्यांश गुप्ता अमन गुप्ता आदि लोगों जिला सरकारी पुरुष अस्पताल में भामाशाह जयंती के उपलक्ष्य में फल वितरित कर दानवीर भामाशाह जी को याद किया।

# शाहजहांपुर में 03 मई को 07 केंद्रों पर होगी नीट यूजी- 2026 परीक्षा

कैनविज टाइम्स संवाददाता




शाहजहांपुर। जनपद में आगामी 03 मई रविवार को नीट यूजी-2026 का आयोजन 07 परीक्षा केंद्रों पर अपराहन 2 बजे से शाम 5 बजे तक होगा। परीक्षा को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और सुचितापूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए डीएम धर्मेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के वीसी कक्ष में बैठक आयोजित की गई। डीएम ने कहा कि सभी केंद्रों पर नियुक्त मजिस्ट्रेट लगातार भ्रमणशील रहेंगे और परीक्षा के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ परीक्षा की सुचिता सुनिश्चित करेंगे। कहा कि आकस्मिक परिस्थितियों से निपटने के लिए अतिरिक्त मजिस्ट्रेटों को रिजर्व स्टाफ के रूप में कलेक्ट्रेट मुख्यालय स्थित कंट्रोल रूम में तैनात किया गया है। जो दोपहर 01 बजे से शाम 05 बजे तक उपलब्ध रहेंगे। बताया कि इस वर्ष परीक्षा जनपद के स्वामी सुखदेवानन्द स्कूल मुमुक्षु आश्रम, गांधी फैज-ए-आम डिग्री कॉलेज, पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय नंबर-1, पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय नंबर-2, इस्लामिया इंटर कॉलेज, स्वामी धर्मानंद सरस्वती इंटर कॉलेज मुमुक्षु आश्रम तथा पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज खिरनीबाग सहित कुल 07 केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। डीएम ने स्वास्थ्य विभाग को सभी परीक्षा केंद्रों पर चिकित्सकों एवं आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने और विद्युत विभाग को निर्बाध बिजली आपूर्ति बनाए रखने तथा बायोमेट्रिक एवं अन्य तकनीकी प्रक्रियाओं के सुचारू संचालन हेतु नेट सेवा प्रदाताओं को लगातार इंटरनेट सुविधा उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने हेतु पत्र प्रेषित करने के निर्देश दिए। कहा कि परीक्षा को पूरी पारदर्शिता, सुरक्षा और सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं, ताकि परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। बैठक में नगर मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## बाइक और बोलोरो की टक्कर में पति-पत्नी और दो बच्चों की मौत

शाहजहांपुर। थाना पुवायां क्षेत्र में दिल्ली वल्ड पब्लिक स्कूल फ्लाईओवर के पास एक तेज रफ्तार बोलेरो और बाइक की टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार पति- पत्नी और दो बच्चों की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना निगोही क्षेत्र के मोहल्ला रामनगर बगिया निवासी 35 वर्षीय अरूण कुमार अपनी 32 वर्षीय पत्नी सीमा देवी, 10 साल की बेटी दीक्षा और 03 साल के बेटे नैतिक के साथ बाइक से पुवायां क्षेत्र के गांव सिरखिड़ी में अपने चचेरे साले की शादी समारोह में शामिल होने आए थे। शादी समारोह में शामिल होने के बाद गुरुवार सुबह लगभग 11 बजे अरूण अपनी पत्नी और बच्चों के साथ बाइक से वापस घर जा रहे थे। इसी दौरान दिल्ली वल्ड पब्लिक स्कूल फ्लाईओवर के पास खुटार की ओर आ रही तेज रफ्तार बोलोरो ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में अरुण, सीमा, दीक्षा और नैतिक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद बोलेरो चालक मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सीओ पुवायां प्रवीण मलिक ने बताया कि हादसे में एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हुई है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस बोलोरो चालक की तलाश में जुटी है।

## सबका साथ सबका विकास की तर्ज पर कार्य कर रही बदायूँ नगरपालिका : फात्मा रज़ा

बदायूं कैनविज टाइम्स संवाददाता। शहर के विभिन्न वार्डों में विकास कार्यों को गति देते हुए पालिकाध्यक्ष फात्मा रज़ा ने करीब 18 लाख रुपये की लागत से निर्मित सीसी सड़क और नाली निर्माण कार्यों का उद्घाटन किया। इस दौरान क्षेत्रवासियों में उत्साह का माहौल देखने को मिला।कार्यक्रम की शुरुआत वार्ड संख्या-1 में फीता काटकर की गई। यहां अब्दुल हसन के मकान से फकरूद्दीन के मकान तक सीसी सड़क और नाली का निर्माण कराया गया, जिसकी लागत करीब 5.76 लाख रुपये रही। इसके अलावा इसी वार्ड की कई गलियों—मकबूल से रहीस खां, मुन्ने से कदीर, निजाम से दिलशाद, दिलशाद से याकूब और बाबर से आसिफ तक भी सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य लगभग 3.89 लाख रुपये की लागत से कराए गए।इसके बाद वार्ड संख्या-9 के मोहल्ला जालन्धरी सराय में नाईयों वाली गली में इकबाल के मकान से उल्ला होते हुए मुस्तफा के मकान तक सीसी सड़क और नाली का उद्घाटन किया गया। इस कार्य पर लगभग 8.08 लाख रुपये खर्च किए गए। इन विकास कार्यों से क्षेत्र में जलभराव, कीचड़ और जर्जर सड़कों की समस्या से राहत मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।पालिकाध्यक्ष फात्मा रज़ा ने कहा कि नगर के सभी वार्डों में बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य कराए जा रहे हैं। उनका उद्देश्य है कि शहर का कोई भी क्षेत्र मूलभूत सुविधाओं से वंचित न रहे। उन्होंने बताया कि सीसी सड़क और नालियों का निर्माण आवागमन को सुगम बनाने के साथ-साथ स्वच्छता व्यवस्था को भी मजबूत करता है, खासकर बरसात के मौसम में जलभराव से निजात दिलाने में सहायक है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे इन सुविधाओं का सही उपयोग करें और शहर को स्वच्छ रखने में सहयोग दें। स्थानीय लोगों ने पालिकाध्यक्ष का फूल- मालाओं से स्वागत कर आभार जताया। महिलाओं और युवाओं ने भी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि अब आवागमन में आसानी होगी और भविष्य में अन्य सुविधाओं के विकास की भी उम्मीद है। कार्यक्रम में सभासद रवि, अनवर अंसारी, नूर मोहम्मद, असलम सैफी, तस्लीम, फिरोज अहमद, इस्तियाक,इरशाद, तारा, मास्टर जंगी, रहीस, गुड्डू, इकबाल, मुस्तफा, फारुख, जमील, डॉ. मोहम्मद अहमद, अनीस, शरीफ, अशरफ, नसीम अली, बब्लू, यासीन, भूरे सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## पॉवर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। मिहोना निवासी राहुल कुमार ने बरेली में आयोजितपावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता।पावरलिफ्टिंग उत्तर प्रदेश एसोसिएशन द्वारा आयोजित क्लासिक ओपन बेंच प्रेस एवं डेडलिफ्ट चैंपियनशिप 2026 में राहुल ने 105 किलोग्राम वर्ग में 153 किलोग्राम बेंच प्रेस उठाकर प्रथम स्थान हासिल किया। राहुल की इस उपलब्धि से जिले में खुशी की लहर है। कोच अभिषेकसक्सेना के मार्गदर्शन में उन्होंने यह सफलता हासिल की। संस्थान व परिजनों समेत कई लोगों ने राहुल को बधाई दी।

## टेंट व्यापारी को लगा बड़ा झटका, दुकान हुई स्वाहा

इस्लामनगर/बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। बदायूँ जिले के इस्लामनगर थाना क्षेत्र के नगला बारहगांव में गुरुवार को शॉर्ट सर्किट के चलते एक टेंट की दुकान में भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि दुकान में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया।घटना का वीडियो दोपहर करीब 3 बजे सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। ग्रामीणों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। दुकान मालिक शिशुपाल प्रजापति के अनुसार, आग लगने से करीब 4 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया कि दुकान का सामान उन्होंने कर्ज लेकर खरीदा था, जो इस अग्निकांड में पूरी तरह नष्ट हो गया। आग में पर्दे, सीलिंग चांदनी, प्लेटें, ड्रम और दरियां सहित अन्य सामान जलकर खाक हो गया। पीड़ित ने तहसील प्रशासन को सूचना देकर मुआवजे की मांग की है।

## बदायूँ के खिलाडियों का ताइक्वाण्डों बेल्ट परीक्षा में रहा दबदबा

उझानी/बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिला ताइक्वांडो संघ,बदायूं के अध्यक्ष राजन मेंहदीरत्ता के अनुसार आगरा ताइक्वांडो के 11 खिलाड़ियों ने उत्तीर्ण की यलो बैल्ट परीक्षा जो इस प्रकार हैं- श्रेया पाल एवं अनंत मौर्य (ब्लू बैल्ट), अबुद्धय तोमर, कजित शर्मा,पूर्णिमा गुप्ता,ईप्सा तोमर,विराट वार्ष्णेय,अर्जित यादव, दीप्तांशु राठौर,अक्षिता साहू एवं पूर्णिमा गुप्ता (सभी ग्रीन वन बैल्ट) ने ताइक्वान्डो प्रशिक्षक/सचिव अजय पाल सिंह के दिशा-निर्देशन में ज़िला ताइक्वांडो संघ,बदायूं द्वारा आयोजित कलर बैल्ट परीक्षा उत्तीर्ण की। बैल्ट परीक्षा उर्त्तीण करने पर बदायूं स्थित अध्यक्ष राजन मेंहदीरत्ता के निवास पंजाबी कॉलोनी उझानी पर जिला ताइक्वान्डो संघ,बदायूं के द्वारा खिलाड़ियों को बैल्ट पहनाई गई एवं प्रमाणपत्र भी प्रदान किए।अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी एवं जिला ताइक्वांडो संघ,बदायूं सचिव अजय पाल सिंह,श्रीमती प्रियाराना,श्रीमती कमलेश,भवर पाल राठौर एवंहरीश कुमार त्यागी ने सभी उत्तीर्ण खिला ड़ियों को हार्दिक बधाई एवं शुभ कामनाएँ दी।

## मौसम ने बदली करवट, अच्छी बारिश की संभावना

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। बदायूं समेत आसपास के इलाकों में मौसम ने अचानक करवट ले ली है। आसमान में बादल छाए रहने और ठंडी हवाएं चलने से लोगों को गर्मी से राहत मिली है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले घंटों में अच्छी बारिश की संभावना जताई जा रही है। तापमान में गिरावट के साथ ही मौसम सुहावना हो गया है, जिससे किसानों और आम लोगों को राहत मिलने की उम्मीद है। हालांकि तेज हवाओं और गरज-चमक के साथ बारिश होने की भी आशंका है, ऐसे में लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

## भाकियू चढ़ूनी ने केंद्र सरकार की नीतियों के विरोध में सौंपा 8 सूत्रीय ज्ञापन

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। बदायूँ में भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) ने केंद्र सरकार की नीतियों के विरोध में प्रधानमंत्री के नाम आठ सूत्रीय ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा। इससे पहले मालवीय आवास गृह में पंचायत का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए।जिलाध्यक्ष सतीश साहू ने पंचायत को संबोधित करते हुए कहा कि किसान पहले से ही बढ़ती लागत, फसलों के उचित मूल्य की कमी, प्राकृतिक आपदाओं और कर्ज के बोझ से परेशान है। ऐसे में यदि विदेशी कृषि उत्पादों को भारतीय बाजार में अनुमति दी जाती है, तो इससे किसानों को भारी नुकसान होगा। उन्होंने कहा कि भारत में खेती आजीविका का साधन है, जबकि विदेशों में यह व्यापार है। सस्ते आयातित उत्पाद किसानों की उपज के दाम गिरा देंगे, जिससे उनकी आय पर नकारात्मक असर पड़ेगा। किसान नेताओं ने आरोप लगाया कि प्रस्तावित ट्रेड डील से बहुराष्ट्रीय कंपनियों को बढ़ावा मिलेगा और कृषि क्षेत्र में कॉर्पोरेट नियंत्रण बढ़ेगा, जो किसानों की स्वतंत्रता और देश की खाद्य सुरक्षा के लिए खतरा बन सकता है। सभा को संबोधित करते हुए यादवेंद्र सिंह यादव उर्फ पप्पू ने कहा कि किसानों के हितों की पूरी सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। यदि सरकार किसानों के हितों के खिलाफ कोई समझौता करती है, तो किसान आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। अंत में किसानों ने मांग की कि कृषि, डेयरी और पोल्ट्री से जुड़े क्षेत्रों को किसी भी मुक्त व्यापार समझौते से बाहर रखा जाए तथा न्यूनतम समर्थन मूल्य (ख्र्ड्ढ) की कानूनी गारंटी दी जाए। कार्यक्रम में बीयीशु दास, आसिम उमर (प्रदेश सचिव), किशन अवतार शाक्य, अजय सैनी, रजनेश उपाध्याय, इरशाद खां, ओमकार, भगवानदास, शराफत, रहिश अहमद, वसीम खां, सोनू कश्यप, रामनाथ वर्मा, बब्बल खां, चुन्नन, यादवेंद्र यादव सहित अन्य किसान मौजूद रहे।

# मनरेगा आवास घोटाला : बिना काम 37 लाख का भुगतान

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंडा । जिले के मुजेहना ब्लॉक की बेसहुपुर ग्राम पं चायत में हुए मनरेगा और प्रधानमंत्री आवास यो जना घोटाले में अब कार्रवाई तेज हो गई है।इस मा मले में रामपुर में तैनात वर्तमान परियोजना निदेश क (डीआरडीए) हरिश्चंद्र राम प्रजापति की मुश्कि लें बढ़ गई हैं।शासन ने उनके खिलाफ कोर्ट में चा र्जशीट दाखिल करने की मंजूरी दे दी है।जांच में सामने आया कि गांव में कोई असली काम कराए बिना ही करीब 37.74 लाख रुपये निकाल लिए गए।कागजों पर विकास कार्य दिखाकर पैसा पास कर दिया गया।यह गड़बड़ी मनरेगा के कामों में सा मने आई।प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में भी बड़ा खेल हुआ।जांच में पता चला कि 17 ऐसे लोगों को आवास दे दिया गया,जो इसके हकदार ही नहीं थे।बाद में उनसे पैसा वापस कराया गया। इस पूरे मामले में सिर्फएक अफसर ही नहीं बल्कि कई लोग जांच के दायरे में हैं।इनमें तत्कालीन एपी ओ उमेश वर्मा,लेखाकार नंदश्याम,ग्राम पंचायत अ धिकारी अमरजीत,प्रधान सुरजीत कुमार,तकनीकी सहायक राकेश शर्मा व रोजगार सेवक राधेश्याम का नाम सामने आया है।

### शिकायत के बाद अब कोर्ट में जाएगी चार्जशीट

मनरेगा आवास घोटाले का खुलासा साल 2020 में गांव के ही एक व्यक्ति के द्वारा की शिकायत पर हुआ था।लोकायुक्त के आदेश पर जांच हुई जिसमें गड़बड़ी सही पाई गई।इसके बाद एफआईआर द र्ज हुई।अब शासन से मंजूरी मिलने के बाद पुलिस जल्द ही कोर्ट में चार्जशीट दाखिल करेगी।

# सेंट पीटर्स इंटर कॉलेज का परीक्षा परिणाम शानदार

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नानपारा, बहराइच । सेंट पीटर्स इंटर कॉलेज भोपतपुर ने आईसीएसई (कक्षा 10) एवं आईएससी (कक्षा 12) परीक्षा परिणाम में शानदार प्रदर्शन करते हुए एक बार फिर शैक्षिक उत्कृष्टता का परिचय दिया है। परीक्षा परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल रहा। मेधावी विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर ज्वाखिम खेस ने सभी सफल विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को बधाई देते हुए इसे सामूहिक मेहनत और अनुशासित शैक्षणिक वातावरण का परिणाम बताया। कक्षा 10 में कुल 154 विद्यार्थी पंजीकृत थे, जिनमें 153 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए जबकि 1 विद्यार्थी अनुपस्थित रहा। कक्षा 12 में कुल 90 विद्यार्थियों में से 89 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए तथा 1 विद्यार्थी अनुपस्थित रहा। कक्षा 10 में श्रेयंश वर्मा ने 97.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान हासिल किया। देवेश श्रीवास्तव ने 96.6 प्रतिशत, श्लोक कुमार गुप्ता ने 95.8 प्रतिशत, स्नेहा श्रीवास्तव ने 94.6 प्रतिशत, आकर्ष श्रीवास्तव ने 94 प्रतिशत, आयुषी खेमका एवं प्रेरणा मिश्रा ने 93.4-93.4 प्रतिशत, अतुल मौर्य ने 93 प्रतिशत तथा अंशित गुप्ता ने 91.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। वहीं कक्षा 12 में राजवीर सिंह ने 94.25 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। याचिका रूपानी ने 93 प्रतिशत, शौर्य गुप्ता ने 91.75 प्रतिशत, आयुष वर्मा ने 91.25 प्रतिशत, मोहम्मद ताबिश ने 89.75 प्रतिशत, फलक इम्तियाज ने 88.75 प्रतिशत, सुधांशु सिंह ने 86.75 प्रतिशत, जाह्नवी चौहान ने 86.25 प्रतिशत, जोया अल समद एवं सुमित सिंह ने 83-83 प्रतिशत तथा मोहम्मद सुहैल मंसूरी ने 77.50 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। प्रधानाचार्य फादर ज्वाखिम खेस ने कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण एवं अभिभावकों के सहयोग से विद्यालय निरंतर सफलता के नए आयाम स्थापित कर रहा है। विद्यालय परिवार ने सभी सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# नॉन वेंडिंग जोन में सज रही दुकानें, लग रहा जाम



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । प्रशासन की ओर से घोषित वेंडिंग और नॉन वेंडिंग जोन बेमतलब साबित हो रहे हैं।जहां तयशु दा वेंडिंग जोन मे इक्का दुक्का दुकानें ही लगी हैं तो वहीं नॉन वेंडिंग जोन में दुकानदार पटरियों पर कब्जा कर दुकान सजाए हैं।ऐसे में बनाए गए वेंडिं ग जोन का दुकानदार लाभ नहीं उठा रहे।दूसरी त रफ सड़क की पटरियों पर लगाई गई दुकानों से जाम लग रहा है।जिम्मेदार मूकदर्शक बने हुए हैं। नगर क्षेत्र में सड़कों के किनारे जगह-जगह सजी दुकानों को हटाकर सड़क की पटरियों को अतिक्र मण मुक्त करने का निर्णय लिया गया।ऐसे में प्रशा सन ने वेंडिंग और नॉन वेंडिंग जोन तय किए।लेकि न उसका कड़ाई से पालन नहीं कराया जा रहा है। जिला प्रशासन की ओर से गुरु नानक चौराहे से लेकर गुड्डूमल चौराहे तक नॉन वेंडिंग जोन चिह्नित कर बोर्ड लगाए गए हैं, वही जहां नो वेंडिंग जोन का बोर्ड लगा है वहां पर दुकानदारों की भरमार है। लेकिन जहां पर वेंडिंग जोन में दुकाने आवंटित की गई है वहां पर दुकानदारों का अता- पता नहीं है। वहाँ पर दुकान में खाली पड़ी हुई है,गोंडा-बहराइच रोड पर इसे लेकर जाम की स्थिति बनी है।कारण कि यहां पटरियों पर दुकानें सजी हैं।बड़गांव पुलि स चौकी से लेकर अग्रसेन चौराहे तक भी दुकानें लग रही हैं।जिससे आवागमन प्रभावित हो रहा है आए दिन यात्रियों के ट्रेन छूट जाती है लोग रोजा ना जाम से परेशान हो रहे हैं।वही एक हफ्ते पूर्व नगरपालिका ने गुरु नानक चौराहे से रोडवेज बस स्टॉप क्षेत्र के नो वेंडिंग जोन से दुकानों को हटाया था लेकिन हटाने के दूसरे दिन से ही वहां पर फिर से दुकानें सज गईं।लेकिन अधिकारियों ने कोई का र्रवाई नहीं की।वहीं चलाया गया अभियान एक दि न चलने के बाद ठप हो गया।

# 18 ग्राम स्मैक के साथ नेपाली नागरिक गिरफ्तार, थाना मोतीपुर को सौंपा गया आरोपी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। भारत-नेपाल सीमा पर मादक पदार्थों की तस्करी और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत 59वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) नानपारा एवं थाना मोतीपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने बड़ी सफलता हासिल की है। संयुक्त कार्रवाई में 18 ग्राम स्मैक के साथ एक नेपाली नागरिक को गिरफ्तार किया गया है। जानकारी के अनुसार, कमांडेंट कैलाश चन्द रमोला के निर्देशन में 29 अप्रैल की रात संयुक्त गश्ती अभियान चलाया जा रहा था। गश्ती दल सीमा चौकी बलईगांव क्षेत्र में सीमा स्तंभ संख्या 665 की ओर निगरानी कर रहा था। इसी दौरान रात करीब 9:30 बजे भारतीय सीमा के लगभग 635 मीटर अंदर एक संदिग्ध व्यक्ति भारत से नेपाल की ओर जाते दिखाई दिया। गश्ती दल द्वारा रुकने का संकेत दिए जाने पर संदिग्ध ने भागने का प्रयास किया, लेकिन सतर्क जवानों ने पीछा कर उसे दबोच लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से 18 ग्राम स्मैक बरामद की गई। पूछताछ में आरोपी की पहचान टेक बहादुर नेपाली (28 वर्ष) पुत्र शेर बहादुर नेपाली निवासी वीडीसी महादेवपुरी, वार्ड नंबर-04, थाना कोहलपुर, जिला बांके (नेपाल) के रूप में हुई। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने प्रतिबंधित पदार्थ बलईगांव क्षेत्र से प्राप्त किया था और उसे नेपाल ले जा रहा था। बरामद स्मैक को एनडीपीएस अधिनियम 1985 की धारा 8/21 के तहत विधिवत जब्त कर लिया गया। आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद आरोपी एवं बरामद मादक पदार्थ को आगे की जांच और कार्रवाई हेतु थाना मोतीपुर पुलिस को सौंप दिया गया है। एसएसबी ने स्पष्ट किया है कि भारत-नेपाल सीमा पर तस्करी एवं अन्य अवैध गतिविधियों के विरुद्ध अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे।

# उत्कृष्ट कार्य के लिए डीएम द्वारा सम्मानित किये गये बैंक अधिकारी व शाखा प्रबन्धक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । बैंकों के जिला समन्वयकों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित जिला समन्वयकों की समीक्षा बैठक में वर्ष 2025-26 में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान तथा अन्य स्वरोजगार परक योजनाओं की समीक्षा के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 21 बैंक अधिकारियों व शाखा प्रबन्धकों को डीएम ने मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता के साथ स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। बैठक के दौरान बैंक आफ बड़ौदा शाखा दरगाह शरीफ के प्रबन्धक सौरभ गुप्ता, स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया के दिव्य प्रताप सिंह, इण्डियन बैंक महाराजगंज शाखा के मनीष सिंह, बैंक ऑफ इण्डिया के उमेश कुमार जायसवाल, उ.प्र. ग्रामीण बैंक शाखा महसी के मोहित वर्मा, यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया के अवनीश सिंह, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया शाखा नानपारा के समद आज़ाद, इण्डियन बैंक मेडिकल कालेज शाखा के हर्षित अग्रवाल, यूको बैंक के आदित्य प्रताप सिंह, पंजाब नेशनल बैंक के जिला समन्वयक नवीन चन्द्र सुयाल, इण्डियन बैंक के रवि रंजन सिंह, बैंक आफ बड़ौदा के सुरेश पाण्डेय, यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया के सचिन गुप्ता, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया की श्रीमती अंकिता मिश्रा, एचडीएफसी के क्लस्टर हेड विमल कुमार तिवारी, लीड बैंक प्रबन्धक जितेन्द्र कुमार मसन्द, उ.प्र. ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय प्रबन्धक बहराइच रमेश चन्द्र चौधरी व भिनगा के अमित वार्षेण, जिला समन्वयक अभिनव भारती व सुधाकर तिवारी, स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया के मुख्य प्रबन्धक गौरव श्रीवास्तव को सम्मानित किया गया।

### बैंकों के जिला समन्वयकों के साथ डीएम ने की बैठक

समीक्षा बैठक के दौरान डीएम ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के प्रारम्भ से ही सभी बैंक जनपद का सी.डी. रेशियों बढ़ाने, प्राथमिकता क्षेत्र की योजनाओं में अधिक से अधिक लाभार्थियों को ऋण उपलब्ध कराने, विभिन्न क्षेत्र के कृषकों को के.सी.सी. जारी करने, पी.एम. सूर्य घर योजना अन्तर्गत रूफ टाप सोलर पैनल की स्थापना, स्वयं सहायता समूहों तथा स्वरोजगार परक योजनाओं में आवेदकों को अधिक से अधिक ऋण उपलब्ध कराने हेतु माहवार प्रभावी कार्ययोजना तैयार करें। डीएम ने कहा कि सभी बैंकों का प्रयास होना चाहिए आकांक्षी जनपद बहराइच स्वरोज़गारपरक योजनाओं को प्राथमिकता प्रदान करें ताकि अधिक से अधिक परिवार स्वावलम्बी बनकर दूसरे लोगों को भी रोज़गार से जोड़ सकें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी श्री सुनील कुमार धनवंता, उप कृषि निदेशक विनय कुमार वर्मा, उपायुक्त स्व:रोजगार धनंजय सिंह, उपायुक्त उद्योग केशव राम वर्मा, पी.ओ. नेडा सुरेंद्र कुमार सहित अन्य अधिकारी, बैंकों के जिला समन्वयक तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले बैंक मैंनेजर इत्यादि उपस्थित रहे। बैठक का संचालन जिला अग्रणी प्रबंधक जितेंद्र कुमार मसन्द द्वारा किया गया।

# 6 नफर वारंटी गिरफ्तार, जेल भेजे गए

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । पुलिस अधीक्षक की ओर से अपराध नियंत्र ण को लेकर अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश सभी थाना प्रभारियों को दिए गए हैं। सा थ ही अभियान चलाकर वांटरी व वांछितों को गिर फ्तार कर जेल भेजने को निर्देशित किया गया है। इसी क्रम में बृहस्पतिवार को थाना इटियाथोक के प्रभारी निरीक्षक कमलाकांत त्रिपाठी टीम के साथ क्षेत्र में वारंटियों की तलाश में निकले थे।इस दौरा न पुलिस ने छह नफर वारंटी जवाहिर पुत्र गया प्र साद उर्फ गवने,भूलन पुत्र हसन अली,बैवाही पुत्र दशरथ तिवारी,जीवन पुत्र लूकी उपाध्याय,मालिक राम पुत्र छायाराम,मालिकराम पुत्र छायाराम निवा सी ग्राम मर्दनपुरवा दिखलौल थानाइटियाथोक को

पुलिस अधीक्षक पूर्वी, क्षेत्राधिकारी सदर प्रभारी निरीक्षक थाना इटियाथोक के नेतृत्व में 30 अप्रैल को थाना नवाबगंज पुलिस के द्वारा छह नफर वारं टियों को गिरफ्तार किया छह वारंटियों को थाने में लाकर यहां से न्यायालय के समक्ष पेश किया गया वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए न्यायालय की ओर से वारंट जारी किया गया था।गिरफ्तारी टीम में उ प निरीक्षक रविंद्र कुमार रमन,सुरेन्द्र कुमार, विका स कुमार, राजेश कुमार,कोमल प्रसाद यादव आर क्षी सौरभ कुमार शामिल रहे।

### कार ने पीछे से ई-रिक्शा को मारी टक्कर, बच्ची की मौत, दो बच्चे घायल



गोंडा कैनविज टाइम्स संवाददाता। लखनऊ मार्ग हाईवे पर बृहस्पतिवार को तेज रफ्तार कार ने पीछे से ई-रिक्शा को टक्कर मार दी।हादसे में बालिका की मौत हो गई।जब कि,उसका भाई और चचेरी बहन घायल हो गए। इस दौरान टैक्सी चालक कार लेकर भागने लगा इतने कर का पहिया बच्ची के सिर पर चढ़ गया जिस बच्ची की कर फटने से मौत हो गई है उसके बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने बच्ची के शव को सड़ क पर रखकर गोंडा-लखनऊ मार्ग जाम कर दिया। उसके बाद पुलिस ने हल्का बल प्रयोग करके लो गों को खदेड़ा हालांकि,पुलिस इससे इनकार कर रही है।हादसा देहात कोतवाली क्षेत्र के बालपुर जा ट गांव के पास हुआ।बताया गया कि बालपुर जाट निवासी अनिल सिंह ई-रिक्शा चलाते हैं।वह अप नी पत्नी अनीता,भतीजी शिवानी,भतीजे अन्नू और बेटी नैन्सी के साथ दोपहर को बालपुर बाजार जा रहे थे।पेट्रोल पंप के पास कार ने पीछे से ई-रिक्शा को जोरदार टक्कर मार दी।टक्कर लगने के बाद ई-रिक्शा सवार शिवानी अन्नू और नैन्सी सड़क पर गिर गए।इसी दौरान कार शिवानी को कुचलते हुए आगे निकल गई।इससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई।हादसे में अन्नू और नैन्सी घायल हो गए। घटना से नाराज ग्रामीणों ने शव को सड़क पर रख कर करीब एक घंटे तक जाम लगाकर हंगामा कि या,देहात कोतवाल शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि कार चालक को ग्रामीणों ने पकड़ लिया था। उसे छुड़ाने के दौरान हल्का विवाद हुआ है गाड़ी को कब्जे में लिया गया है और माहौल खराब कर ने वाले लोगो की पहचान की जा रही है उनके खि लाफ कार्रवाई होंगी।लेकिन बल प्रयोग का आरोप गलत है।

### आरपीएफ ने महिला आरक्षित डिब्बों में अभियान चलाकर 18 पुरुष यात्रियों को पकड़ा..




गोंडा कैनविज टाइम्स संवाददाता। आरपीएफ ने गोंडा-लखनऊ रेल मार्ग और लखनऊ-गोरखपुर रेल मार्ग पर चलने वाली ट्रेनो में महिला आरक्षित डिब्बों में विशेष जांच अभियान चलाया।इस दौरान आरपीएफ टीम ने महिला आर क्षित डिब्बों में 18 पुरुष यात्रियों को पकड़ा,इनके खिलाफ अधिनियम की धारा 162 के अंतर्गत का नूनी कार्रवाई की है।आरपीएफ थाना प्रभारी अनु रुद्ध राय ने बताया कि महिला कोच में अनधिकृत रूप से यात्रा करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर 18 पुरुष यात्रियों को हिरासत में लिया है व उनके खिलाफ रेलवे अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है फिर अभियुक्तों को न्यायालय में पेश किया गया है।

### अवैध पेट्रोल डीजल भण्डारण की सूचना पर छापेमारी,14 ड्रम ईंधन बरामद

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले में जिला पूर्ति अधिकारी नरेन्द्र तिवारी के निर्देश पर छापेमारी कर बलहा के जगन्नाथपुर से बड़ी मात्रा में पेट्रोल और डीजल की बरामदगी की है। डीएसओ के निर्देश पर की गई छापेमारी में टीम ने सैकड़ों लीटर पेट्रोल डीजल बरामद किया गया है। बरामद ईंधन की कीमत ढाई लाख के आसपास बताई जा रही है। डीएसओ ने बताया कि छापेमारी टीम में शामिल सप्लाई इंस्पेक्टर अमन कुमार, लिपिक सलीम सिद्दीकी एवं साधना श्रीवास्तव ने आज दोपहर लगभग 2 बजे टीम ने बलहा के जगन्नाथपुर निवासी अजय वर्मा के घर पर छापा मारा। इस दौरान अजय के घर से टीम को 14 ड्रम पेट्रोल और डीजल मिले।

# भारत विकास परिषद का विशाल नि:शुल्क मेडिकल कैंप आयोजित

## हृदय एवं स्वास्थ्य जांच के लिए उमड़ी मरीजों की भीड़, विशेषज्ञ चिकित्सकों ने दिया परामर्श

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच । भारत विकास परिषद, महात्मा बुद्ध शाखा नानपारा द्वारा नगर के शंकर इंटर कॉलेज परिसर में विशाल निःशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में बहराइच के प्रसिद्ध बिटाना एंड चंद्रावती हॉस्पिटल के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया। कैंप में हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. मोहम्मद यूनुस एवं यूरोलॉजी विशेषज्ञ डॉ. धीरेंद्र यादव ने सैकड़ों मरीजों की जांच की। इस दौरान मरीजों को निःशुल्क शुगर एवं ईसीजी जांच की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई। लगभग 50 मरीजों ने टोकन धनराशि जमा कर बिटाना एंड चंद्रावती हॉस्पिटल में आगे की जांच हेतु पंजीकरण कराया, जिस पर अस्पताल प्रबंधन की ओर से 50 प्रतिशत छूट प्रदान किए जाने की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का उद्घाटन अग्रवाल समाज नानपारा के अध्यक्ष राजेश भीमराजका ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके उपरांत परिषद के अध्यक्ष धर्मेंद्र कांत, संरक्षक सुरेश चंद्र शाह एवं सचिव उमेश चंद्र शाह ने चिकित्सकों को बुके भेंट कर सम्मानित किया। परिषद के सदस्य एवं शंकर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य अनुराग श्रीवास्तव ने डॉक्टरों एवं अतिथियों का स्वागत किया। कैंप में उपस्थित मरीजों को अग्रिम चिकित्सकीय परामर्श भी प्रदान किया गया। अस्पताल की डायरेक्टर शुभांगी वर्मा, मैनेजमेंट टीम से राजन श्रीवास्तव एवं डॉ. अतुल मिश्रा भी उपस्थित रहे। विशेषज्ञ टीम में सरिता मिश्रा, प्रिंसी वर्मा एवं रिंकी देवी ने मरीजों का परीक्षण कर चिकित्सकों से परामर्श दिलाने में सहयोग किया। इस अवसर पर परिषद के कोषाध्यक्ष सुशील कुमार श्रीवास्तव, अजय अग्रवाल, शिवकुमार वैश्य, संत बहादुर वर्मा, मनोज कुमार तिवारी, आनंद रस्तोगी, नितेश अग्रवाल, आदर्श त्रिपाठी, डॉ. अशोक गुप्ता, श्वेता सिंह, वीरांगना कांत, अमित पांडे, नीरज शर्मा, प्रेमनाथ मिश्र सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

# जनसुनवाई में गूंजी आवारा कुत्तों की दहशत: बच्चे को बचाते घायल हुआ पिता, कार्रवाई की मांग तेज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर।समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली जनसुनवाई में आवारा कुत्तों के आतंक का गंभीर मामला सामने आया है। संदर्भ संख्या 40015126010157 के तहत मोहल्ला वमनपुरी वार्ड नंबर-3 निवासी रवि जायसवाल ने प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की गुहार लगाई है शहर में इन दिनों आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है गली-मोहल्लों में झुंड बनाकर घूम रहे खतरनाक कुत्ते राहगीरों, खासकर छोटे बच्चों और बाइक सवारों को निशाना बना रहे हैं आए दिन अचानक हमलों की घटनाओं से लोगों में डर का माहौल बन गया है स्थानीय लोगों के अनुसार सुबह और शाम के समय कुत्तों के झुंड ज्यादा सक्रिय हो जाते हैं स्कूल जाने वाले छोटे बच्चे इन कुत्तों का आसान शिकार बन रहे हैं कई अभिभावकों ने बताया कि बच्चे घर से निकलने में भी घबराने लगे हैं वहीं बाइक सवारों पर अचानक भौंकते हुए पीछे दौड़ने से कई बार हादसे होने की आशंका बनी रहती है मोहल्लों में रहने वाले लोगों का कहना है कि कई बार नगर निगम से शिकायत की गई, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सका कुत्तों की संख्या लगातार बढ़ रही है और उनके व्यवहार में आक्रामकता भी देखने को मिल रही है विशेषज्ञों का मानना है कि भोजन की कमी, गर्मी और अनियंत्रित प्रजनन के कारण कुत्ते अधिक आक्रामक हो जाते हैं ऐसे में समय रहते नियंत्रण नहीं किया गया तो स्थिति और गंभीर हो सकती है शहरवासियों ने नगर निगम से मांग की है कि आवारा कुत्तों को पकड़कर सुरक्षित स्थानों पर भेजा जाए, उनका टीकाकरण और नसबंदी अभियान तेज किया जाए ताकि इस समस्या से राहत मिल सके अब देखने वाली बात होगी कि प्रशासन इस गंभीर समस्या को कितनी गंभीरता से लेता है और आम जनता को राहत दिलाने के लिए क्या ठोस कदम उठाए जाते हैं शिकायत के अनुसार,अधिवक्ता रवि जायसवाल अपने चार वर्षीय बच्चे को मोटरसाइकिल से आरएसआरडी विद्यालय (एलआईसी के पास) छोड़ने जा रहे थे रास्ते में पानी की टंकी से पहले वॉर्ड नम्बर 05 मे मोहल्ला बमनपुरी मे करतार सिंह चक्की के पास पाकड़ के पेड़ के नीचे मौजूद 8-10 आवारा कुत्तों ने अचानक उनकी बाइक का पीछा करना शुरू कर दिया बच्चे को बचाने के प्रयास में वह संतुलन खो बैठे और कुत्तों ने उन पर हमला कर दिया किसी तरह उन्होंने अपने बच्चे को सुरक्षित बचाया, लेकिन खुद कुत्ते के काटने से घायल हो गए पीड़ित ने बताया कि उन्होंने प्राथमिक उपचार करा लिया है, लेकिन अब भी डर बना हुआ है रोज सुबह 7:30 बजे और दोपहर 12 बजे इसी रास्ते से बच्चे को स्कूल लाने-ले जाने के दौरान उन्हें और अन्य राहगीरों को खतरा बना रहता है स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर बड़ी संख्या में आवारा कुत्ते घूमते हैं, जिससे कभी भी बड़ी घटना हो सकती कई बार शिकायतों के बावजूद ठोस कार्रवाई नहीं होने से लोगों में रोष है नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि आवारा कुत्तों को पकड़कर सुरक्षित स्थानों पर भेजा जाए, साथ ही उनका टीकाकरण और नसबंदी अभियान तेजी से चलाया जाए लोगों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो किसी बड़ी दुर्घटना से इंकार नहीं किया जा सकता लगातार बढ़ रही घटनाओं के बीच अब सवाल उठ रहे हैं कि नगर पालिका और संबंधित विभाग इस गंभीर समस्या पर कब प्रभावी कदम उठाएंगे, ताकि आमजन खासकर छोटे बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

## बाढ़ व जलभराव से राहत के लिए नगर पालिका परिषद कार्यालय में मंथन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

### नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ अर्बन अफ़ेयर के विशेषज्ञों के साथ पालिकाध्यक्ष की बैठक हुई

पीलीभीत। शहर में बाढ़ की समस्या और अत्यधिक बारिश के दौरान होने वाले जलभराव से स्थायी समाधान तलाशने के उद्देश्य से गुरुवार को नगर पालिका परिषद कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ अर्बन अफ़ेयर, नई दिल्ली से आए विशेषज्ञों ने नगर पालिका अध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल के साथ विस्तृत चर्चा कर शहर की वर्तमान स्थिति का आकलन किया। बैठक में बाढ़ प्रबंधन, जल निकासी व्यवस्था, नालों की स्थिति, जलभराव वाले प्रमुख क्षेत्रों की पहचान तथा भविष्य की कार्ययोजना जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर गहन विचार-विमर्श किया गया। विशेषज्ञों ने कहा कि शहरी क्षेत्रों में बढ़ते जलभराव की समस्या के समाधान के लिए वैज्ञानिक और दीर्घकालिक रणनीति अपनाना बेहद आवश्यक है।नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने बैठक में कहा कि शहर के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण कर एक विस्तृत और व्यवहारिक रिपोर्ट तैयार की जाए। उन्होंने इस बात पर विशेष जोर दिया कि तैयार की जाने वाली योजना पर्यावरण के अनुकूल हो, जिससे जलभराव से राहत मिलने के साथ प्राकृतिक संतुलन भी बना रहे।बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल, सीनियर इंफ्रास्ट्रक्चर प्लानर लवलेश शर्मा, अर्बन डवलपमेंट स्पेशलिस्ट रिवर साइट्स विभूषित सक्सेना, सीनियर प्रोग्राम एसोसिएटस रिवर साइट्स मौमिता कर्मकार तथा बरेली के अर्बन प्लानर ज़िया मौजूद रहे। सभी विशेषज्ञों ने अपने अनुभव साझा करते हुए शहर की भौगोलिक परिस्थितियों के अनुरूप प्रभावी सुझाव प्रस्तुत किए।विशेषज्ञों ने वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देने, नालों की नियमित सफाई, जल निकासी मार्गों के चौड़ीकरण और आधुनिक ड्रेनेज सिस्टम विकसित करने पर जोर दिया। साथ ही शहर में हरित क्षेत्र बढ़ाने और प्राकृतिक जल प्रवाह को बनाए रखने की आवश्यकता भी बताई।अंत में निर्णय लिया गया कि संबंधित टीम जल्द ही बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण कर विस्तृत रिपोर्ट तैयार करेगी और उस रिपोर्ट को केंद्र सरकार को सौपेगी जिसके आधार पर आगे की कार्ययोजना बनाई जाएगी। इस पहल से नगरवासियों को भविष्य में जलभराव और बाढ़ जैसी समस्याओं से राहत मिलने की उम्मीद है।

## कृषि अधिकारी के खिलाफ किसान नेताओं ने सौंपा ज्ञापन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।भारतीय किसान यूनियन चढूनी जिला पीलीभीत द्वारा भारत अमेरिका ट्रेड डील के विरोध में जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया एवं कृषि अधिकारी द्वारा खाद्य पर रोक के संबंध में ज्ञापन दिया गया जिसमें जिला अध्यक्ष जोगा सिंह विर्क के नेतृत्व में ज्ञापन दिया गया जिसमें जिला प्रभारी बलराम सिंह मंडल उपाध्यक्ष गुरजिंदर सिंह प्रदेश सचिव गुरविंदर सिंह तहसील अध्यक्ष जगविंदर सिंह तहसील उपाध्यक्ष रेशम सिंह ब्लॉक अध्यक्ष मंगल सिंह निर्भय सिंह महेंद्र सिंह लाली जुगराज सिंह सुखवीर सिंह एवं मां कार्यकर्ता शामिल रहे है।

## एएसपी ने तीन उप निरीक्षकों को प्रशस्ति पत्र भेंटकर दी बधाई



कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले तीन उप निरीक्षको को विदाई देते हुये उपहार भेंट किया गया। जनपद अमेठी में नियुक्त उप निरीक्षक हरिशंकर वर्मा, धर्मेन्द्र कुमार व शबीब खां को उनकी अधिवर्षता आयु पूर्ण होने पर सेवानिवृत्ति के उपरान्त पुलिस कार्यालय गौरीगंज में अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह द्वारा उनको उत्कृष्ट सेवा के लिये प्रशस्ति पत्र प्रदान किया एवं उपहार देकर विदाई दी गई तथा आगामी जीवन की शुभकामनाएं दी गई, साथ-साथ वर्तमान समय में चल रहे फोन कॉल अथवा ऑनलाइन साइबर ठगी जैसे-फर्जी ट्रेजरी अधिकारी बनकर अथवा पुलिस कार्यालय के कर्मचारी बनकर रिटायर्ड पुलिस कर्मियो को पेंशन प्रपत्र पूरा न होने बात कहकर पेंशन रोकने की बात कहकर उनसे पूरी जानकारी व ओटीपी आदि पूंछकर ठगी करने वालों से सावधान रहने व इस प्रकार के फोन कॉल पर कोई भी जानकारी न देने के बारे में जानकारी देकर जागरूक भी किया गया जिससे किसी के साथ कोई साइबर ठगी न हो सके।

## नगर पालिका का नया वर्कशॉप व सर्विस स्टेशन शुरू, सफाई व्यवस्था को मिलेगा मजबूती

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। नगर क्षेत्र सुलतानपुर के गोराबारिक (अमहट) वार्ड घासीगंज में नगर पालिका परिषद द्वारा सफाई एवं जल-कल विभाग के वाहनों के लिए आधुनिक वर्कशॉप/सर्विस स्टेशन का लोकार्पण किया गया। इस नई सुविधा का शुभारंभ पालिका अध्यक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल ने किया।

पालिका अध्यक्ष ने बताया कि नगर में वाहनों की बढ़ती संख्या के कारण उनकी पार्किंग और रख-रखाव में समस्याएं आ रही थीं। इन्हें ध्यान में रखते हुए पालिका की खाली कराई गई जमीन पर करीब पौने दो करोड़ रुपये की लागत से इस वर्कशॉप का निर्माण कराया गया है। इस वर्कशॉप में मिट्टी भरान, इंटरलॉकिंग मार्ग, सुरक्षा के लिए बाउंड्री वॉल, हल्के और भारी वाहनों के लिए अलग-अलग शेड, वाशिंग शेड, प्रशासनिक भवन, विश्राम कक्ष और शौचालय जैसी सुविधाएं विकसित की गई हैं। अब शहर में साफ-सफाई से जुड़े सभी वाहनों का संचालन और रख-रखाव यहीं से किया जाएगा, जिससे सफाई व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी। कार्यक्रम के दौरान अधिशासी अधिकारी लाल चन्द्र सरोज ने बताया कि वर्कशॉप के सुचारू संचालन के लिए कर्मचारियों की अतिरिक्त ड्यूटी भी लगाई गई है। कार्यक्रम का संयोजन स्थानीय सभासद अंतिमा गुप्ता और संदीप गुप्ता ने किया, जबकि संचालन सभासद प्रवीण मिश्र ने किया। इस मौके पर नगर पालिका के कई अधिकारी, सभासद, नामित सदस्य और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## आईएससी बोर्ड परीक्षा में वंशिका सिंह ने रचा इतिहास

कैनविज टाइम्स संवाददाता

### 98.50 प्रतिशत अंक हासिल कर बढ़ाया सुल्तानपुर का मान



सुलतानपुर। जनपद की प्रतिभाशाली बेटी वंशिका सिंह ने आईएससी बोर्ड परीक्षा में 98.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश का नाम गौरवान्वित कर दिया है। वंशिका उच्च न्यायालय लखनऊ के शासकीय अधिवक्ता एवं कुड़वार ब्लॉक के देवलपुर गांव निवासी डॉ. बी.के. सिंह की सुपुत्री हैं। उनकी इस शानदार सफलता से पूरे क्षेत्र में खुशी और उत्साह का माहौल है।

वंशिका ने इससे पहले हाईस्कूल परीक्षा में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया था। लगातार दूसरी बड़ी उपलब्धि हासिल कर उन्होंने यह सिद्ध कर दिया कि मेहनत, लगन और अनुशासन के बल पर किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। वंशिका की इस ऐतिहासिक सफलता पर रामबरन स्नातकोत्तर महाविद्यालय, विभारपुर, जयसिंहपुर सुलतानपुर में एक सम्मान बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रबंधक अजय कुमार सिंह ने की। बैठक में उपस्थित शिक्षकों एवं गणमान्य लोगों ने वंशिका की उपलब्धि को जिले के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताया। प्रबंधक वंशिका को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारी संजय सिंह, इंचार्ज प्राचार्य अजय कुमार त्रिपाठी, डॉ. जी.के. सिंह, डॉ. सिंधु लता त्रिपाठी, अमर बहादुर वर्मा, निदेशक अमर प्रताप सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने डॉ. बी.के. सिंह को बधाई देते हुए वंशिका के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### सुल्तानपुर बना प्रदेश में नंबर-1 99.92: छात्र सत्यापन पूरा, बीएसए उपेंद्र गुप्ता की नेतृत्व क्षमता आई सामने



सुल्तानपुर। बेसिक शिक्षा विभाग की सतत मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और मजबूत मॉनिटरिंग के दम पर सुल्तानपुर ने प्रदेश में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। प्रेरणा पोर्टल पर 99.92 प्रतिशत छात्र सत्यापन पूरा कर जिला पूरे उत्तर प्रदेश में पहले स्थान पर पहुंच गया है। जिले में कुल 1,45,348 छात्रों के सापेक्ष 1,41,954 छात्रों का सत्यापन सफलतापूर्वक पूरा किया जा चुका है। वहीं डाटा उपलब्ध न होने के कारण 3,280 छात्रों को पोर्टल से हटाया गया है और अब केवल 114 छात्रों का सत्यापन शेष है। विभाग ने निर्देश दिए हैं कि शेष छात्रों का सत्यापन जल्द पूर्ण कर शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया जाए। इस सफलता के पीछे सबसे बड़ा योगदान उपेंद्र गुप्ता (बेसिक शिक्षा अधिकारी) के प्रभावी नेतृत्व और निरंतर मॉनिटरिंग को माना जा रहा है। उनकी प्रेरणा, नियमित समीक्षा बैठकों और शिक्षक संकुलों को लगातार प्रोत्साहित करने की रणनीति ने पूरे अभियान को गति दी। सत्यापन प्रक्रिया के दौरान कमजोर इंटरनेट कनेक्टिविटी, आधार व बैंक डिटेल मिलान में समस्याएं और दस्तावेजों की कमी जैसी कई चुनौतियां सामने आईं, लेकिन शिक्षकों के समर्पण और टीमवर्क ने इन सभी बाधाओं को पार कर लिया। प्रदेश स्तर पर खीरी 99.83 प्रतिशत के साथ दूसरे और ललितपुर 99.71 प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर हैं। बीएसए उपेंद्र गुप्ता ने इस उपलब्धि का श्रेय शिक्षकों की मेहनत को देते हुए कहा कि निरंतर प्रयास, सही मार्गदर्शन और टीमवर्क के बल पर यह सफलता संभव हो सकी है। भविष्य में भी सुल्तानपुर शिक्षा के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित करता रहेगा। यह उपलब्धि न केवल जिले की शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करती है बल्कि यह भी सुनिश्चित करेगी कि छात्रवृत्ति, ड्रेस और मिड-डे मील जैसी योजनाओं का लाभ अब अधिक पारदर्शिता और समयबद्ध तरीके से छात्रों तक पहुंचे।

### शादी में हर्ष फायरिंग से युवक गंभीर घायल, विधायक पुत्र ने संभाली स्थिति

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। पूरनपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सुआभोझ में एक शादी समारोह के दौरान हर्ष फायरिंग की घटना ने खुशी के माहौल को मातम में बदल दिया जानकारी के अनुसार, कार्यक्रम के बीच गलती से चली गोली लगने से जगतवीर नामक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया घटना की सूचना मिलते ही विधायक पुत्र ऋतुराज पासवान मौके पर पहुंचे और घायल को तुरंत सीएचसी पूरनपुर ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया ऋतुराज पासवान ने डॉक्टरों से व्यक्तिगत रूप से वार्ता कर घायल के बेहतर इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित कराई इसके साथ ही उन्होंने पूरनपुर कोतवाली पुलिस को मामले की गहन जांच करने के निर्देश दिए, ताकि घटना के कारणों का स्पष्ट पता चल सके और दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जा सके ऋतुराज पासवान ने कहा कि वे अपने क्षेत्र के प्रत्येक नागरिक की सुरक्षा और सेवा के लिए सदैव प्रतिबद्ध हैं उन्होंने ईश्वर से घायल युवक के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना भी की है।

### शादी की खुशियां मातम में बदलीं: हर्ष फायरिंग में युवक को लगी गोली, हालत नाजुक; आरोपी पर मुक़दमा दर्ज

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना पूरनपुर क्षेत्र में एक शादी समारोह उस समय अफरा-तफरी में बदल गया जब बारात के दौरान हुई हर्ष फायरिंग ने एक युवक की जान पर बन आई ग्राम सुआबोझ निवासी जगतवीर को गोली लगने से गंभीर रूप से घायल होना पड़ा, जिसके बाद पूरे समारोह में दहशत और हड़कंप मच गया प्रार्थी राकेश कुमार पुत्र रामपाल के अनुसार, वह 29 अप्रैल 2026 की रात करीब 10 बजे अपने भाई जगतवीर और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ ग्राम रामपुर तालुका महाराजपुर में श्री रामनाथ की पुत्री के विवाह समारोह में शामिल होने गए थे शादी में बारात के दौरान बैण्ड-बाजे पर नाच-गाना चल रहा था और बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे इसी दौरान, मोहल्ला कायस्थान पूरनपुर निवासी रजत राठौर पुत्र छोटेलाल ने कथित रूप से अपनी कमर से अवैध तमंचा निकालकर भीड़ के बीच फायर कर दिया बताया जा रहा है कि आरोपी को भीड़भाड़ का अंदाजा होने के बावजूद उसने लापरवाही और जानलेवा तरीके से फायरिंग की फायरिंग के दौरान निकली गोली सीधे जगतवीर के गले के नीचे जा लगी, जिससे वह मौके पर ही गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़ा। घटना को मौके पर मौजूद रजनीश पुत्र रामेश्वरदयाल सहित कई लोगों ने अपनी आंखों से देखा, जिससे घटना की पुष्टि होती है घटना के बाद परिजनों ने बिना देर किए घायल जगतवीर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पूरनपुर पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए तत्काल उच्च स्तरीय उपचार के लिए रेफर कर दिया इसके बाद उसे सूर्यान्श अस्पताल पूरनपुर में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने ऑपरेशन कर उसकी पीठ की ओर से गोली निकाली फिलहाल उसकी हालत अत्यंत नाजुक बनी हुई है और वह जीवन-मृत्यु के बीच संघर्ष कर रहा है इस घटना के बाद परिजनों में आक्रोश व्याप्त है फिलहाल पुलिस ने मामले मे मुकद्दमा दर्ज कर लिया है उनका कहना है कि ऐसी लापरवाही और अवैध हथियारों के प्रयोग पर सख्त रोक लगनी चाहिए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं दोबारा न हो शादी-विवाह जैसे खुशी के मौके पर हर्ष फायरिंग की बढ़ती घटनाएं लगातार लोगों की जान के लिए खतरा बनती जा रही हैं प्रशासन द्वारा बार-बार चेतावनी और सख्ती के बावजूद इस तरह की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही हैं यह घटना एक बार फिर इस गंभीर समस्या की ओर इशारा करती है, जिस पर कठोर कार्रवाई की जरूरत है फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है और आरोपी की तलाश की जा रही है वहीं क्षेत्र में इस घटना को लेकर लोगों में दहशत के साथ-साथ आक्रोश भी देखा जा रहा है

### दहेज की मांग पूरी न होने पर बारात में हंगामा, शादी अधर में लटकी पीड़ित पक्ष ने दी तहरीर

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। पूरनपुर क्षेत्र में दहेज को लेकर एक शादी समारोह में जमकर हंगामा होने का मामला सामने आया है आरोप है कि दूल्हा पक्ष ने पहले तिलक के दौरान असंतोष जताया और बाद में शादी के दिन 5 लाख रुपये नकद की अतिरिक्त मांग कर दी मांग पूरी न होने पर मारपीट और धमकी देने के बाद बारात वापस लौट गई, जिससे शादी अधर में लटक गई ग्राम खमरिया पट्टी निवासी अनोखे लाल ने कोतवाली पूरनपुर में दी तहरीर में बताया कि उन्होंने अपनी पुत्री सोनम देवी का विवाह निखिल कुमार निवासी निजामपुर उर्फ लाह के साथ तय किया था 15 अप्रैल 2026 को तिलक समारोह में करीब 2 लाख 6 हजार रुपये का सामान दिया गया, लेकिन दूल्हा पक्ष इससे संतुष्ट नहीं हुआ पीड़ित के अनुसार, 27 अप्रैल को श्रीजी पैलेस में बारात पहुंची, जहां दूल्हा पक्ष का स्वागत सत्कार किया गया। लेकिन जयमाला से पहले ही दूल्हा निखिल कुमार, उसके परिजन और अन्य बाराती शराब के नशे में उत्पात करने लगे और 5 लाख रुपये नकद की मांग करने लगे काफी समझाने-बुझाने के बाद किसी तरह शादी की रस्में पूरी कराई गईं अगली सुबह 28 अप्रैल को दूल्हा पक्ष ने फिर से दहेज की मांग दोहराई और विवाद बढ़ गया आरोप है कि विरोध करने पर दूल्हा पक्ष ने लड़की वालों के साथ मारपीट की, जिसमें कई लोग घायल हो गए साथ ही जान से मारने की धमकी देते हुए बिना दहेज की मांग पूरी हुए लड़की को विदा कराने से इनकार कर दिया और वापस लौट गए इस घटना से पीड़ित परिवार को मानसिक और सामाजिक आघात पहुंचा है पीड़ित ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सख्त कार्रवाई की मांग की है।पुलिस का कहना है कि तहरीर प्राप्त हो गई है और मामले की जांच कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### पिपरी अहमदाबाद के पूर्व प्रधान के घर पर आयोजित तिलक से बाइक चोरी

तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना इन्हौना क्षेत्र के गांव पिपरी अहमदाबाद में पूर्व ग्राम प्रधान के घर पर आयोजित तिलकोत्सव समारोह से बेखौफ चोरों द्वारा एक मोटर साइकिल पार कर दी गई है। पुलिस ने पीड़ित वाहन स्वामी की तहरीर पर मुकदमा दर्जकर लिया है लेकिन बाइक का सुराग नही लग सका है। थाना क्षेत्र के गांव राजा फत्तेपुर निवासी राम कुमार पुत्र भगवती प्रसाद फ्लावर डेकोरेशन का कार्य कर परिवार का भरण पोषण करता है। पीड़ित ने बताया कि पिपरी अहमदाबाद के पूर्व ग्राम प्रधान राम कुमार यादव के घर पर मंगलवार को तिलकोत्सव समारोह आयोजित था वह अपनी मोटर साइकिल स्पलेंडर प्लस संख्या यूपी 36 वी 3791 लेकर गया था और वह अपनी मोटर साइकिल गाडियों के बीच खडी करके भोजन करने चला गया वहां से जब वापस आया तो उसे मौके से उसकी मोटर साइकिल नदारद मिली। वाहन स्वामी ने काफी खोजबीन की लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका उसने स्थानीय पुलिस को सूचित किया और बाइक अज्ञात चोर द्वारा चोरी करने की बात कही गई। पुलिस ने वाहन स्वामी की तहरीर पर मुकदमा तो दर्जकर लिया है लेकिन बाइक का सुराग नही लगा सकी है। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष विवेक कुमार सिंह ने बताया कि बाइक चोरी का मुकदमा दर्जकर लिया गया है और तलाश के लिये पुलिस टीम लगाई गई है।

### बीएसए ने शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बरतने वाले सात बीईओ को थमाई नोटिस

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। आईजीआरएस पोर्टल पर आई शिकायतों के निस्तारण और संतुष्ट फ़ीड बैक दर्ज करने में लापरवाही बरतने पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने आधा दर्जन से अधिक खण्ड शिक्षा अधिकारियों को नोटिस थमाई है और शाहगढ़ के खण्ड शिक्षा अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी ने बताया कि जिलाधिकारी द्वारा बीती तेइस अप्रैल को आईजीआरएस पोर्टल की समीक्षा की गई जिसमें पाया गया कि शुकुल बाजार, भेंटुआ, संग्रामपुर, जगदीशपुर, शाहगढ़, तिलोई एवं जामो के खण्ड शिक्षा अधिकारी स्तर पर अत्यधिक असंतुष्ट फीडबैक प्राप्त हो रहें है। जबकि पौटल पर संतुष्ट फीडबैक दर्ज किये जाने एवं संदर्भ डिफॉल्टर होने से पूर्व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु आपको पत्र, आईजीआरएस व्हाट्सऐप ग्रुप, दूरभाष व आईजीआरएस की प्रत्येक माह आयोजित बैठक के माध्यम से बार-बार सूचित किये जाने के उपरान्त भी आपके द्वारा संदर्भ का समयान्तर्गत निस्तारण फीडबैक दर्ज नहीं किया जा रहा है जिससे परिलक्षित होता है कि आप द्वारा उच्चाधिकारियों द्वारा दिये गये आदेशो का पालन नहीं किया जा रहा है तथा न ही मुख्यमंत्री की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल 'जनशिकायत निवारण प्रणाली' में प्राप्त संदर्भो के निस्तारण में रूचि ली जा रही है जो कि आपकी लापरवाही एवं अनुशासनहीनता का द्योतक हैं। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी ने बताया समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि पोर्टल पर प्राप्त संदर्भ का समयान्तर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण संतुष्ट फीडबैक क्यों नहीं दर्ज किया गया के सम्बन्ध में अपना स्पष्टीकरण दो दिवस के भीतर अधोहस्ताक्षरी का उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, यदि भविष्य में आपसे सम्बन्धित आईजीआरएस पोर्टल पर अस्सी से एक सौ प्रतिशत संतुष्ट फीडबैक दर्ज न किये जाने एवं संदर्भ की नियत दिनांक के अंतिम दिन से दो दिन पूर्व तक 'लम्बित श्रेणी में प्रदर्शित पाया जाता है तो आपके विरूद्ध विभागीय कार्यवाही प्रस्तावित कर दी जायेगी।

### भारत गैस एजेंसी संचालक की दबंगई, उज्ज्वला लाभार्थी परेशान

सुल्तानपुर। जिले में रसोई गैस वितरण व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। हालियापुर में संचालित भारत गैस एजेंसी पर गंभीर आरोप सामने आए हैं, जहां एक उज्ज्वला योजना लाभार्थी का सिलेंडर और पासबुक (किताब) जबरन रख लिए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित उपभोक्ता बीते तीन माह से सिलेंडर के लिए भटक रहा है, लेकिन उसे अब तक गैस उपलब्ध नहीं हो सकी है।

## सम्पादकीय

# चुनावी हिंसा रोकने में नाकाम आयोग

प. बंगाल चुनाव के दूसरे और आखिरी दौर के मतदान से पहले भाजपा और चुनाव आयोग पर नए सवाल खड़े हो गए हैं। दरअसल दूसरे चरण से पहले चुनाव आयोग ने उत्तरप्रदेश के आईपीएस अधिकारी और काउंटर स्पेशलिस्ट माने जाने वाले अजय पाल शर्मा को दक्षिण 24 परगना जिले का नया पुलिस निरीक्षक नियुक्त किया है। इस नियुक्ति के फौरन बाद अजय पाल शर्मा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। वीडियो में वे फाल्टा क्षेत्र के तृणमूल कांग्रेस उम्मीदवार जहांगीर के घर के पास खड़े हुए हैं और कहते हैं श्जहांगीर के घर वाले खड़े हैं, उसको बता देना कि कायदे से रहे... यह बार-बार जो खबर आ रही है कि जहांगीर के लोग धमका रहे हैं, तो फिर अच्छे से खबर लेंगे, फिर बाद में रोना और पछताना मत...। अजय पाल शर्मा की इस भाषा और धमकी पर तो सवाल उठ ही रहे हैं, कुछ पूर्व पुलिस अधिकारियों का कहना है कि चुनाव निरीक्षक का काम चुनाव आयोग की आंख और कान की तरह काम करना है, लेकिन उसमें मुंह बंद रखना होता है। यानी ऐसे सरेआम किसी का नाम लेकर धमकाना सही नहीं है। अजय पाल शर्मा की नियुक्ति पर एक तरफ टीएमसी ने सवाल उठाए, तो वहीं सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने उन्हें संभल और रामपुर में भाजपा का परखा हुआ एजेंट कहकर बता दिया है कि इस नियुक्ति के पीछे राजनैतिक दबाव काम कर रहा है। अगर ऐसा नहीं है तो चुनाव आयोग को इस पर फौरन सफाई देनी चाहिए। क्योंकि लगातार प.बंगाल में आयोग की कामकाज की शैली पर सवाल उठ रहे हैं। जैसे चुनाव आयोग ने सोमवार, 27 अप्रैल को ही श्उपद्रवियोंश की एक नई सूची जारी की थी, जिसमें दूसरे दौर की 142 विधानसभा सीटों में तृणमूल कांग्रेस से जुड़े हजारों लोगों के नाम शामिल हैं। इन सभी सीटों पर बुधवार को मतदान होना है। चुनाव आयोग द्वारा जारी इस सूची को एहतियाती कार्रवाई या हिरासत में लेने के अनुरोध के साथ जारी किया गया है। इसी तरह इस बार के चुनाव को शांतिपूर्ण निपटाने के लिए चुनाव आयोग ने केन्द्रीय बलों की 2400 कंपनियां यानी करीब 2.4 लाख जवानों को तैनात किया है, जबकि लोकसभा चुनाव के लिए सभी 543 सीटों पर 3400 कंपनियां तैनात की गईं थी। इसके बावजूद राज्य में हिंसा की घटनाएं रुक नहीं रही हैं। सोमवार को टीएमसी की महिला और अनुसूचित जाति से आने वाली सांसद मिताली बाग की कार पर हमला हुआ। पत्थर बरसा कर उनकी कांच के शीशे तोड़े गए, जिसमें वो और उनका ड्राइवर दोनों घायल हुए हैं। टीएमसी का आरोप है कि हमला भाजपा के लोगों ने करवाया। एक पोस्ट में टीएमसी ने लिखा भी कि अमित शाह ने कहा था कि टीएमसी के लोगों को उल्टा लटका देंगे और अब ये हमला हुआ है। टीएमसी का ये भी आरोप है कि सुरक्षा के नाम पर तैनात जवान और पुलिस निरीक्षक आधी रात को छापे मार रहे हैं, रात के सन्नाटे में आम नागरिकों और तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के घरों में जबरदस्ती घुस रहे हैंय वे परिवारों को आतंकित कर रहे हैं, मतदाताओं को डरा-धमका रहे हैं। वहीं मिताली बाग पर हुए हमले के बाद सागरिका घोष ने सवाल उठाया है कि क्या यही भाजपा की नारी शक्ति के सम्मान की हकीकत है। हालांकि ऐसा ही हमला गोगहाट में भाजपा प्रत्याशी प्रशांत दिगार की गाड़ी पर भी किए जाने का आरोप लगा है। उनकी कार के शीशे तोड़ दिए गए। भाजपा ने इस हमले के लिए तृणमूल कांग्रेस समर्थकों को जिम्मेदार ठहराया है। इससे तीन दिन पहले एक कांग्रेस कार्यकर्ता की हत्या भी हो गई। इन हालात में सवाल ये है कि चुनाव आयोग के दावों का क्या हुआ। याद रहे कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने स्पष्ट किया था कि इस बार चुनाव में न छप्पा यानी फर्जी वोटिंग होगी और न ही बूथ जैमिंग यानी बूथ पर कब्जा होने दिया जाएगा। आयोग का कहना है कि निष्पक्ष चुनाव ही लोकतंत्र की असली पहचान है और 2021 जैसी घटनाओं की पुनरावृत्ति किसी भी हाल में नहीं होने दी जाएगी। इस बार चुनाव आयोग की रणनीति पूरी तरह बदली हुई है। अब फोकस घटना होने के बाद कार्रवाई करने पर नहीं, बल्कि पहले से रोकथाम करने पर है।

# करुणा, शांति और आत्मजागरण के प्रकाशस्तंभ हैं गौतम बुद्ध

**गौतम बुद्ध एक प्रकाशस्तंभ है, जिसका प्रकाश केवल बाहरी दुनिया को ही नहीं, बल्कि भीतरी दुनिया को भी आलोकिक करता है। बुद्ध को सबसे महत्वपूर्ण भारतीय आध्यात्मिक महामनीषी, देवपुरुष, सिद्ध-संन्यासी, समाज-सुधारक धर्मगुरु माना जाता हैं। बुद्ध को भगवान विष्णु का नौवां अवतार भी माना जाता है, इस दृष्टि से हिन्दू धर्म में भी वे पूजनीय है। उन्हें धर्मक्रांति के साथ-साथ व्यक्ति एवं विचारक्रांति के सूत्रधार भी कह सकते हैं। उनकी क्रांतिवाणी उनके क्रांत व्यक्तित्व की द्योतक ही नहीं वरन धार्मिक, सामाजिक विकृतियों एवं अंधरूढ़ियों पर तीव्र कटाक्ष एवं परिवर्तन की प्रेरणा भी है, जिसने असंख्य मनुष्यों का जीवन-निर्माण किया एवं उनकी जीवन दिशा को बदला। बुद्ध ने जब अपने युग की जनता को धार्मिक-सामाजिक, आध्यात्मिक एवं**

## बुद्ध पूर्णिमा पर विशेष

मानव सभ्यता के इतिहास में कुछ ऐसे महापुरुष हुए हैं, जिनका जीवन केवल एक युग तक सीमित नहीं रहता, बल्कि युगों-युगों तक मानवता के पथ को आलोकित करता है। गौतम बुद्ध ऐसे ही एक अद्वितीय प्रकाशस्तंभ हैं, जिनका करुणा, अहिंसा और आत्मजागरण का संदेश आज भी उतना ही प्रासंगिक है जितना ढाई हजार वर्ष पूर्व था। बुद्ध पूर्णिमा का पावन दिवस केवल एक ऐतिहासिक स्मृति नहीं, बल्कि आत्मबोध, समता और शांति के उस दिव्य संदेश का पुनर्स्मरण है, जिसकी आज के हिंसाग्रस्त और तनावपूर्ण विश्व को अत्यंत आवश्यकता है। बुद्ध पूर्णिमा का दिन अद्वितीय है, क्योंकि इसी दिन गौतम बुद्ध का जन्म, ज्ञानप्राप्ति और महापरिनिर्वाण-तीनों घटनाएं घटित हुईं। नेपाल के लुम्बिनी में जन्मे सिद्धार्थ ने बोधगया में बोधिवृक्ष के नीचे ज्ञान प्राप्त किया और कुशीनगर में निर्वाण को प्राप्त हुए। इस दृष्टि से यह दिन केवल एक महापुरुष का स्मरण नहीं, बल्कि जीवन की पूर्णता, जागरण और मुक्ति का प्रतीक है। आज विश्व के विभिन्न देशों-श्रीलंका, थाईलैंड, म्यांमार, जापान, कोरिया और भारत में इसे विभिन्न नामों और परंपराओं के साथ मनाया जाता है। श्रीलंका में 'वेसाक' के रूप में दीपों और करुणा के उत्सव के रूप में यह दिन विशेष रूप से उल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। गौतम बुद्ध एक प्रकाशस्तंभ है, जिसका प्रकाश केवल बाहरी दुनिया को ही नहीं, बल्कि भीतरी दुनिया को भी आलोकिक करता है। बुद्ध को सबसे महत्वपूर्ण भारतीय आध्यात्मिक महामनीषी, देवपुरुष, सिद्ध-संन्यासी, समाज-सुधारक धर्मगुरु माना जाता हैं। बुद्ध को भगवान विष्णु का नौवां अवतार भी माना जाता है, इस दृष्टि से हिन्दू धर्म में भी वे पूजनीय है। उन्हें धर्मक्रांति के साथ-साथ व्यक्ति एवं विचारक्रांति के सूत्रधार भी कह सकते हैं। उनकी क्रांतिवाणी उनके क्रांत व्यक्तित्व की द्योतक ही नहीं वरन धार्मिक, सामाजिक विकृतियों एवं अंधरूढ़ियों पर तीव्र कटाक्ष एवं परिवर्तन की प्रेरणा भी है, जिसने असंख्य मनुष्यों का जीवन-निर्माण किया एवं उनकी जीवन दिशा को बदला। बुद्ध ने जब अपने युग की जनता को धार्मिक-सामाजिक, आध्यात्मिक एवं अन्य यज्ञादि अनुष्ठानों को लेकर अज्ञान में घिरा देखा, साधारण जनता को धर्म के नाम पर अज्ञान में पाया, नारी को अपमानित होते देखा, शुद्रों के प्रति अत्याचार होते देखे-तो उनका मन जनता की सहानुभूति में उद्वेलित हो उठा। लोकजीवन को ऊंचा उठाने के लिये उन्होंने जो हिमालयी प्रयत्न किये, वे अद्भुत और आश्चर्यकारी है। बुद्ध के अनुसार जीवन में हजारों लड़ाइयां जीतने से बेहतर स्वयं पर विजय प्राप्त करना है। गौतम बुद्ध के बचपन का नाम सिद्धार्थ था, वे एक राजकुमार थे, किन्तु जीवन के दुख-जरा, व्याधि और मृत्यु ने उनके अंतर्मन को विचलित कर दिया। 29 वर्ष की आयु में उन्होंने राजवैभव का त्याग कर सत्य की खोज का मार्ग अपनाया। कठोर तप और साधना के पश्चात उन्होंने पाया कि न तो भोग का मार्ग उचित है और न ही अत्यधिक तप का। उन्होंने मध्यम मार्ग का सिद्धांत दिया-संतुलन, सजगता और समत्व का मार्ग। गौतम बुद्ध ने सारनाथ में अपना प्रथम उपदेश दिया, जिसे धर्मचक्र प्रवर्तन कहा जाता है। उनके चार आर्य सत्य-दुःख, दुःख का कारण, दुःख का निरोध और दुःखनिरोधगामिनी प्रतिपदा-मानव जीवन के गहन विश्लेषण और समाधान प्रस्तुत करते हैं। आज का विश्व युद्ध, आतंकवाद, हिंसा, असहिष्णुता और मानसिक तनाव से जूझ रहा है। ऐसे समय में बुद्ध का करुणा एवं शांति का संदेश अत्यंत प्रासंगिक हो उठता है। उन्होंने स्पष्ट कहा- द्वेष से द्वेष कभी समाप्त नहीं होता, प्रेम से ही द्वेष समाप्त होता है। यह केवल एक नैतिक उपदेश नहीं, बल्कि सामाजिक और वैश्विक शांति का सूत्र है। यदि आज के राष्ट्र, समाज और व्यक्ति इस एक सिद्धांत को आत्मसात कर लें, तो अनेक संघर्षों का समाधान संभव हो सकता है। महात्मा बुद्ध के जीवन का एक प्रेरक प्रसंग उनकी करुणा और क्षमाशीलता का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करता है। एक व्यक्ति जो उन्हें निरंतर अपशब्द कहता था, जब दुर्घटनाग्रस्त होकर पीड़ा में पड़ा, तब बुद्ध स्वयं उसके पास पहुंचे, उसके घावों की सेवा की और अपने भिक्षुओं को उसकी देखभाल का निर्देश दिया। बुद्ध के इस अप्रत्याशित प्रेम और करुणा से उसका हृदय परिवर्तन हो गया और उसने अपने व्यवहार के लिए क्षमा मांगी। यह प्रसंग हमें सिखाता है कि सच्ची महानता प्रतिशोध में नहीं, बल्कि क्षमा और करुणा में निहित है और यही भाव मानवता को जोड़ने की सबसे बड़ी शक्ति है।



बुद्ध ने केवल बाह्य हिंसा का विरोध नहीं किया, बल्कि मन की हिंसा-ईर्ष्या, क्रोध, लोभ और अहंकार को भी सबसे बड़ा शत्रु बताया। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति स्वयं पर विजय प्राप्त कर लेता है, वही सच्चा विजेता है। हजारों युद्ध जीतने वाला भी उस व्यक्ति के सामने छोटा है, जिसने अपने मन को जीत लिया। गौतम बुद्ध ने उस समय के समाज में व्याप्त जातिवाद, छुआछूत और लैंगिक भेदभाव का विरोध किया। उन्होंने सभी मनुष्यों को समान बताया और कहा कि व्यक्ति की श्रेष्ठता जन्म से नहीं, कर्म से निर्धारित होती है। बुद्ध का संघ एक समतामूलक समाज का आदर्श उदाहरण था, जहाँ सभी वर्गों के लोग समान रूप से स्वीकार किए जाते थे। यही कारण है कि उनका आंदोलन केवल धार्मिक नहीं, बल्कि सामाजिक क्रांति का भी आधार बना। बाद में भीमराव आम्बेडकर ने भी बुद्ध के इसी समतामूलक दृष्टिकोण को अपनाते हुए लाखों लोगों को सामाजिक सम्मान का मार्ग दिखाया। यह दर्शाता है कि बुद्ध का विचार केवल प्राचीन नहीं, बल्कि आधुनिक समाज के लिए भी उतना ही प्रासंगिक है।

महान करुणामूर्ति बुद्ध का एक अत्यंत महत्वपूर्ण संदेश है- 'अप्प दीपो भव' अर्थात अपना दीपक स्वयं बनो। यह संदेश व्यक्ति को आत्मनिर्भर बनने, अपने भीतर प्रकाश खोजने और बाहरी सहारों से मुक्त होने की प्रेरणा देता है। बुद्ध का चिंतन हमें भीतर झांकने, मन को निर्मल करने और करुणा, मैत्री, मुदिता एवं उपेक्षा जैसे भावों को जीवन में उतारने की प्रेरणा देता है। वे बताते हैं कि शांति बाहर नहीं, हमारे अंतर्मन में ही निवास करती है और जब मन जाग्रत होता है, तब अहंकार, क्रोध और हिंसा स्वतः विलीन हो जाते हैं। आज के अशांत और तनावग्रस्त वातावरण में बुद्ध का यह संदेश जन-जन को प्रेम, सह-अस्तित्व और सहिष्णुता की राह पर चलने के लिए प्रेरित करता है। आज जब व्यक्ति बाहरी उपलब्धियों, तकनीकी साधनों और भौतिक सुखों में उलझा हुआ है, तब यह संदेश उसे भीतर की यात्रा करने के लिए प्रेरित करता है। मानसिक शांति, संतुलन और आत्मसंतोष केवल बाहरी साधनों से नहीं, बल्कि भीतर की सजगता और जागरूकता से प्राप्त होते हैं। बुद्ध ने वर्तमान में जीने का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि अतीत की स्मृतियाँ और भविष्य की चिंताएँ मन को अशांत करती हैं। जो व्यक्ति वर्तमान क्षण में जीना सीख लेता है, वही सच्चे अर्थों में जीवन का आनंद प्राप्त करता है। आज के तनावग्रस्त जीवन में माइंडफुलनेस (सचेतनता) की जो अवधारणा विश्वभर में लोकप्रिय हो रही है, उसका मूल स्रोत बुद्ध की ही शिक्षाएँ हैं। यह दर्शाता है कि उनका दर्शन समय से परे है। आज मानवता जिन संकटों से जूझ रही है-पर्यावरणीय असंतुलन, युद्ध, सामाजिक विभाजन, मानसिक अवसाद, उनका समाधान केवल तकनीकी प्रगति से संभव नहीं है। इसके लिए मानवीय मूल्यों की पुनर्स्थापना आवश्यक है। गौतम बुद्ध का करुणा, अहिंसा, समता और आत्मसंयम का संदेश इन सभी समस्याओं के समाधान की दिशा प्रदान करता है। यदि व्यक्ति अपने भीतर करुणा का विकास करे, तो समाज में शांति और सौहार्द स्वतः स्थापित हो सकते हैं।

बुद्ध पूर्णिमा केवल एक पर्व नहीं, बल्कि आत्मचिंतन का अवसर है। यह हमें यह सोचने के लिए प्रेरित करता है कि क्या हम बुद्ध के बताए मार्ग पर चल रहे हैं या केवल उनके उपदेशों का औपचारिक स्मरण कर रहे हैं। आज आवश्यकता इस बात की है कि हम बुद्ध को केवल पूजें नहीं, बल्कि उन्हें जियें। उनके विचारों को अपने व्यवहार में उतारें। करुणा, प्रेम, सहिष्णुता और समता को अपने जीवन का आधार बनाएं। जब प्रत्येक व्यक्ति अपने भीतर एक 'बुद्ध' को जागृत करेगा, तभी एक शांत, संतुलित और समतामूलक विश्व की स्थापना संभव होगी। यही बुद्ध पूर्णिमा का सच्चा संदेश है और यही मानवता के उज्ज्वल भविष्य की दिशा भी। **-ललित गर्ग**

# पर्यावरण संकट की चुनौती

**कुलभूषण उपमन्यु**

पिछली डेढ़ शताब्दी से, जब से औद्योगिक क्रांति ने विकास की गति तेज की और प्रकृति को जीतने की होड़ मच गई, मशीनों ने बंधक- निर्माण - शक्ति मानव के हाथ में दे दी, तब से विकास की परिभाषा भी धीरे-धीरे बदल गई। गुणात्मक जीवन के बजाय बाहुल्य को विकास माना जाने लगा। प्रकृति के साथ दुर्व्यवहार का एक अंतहीन सिलसिला आरंभ हो गया। प्रकृति के दोहन से ही बाहुल्य के लिए सामान बनाए जा सकते थे, इसलिए प्राकृतिक संसाधनों के असीमित दोहन की शुरुआत हो गई। उपनिवेशवाद के दौर में कम मशीनी शक्ति वाले देशों पर तथाकथित विकसित देशों द्वारा कब्जे किये गए और उनके संसाधनों को बेदर्दी से नष्ट किया गया। सभ्य कहलाने वाले देशों द्वारा कमजोर देशों के मूल निवासियों को किस तरह प्रताड़ित किया, उनकी सभ्यताओं को असभ्य घोषित करके नष्ट करने का कार्य किया, वह अपने आप में घिनौना इतिहास है। इसके अवशेष अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया के मूल निवासियों में देखे जा सकते हैं, किन्तु यह आधुनिक सभ्यता अब अपने ही भार से भस्मासुर की तरह नष्ट होने की दिशा में बढ़ती प्रतीत हो रही है। इस सभ्यता ने अपने ही मूल पर आघात करना शुरू कर दिया है। हालांकि वैज्ञानिक समझ के विकास के चलते सब गलत दिशा को समझ भी रहे हैं, किन्तु विज्ञान का दुरूपयोग प्रकृति विनाशक शक्ति के रूप में किया जा रहा है। दुनिया के सबसे विद्वान वैज्ञानिकों को युद्ध-विज्ञान के विकास में संलग्न कर दिया गया है। निर्णय लेने वाले लोग तो आदिम क्रूर मानसिकता के ही वाहक बने हुए हैं जिनके हाथ में मशीन और विज्ञान, प्रकृति एवं प्राणी समाज के साथ मनमानी करने का हथियार बन गया है। ज्ञान, सुख और शांति का वाहक बनने के बजाय युद्ध और क्रूरता का वाहक बन गया है। इस स्थिति में संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम के सातवें अधिवेशन में नैरोबी में प्रस्तुत की गई श्ग्लोबल आउटलुक 2025श रिपोर्ट पर्यावरण के साथ किये जा रहे दुर्व्यवहार को उजागर करती है और अपने तौर-तरीकों पर मानव समाज को पुनर्विचार करके संशोधित करने की दिशा दिखलाती है। जलवायु परिवर्तन प्रकृति के साथ किये जा रहे दुर्व्यवहार की प्रतिक्रिया के रूप में एक बड़े खतरे की चुनौती पेश कर रहा है। मशीनीकरण को चलाए रखने के लिए जिस ऊर्जा की बड़े पैमाने पर जरूरत है वह जीवाश्म ईंधन से पैदा की जा रही है। इस उत्पादन प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर धुआं और जहरीली गैसें उत्सर्जित होती हैं जो हरित प्रभाव पैदा करके वायुमंडल के तापमान में अप्रत्याशित वृद्धि कर रही हैं। तापमान वृद्धि से पूरे जलवायु का संतुलन हिल गया है। कहीं अतिवृष्टि हो रही है तो कहीं अनावृष्टि हो रही है। ग्लेशियर पिघल कर समाप्त होने की ओर अग्रसर हैं जो आसन्न जल-संकट का कारण बनेंगे। रिपोर्ट के अनुसार हरित प्रभाव गैसों के उत्सर्जन से 1.5 डिग्री सेंटीग्रेड तक का तापमान 2024 में बढ़कर 1.55 डिग्री सेंटीग्रेड हो गया है। इस गति से वृद्धि होने पर जलवायु पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ रहा है जो आगे बढ़ता ही जाएगा। यदि तापमान वृद्धि को रोका नहीं गया तो इसके कारण जैव-विविधता पर भी बुरा असर पड़ने वाला है, जिससे 10 लाख प्रजातियों के लुप्त हो जाने का खतरा पैदा हो गया है। 20 से 40 प्रतिशत भूभाग वैश्विक स्तर पर अनुपजाऊ होने के कगार पर है जिससे 300 करोड़ लोग प्रभावित होंगे। जलवायु से जुड़ी भीषण घटनाओं के कारण जन-धन की भारी हानि हो रही है। आर्थिक रूप में वार्षिक 14,300 करोड़ डॉलर की हानि पिछले दो दशकों से हो रही है। वायु प्रदूषण के कारण 2019 में स्वास्थ्य संबंधी आर्थिक नुकसान 8.1 ट्रिलियन डॉलर आंका गया था, जो वैश्विक अर्थ-व्यवस्था का 6.1 प्रतिशत है। 90 लाख मौतें प्रदूषण संबंधी कारणों से हुईं। 80 हजार लाख टन प्लास्टिक कचरा फैला हुआ है, जिससे गंभीर रासायनिक तत्वों से संपर्क हो रहा है और इससे 1.5 ट्रिलियन डॉलर की आर्थिक हानि प्रति-वर्ष हो रही है। श्नैनो प्लास्टिकश तत्व मनुष्य शरीर तक पहुंच कर स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं पैदा कर रहे हैं। अनुमान है कि यदि सन 2040 तक तापमान वृद्धि 2 डिग्री सेंटीग्रेड तक पंहुच गई तो जलवायु परिवर्तन के कारण पारिस्थितिक-व्यवस्था का अपूरणीय विनाश हो सकता है। इससे बड़े पैमाने पर विस्थापन होगा। अर्थव्यवस्थाएं चौपट हो सकती हैं और बेरोजगारी, गरीबी, और अस्थिरता बढ़ेगी। उपजाऊ जमीनों के नष्ट होने से भूख, विविधता-विनाश, पौष्टिक आहार की कमी, अकाल और सामाजिक असंतोष के हालात बनेंगे। इस स्थिति से निपटने के लिए तत्काल गंभीर प्रयास करने की जरूरत है, किन्तु जलवायु नियंत्रण समझौतों के विषय में बहुत से देश विमुखता दिखा रहे हैं।

## सेहत मंत्र

# मोटापे से छुटकारा दिलाने के साथ ही कई बीमारियों से भी महफूज रखता है जीरा

अगर आप मोटापे से परेशान हैं और जिम में वर्कआउट करके थक चुके हैं तो हम आपको देसी नुस्खा बताते हैं, जिसे अपनाकर आपका वजन बिना मेहनत किए कम हो जाएगा और साथ ही आपका पाचन भी दुरुस्त रहेगा। जीरा हमारे खाने का अहम हिस्सा है, जिसके बिना सब्जी का स्वाद अधूरा है। जीरा जितना खाने का स्वाद बढ़ाता है, उतना ही ये आपकी सेहत के लिए भी जरूरी है। जीरा डाइजेस्टिव सिस्टम यानी पाचन तंत्र को हेल्दी रखता है। जीरा का पानी नियामित रूप से सेवन करने से आपको मोटापे से निजात मिल सकती है। इतना ही नहीं, जीरे का पानी पीने से उल्टी-दस्त, मॉर्निंग सिकनेस, गैस और कॉन्स्टपेशन आदि से भी छुटकारा मिलता है। जीरे के पानी से शरीर में ऐसे एंजाइम बनते हैं, जो कार्बोहाइड्रेट, फैट और ग्लूकोस को तोड़कर पचाने में सहायक होते हैं। खाने का स्वाद बढ़ाने के लिए जीरा जितना मुफीद है, उतना ही सेहत के लिए भी फायदेमंद है। मोटापा कम करना चाहते हैं तो जीरे का पानी नियमित रूप से पीएं। जीरे के पानी को बनाना बेहद आसान है। एक ग्लास पानी में दो चम्मच जीरा डालकर उसे 10 मिनट तक उबाल लीजिए। इसके बाद आंच से उतारकर इसे ठंडाकर पी लीजिए। लगातार इसके सेवन से आप को मोटापे से राहत मिलेगी। पेट और पाचन क्रिया के लिए जीरा बहुत अच्छा होता है। पेट दर्द, अपच, डायरिया होने पर इसके पानी का इस्तेमाल करें तो आपको राहत मिलेगी। छाछ में भुना जीरा और काली मिर्च डालकर पीने से पेट संबंधी कई समस्याएं नहीं होती हैं। एनीमिया खास तौर पर महिलाओं की सेहत पर असर डालता है। यह समस्या हो तो खाने में जीरे का सेवन नियमित तौर पर करें। इसमें मौजूद आयरन एनीमिया को दूर करने के साथ ही थकान और तनाव को भी कम करेगा। नींद की समस्या है तो जीरे का पानी पीएं।

## धर्म मंत्र

# गंगा स्नान से होते हैं सभी कष्ट दूर

हिन्दू धर्म में गंगा सप्तमी का खास महत्व होता है। इस दिन विभिन्न प्रकार का दान कर पुण्य प्राप्त किया जाता है। गंगा सप्तमी के दिन गंगा नदी में स्नान से सभी प्रकार की परेशानियों से मुक्ति मिल जाती है तो आइए हम गंगा सप्तमी के महत्व तथा पूजा विधि पर चर्चा करते हैं। बैसाख महीने के शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि के दिन गंगा जी अवतरित हुईं थीं। इस साल गंगा सप्तमी 30 अप्रैल को है। गंगा पापनाशिनी तथा मोक्षदायक हैं। गंगा नदी में स्नान मात्र से सभी प्रकार के कष्ट दूर हो जाते हैं। गंगा सप्तमी से जुड़ी एक पौराणिक कथा प्रचलित है। इस कथा के अनुसार गंगा नदी एक बार तीव्र गति से बह रही थी वहीं जह्नु ऋषि तपस्या में लीन और उनका सामान भी रखा हुआ था। गंगा की तेज बहाव के कारण उनका सामान बह गया। जब ऋषि की नींद खुली तो वह बहुत क्रुद्ध हुए और गुस्से में गंगा नदी को पी गए। इसके बाद भागीरथ ऋषि ने जह्नु ऋषि से प्रार्थना की गंगा को पुनः मुक्त करें। तब जह्नु ऋषि ने भगीरथ की प्रार्थना स्वीकार कर ली और गंगा को मुक्ति प्रदान की। उसके बाद गंगा जह्नु ऋषि के कान से प्रवाहित हुईं। यह घटना बैसाख महीने की सप्तमी तिथि को हुई थीं। इसलिए बैसाख शुक्ल पक्ष सप्तमी को गंगा सप्तमी मनायी जाती है तथा जह्नु ऋषि की पुत्री होने के कारण गंगा को जाह्नवी भी कहा जाता है। गंगा सप्तमी का हिन्दू धर्म में खास महत्व होता है। इस दिन घर में विशेष पूजा-पाठ का खास महत्व होता है। इस दिन साधक प्राकः काल उठकर स्नान कर घर के मंदिर की साफ-सफाई करें। उसके बाद शुभ मुहूर्त में उत्तर दिशा में एक चौकी रखकर लाल कपड़ा बिछा लें।

## पर्यटन



# अंग्रेज और मुगल, दोनों ही कभी नहीं जीत पाये लोहागढ़ दुर्ग को

लोहागढ़ दुर्ग एक किला है जो राजस्थान के भरतपुर जिले में स्थित है। दुर्ग का निर्माण भरतपुर के जाट वंश के (जाटो का प्लेटो अथार्त जाटों का अफलातून) तब कुंवर महाराजा सूरजमल ने 19 फरवरी 1733 ई. में करवाया था। यह भारत का एकमात्र अजेय दुर्ग है। इसके चारों ओर मिट्टी की दोहरी प्राचीर बनी हैं। अतः इसको मिट्टी का दुर्ग भी कहते हैं। किले के चारों ओर एक गहरी खाई हैं, जिसमें मोती झील से सुजानगंगा नहर द्वारा पानी लाया गया हैं। इस किले में दो दरवाजे हैं। इनमें उत्तरी द्वार अष्टधातु का बना है। खास के रूप में प्रयुक्त कचहरी कला का उदाहरण हैं। भरतपुर राज्य के जाट राजवंश के राजाओ का राज्यभिषेक जवाहर बुर्ज में होता था। इस किले पर कई आक्रमण हुए हैं, लेकिन इसे कोई भी नहीं जीत पाया। इस पर कई पड़ोसी राज्यों, मुस्लिम आक्रमणकारियों तथा अंग्रेजो ने आक्रमण किया, लेकिन सभी असफल रहे। 1803 ई. में लार्ड लेक ने बारूद भरकर इसे उड़ाने का असफल प्रयास किया था। यहां पर फतेह बुर्ज का निर्माण ब्रिटिश सेना पर विजय को चिरस्थायी बनाने के लिए करवाया गया था। मिट्टी से ढंकी इस किले की दीवार में तोप के गोले धंस जाते थे। इस किले के प्रमुख दरवाजे का वजन 20 टन है। अलाउद्दीन खिलजी के आक्रमण के दौरान चित्तौड़ की महारानी पद्मिनी ने 25 अगस्त 1303 को दासियों के साथ जोहर कर लिया था। इसके बाद गुस्से में आए अलाउद्दीन खिलजी ने मेवाड़ इलाके में बेरहमी से मारकाट और लूटपाट की। इसी दौरान वह चित्तौड़गढ़ किले से बेशकीमती अष्टधातु गेट को उखाड़ कर ले गया था। जिसे उसने दिल्ली के लाल किले में ले जाकर लगा दिया था। वर्ष 1765 में भरतपुर के महाराजा जवाहर सिंह ने अपने पिता महाराजा सूरजमल की मौत का बदला लेने के लिए दिल्ली के शासक नजीबुद्दौला पर आक्रमण कर दिया था। उन्हें चित्तौड़ के अपमान गेट के बारे में जानकारी हुई तो वे अष्टधातु का दरवाजा भी उखाड़कर भरतपुर ले आए।

# बीडीओ मैम, आवास दिला दीजिए फैमिली प्लानिंग भी अटकी है

## हैदरगढ़ की स्वाती सिंह की गुहार बनी मार्मिक संदेश , प्रशासन एलर्ट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हैदरगढ़ बाराबंकी । विकास खंड हैदरगढ़ के ग्राम गुलालपुर, मजरा गोतौना निवासी स्वाती सिंह का एक प्रार्थना पत्र इन दिनों क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत एक पक्के और सुरक्षित घर की मांग करते हुए लिखे गए इस पत्र ने न सिर्फ लोगों के चेहरे पर हल्की मुस्कान लाई है, बल्कि एक गहरी सामाजिक सच्चाई को भी उजागर कर दिया है। स्वाती सिंह ने अपने आवेदन में बेहद सरल और सच्चे शब्दों में अपनी स्थिति बयां की है। उन्होंने लिखा है कि उनके पास अपना कोई पक्का और सुरक्षित आवास नहीं है। जिस जर्जर मकान में वह अपने परिवार के साथ रह रही हैं, वह करीब 50 वर्ष पुराना हो चुका है। बरसात के समय छत टपकती है, दीवारें कमजोर हैं और हर वक्त मकान गिरने का डर बना रहता है। ऐसे में परिवार का जीवन असुरक्षा और कठिनाइयों के बीच गुजर रहा है।

इसी पीड़ा के बीच उनकी एक पंक्ति सबका ध्यान खींच लेती हैल्लबीडीओ मैम, आवास दिला दीजिए३ मैं फैमिली प्लानिंग भी नहीं कर पा रही हूं।ङ्क यह बात सुनने में भले ही हल्की लगे, लेकिन इसके पीछे छिपी मजबूरी बेहद गंभीर है। सीमित आय और अस्थिर जीवन के कारण वह न तो नया मकान बनवा पा रही हैं और न ही अपने पारिवारिक भविष्य को लेकर कोई ठोस निर्णय ले पा रही हैं।




स्वाती सिंह की यह गुहार एक बड़ा संदेश देती है कि जब तक बुनियादी जरूरतें जैसे सुरक्षित आवास पूरी नहीं होंगी, तब तक जीवन के अन्य महत्वपूर्ण फैसले भी अधूरे ही रहेंगे। ल्लपहले घर, फिर परिवारङ्क की यह सच्चाई आज भी समाज के एक बड़े वर्ग की हकीकत है।

अब देखना यह है कि संबंधित प्रशासन इस मार्मिक अपील पर कितनी संवेदनशीलता दिखाता है और कब तक स्वाती सिंह को एक सुरक्षित छत मिल पाती है, ताकि वह भी अपने परिवार के साथ सम्मान और सुरक्षा के साथ जीवन जी सकें। खंड विकास अधिकारी ने पूजा सिंह ने कहा की जांच करवाई जाएगी यदि पात्र होंगे तो आवास की लिस्ट मे नाम शामिल कराया जायगा ।

# सुमेरगंज में 'स्वामी ई मोटर्स' का शुभारंभ क्षेत्र को मिलेगा आधुनिक ऑटो सेवा का लाभ



कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामसनेहीघाट बाराबंकी । क्षेत्र के सुमेरगंज कस्बे में गुरुवार को प्रमुख व्यवसायी एवं पत्रकार दिवाकर बाबा द्वारा संचालित 'स्वामी ई मोटर्स' शोरूम का भव्य शुभारंभ किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम का शुभारंभ नौ कन्याओं द्वारा फीता काटकर किया गया, जिससे पूरे आयोजन में धार्मिक एवं सांस्कृतिक आस्था का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर क्षेत्र के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख चंद्रशेखर वर्मा, भाजपा नेता जवाहरलाल वर्मा, पूर्व प्रमुख दिनेश सिंह, कंग्रेस नेता वीरेंद्र प्रताप सिंह, व्यापार मंडल अध्यक्ष नरेंद्र सिंह सलूजा, सरदार निर्मल सिंह, डॉ. आशुतोष गुप्ता, जगजीवन प्रसाद यादव सहित कई सामाजिक व राजनीतिक हस्तियां शामिल रहीं। साथ ही पत्रकार जगत से प्रेस क्लब अध्यक्ष रामबाबू मिश्रा भोलानाथ मिश्रा विवेकानंद सूरज सिंह अमित गुप्ता रामप्रकाश गुप्ता राजेन्द्र त्रिवेदी अवधेश वर्मा सहित अन्य पत्रकार भी मौजूद रहे।

कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने शोरूम संचालक को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस तरह के आधुनिक प्रतिष्ठान क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। 'स्वामी ई मोटर्स' के खुलने से स्थानीय लोगों को अब वाहन संबंधी सेवाएं और आधुनिक सुविधाएं अपने ही कस्बे में उपलब्ध होंगी, जिससे रोजगार के नए

### नौ कन्याओं के हाथों हुआ ई-स्कूटी शोरूम का शुभारंभ, नवाचार की मिसाल बना आयोजन

रामसनेही घाट बाराबंकी। भिटरिया में नवाचार और सामाजिक संदेश का अनूठा संगम उस समय देखने को मिला जब एक नए ई-स्कूटी शोरूम का उद्घाटन पारंपरिक तरीके से फीता नौ कन्याओं के हाथों कटवाया गया। इस पहल ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया और कार्यक्रम चर्चा का विषय बन गया।

शोरूम संचालक पत्रकार दिवाकर बाबा ने बताया कि भारतीय संस्कृति में कन्याओं को देवी स्वरूप माना जाता है, इसी भाव को सम्मान देते हुए उद्घाटन का यह विशेष तरीका अपनाया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने इसे समाज में नारी सम्मान और सकारात्मक सोच का संदेश देने वाला कदम बताया।उद्घाटन के दौरान कन्याओं का विधिवत स्वागत किया गया, भोजन करवा कर उन्हें उपहार भेंट किए गए तथा उनके हाथों से शोरूम का शुभारंभ कराया गया। इस अवसर पर स्थानीय गणमान्य लोग, व्यापारी एवं क्षेत्रीय नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद रहे। समारोह में पहुंचे पूर्व प्रमुख दिनेश सिंह वरिष्ठ पत्रकार देव प्रकाश तिवारी व विवेकानंद शुक्ला ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के नवाचार न केवल व्यापार को नई पहचान देते हैं बल्कि समाज में सकारात्मक संदेश भी पहुंचाते हैं। और पारंपरिक सनातनी मान्यताओं को विस्तार देते हैं

### खंड शिक्षा अधिकारी को दी गई विदाई , याद रहेगा कार्यकाल

बाराबंकी खंड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय अशोक कुमार गुप्ता के सेवानिवृत्त होने पर गुरुवार को विदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उन्हें माल्यार्पण, बुके और अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार पाठक ने अपने संबोधन में कहा कि सरकारी सेवक सेवानिवृत्ति के बाद भी जिम्मेदारियों से पूरी तरह मुक्त नहीं होते, बल्कि उनका दायित्व और बढ़ जाता है। खंड शिक्षा अधिकारी संघ के अध्यक्ष अश्वनी प्रताप सिंह और महामंत्री संजय कुमार राय ने भी उन्हें अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। समारोह में उपस्थित सभी खंड शिक्षा अधिकारियों ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में बीईओ चंद्रशेखर यादव, जैनेंद्र कुमार, रमेश चंद्रा, प्रमोद उपाध्याय, रामनारायण, सुनील कुमार, फिजा मिर्ज़ा, सुषमा सेंगर, अर्चना यादव, मनीराम, संजय राय आदि मौजूद रहे द्य इसके अलावा जिला स्काउट मास्टर राजेंद्र त्रिपाठी, सुरेंद्र जायसवाल, ऋषि टंडन, पंकज वर्मा व राहुल शुक्ला सहित शिक्षक व अन्य कर्मचारियों ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंचकर उन्हें अंगवस्त्र व उपहार देकर भावपूर्ण विदाई दी।सेवानिवृत्त बीईओ अशोक कुमार गुप्ता ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया द्य इस दौरान अशोक गुप्ता का परिवार भी उपस्थित रहा ।

# यूपी टॉपर्स का बाराबंकी में भव्य सम्मान प्रतिभाशाली बेटियों को भेंट की गई साईकिल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मसौली बाराबंकी । उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) परीक्षा में प्रदेश स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं का उनके पैतृक गांवों में भव्य सम्मान किया गया। जिले के मसौली क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष रामसिंह वर्मा 'भूल्लन' एवं जैदपुर विधानसभा के रनर प्रत्याशी अंबरीश वर्मा ने प्रतिभावान छात्राओं को साइकिल भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया।

प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली अंशिका वर्मा के पैतृक गांव अंदका, द्वितीय स्थान पर रहने वाली अदिति वर्मा के गांव बरियारपुर तथा तृतीय स्थान हासिल करने वाली परी वर्मा के ग्राम पंचायत मौथरी पहुंचकर नेताओं व कार्यकर्ताओं ने छात्राओं का सम्मान किया। इस दौरान पूरे क्षेत्र में गर्व और खुशी का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि बेटियां आज हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं और यह उपलब्धि पूरे जनपद के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने अन्य विद्यार्थियों को भी इन छात्राओं से प्रेरणा लेने की अपील की। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष जैदपुर प्रेम प्रकाश द्विवेदी, महामंत्री अजय वर्मा, आकाश गुप्ता, पूर्व ब्लॉक प्रमुख बुधराम रावत, मंडल उपाध्यक्ष अर्जुन रावत, जिला सहसंयोजक (व्यावसायिक प्रकोष्ठ) संजय वर्मा, युवा नेता भूपेश वर्मा, तेज बहादुर रावत, विवेक रावत सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। यह सम्मान समारोह न केवल छात्राओं की उपलब्धि का उत्सव बना, बल्कि समाज में शिक्षा और बेटियों के प्रति सकारात्मक संदेश भी छोड़ गया।

# विटेरो सिलेक्ट का नया स्टोर लॉन्च

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सेवई। अपर्णा एंटरप्राइजेज लिमिटेड ने सेवई, नगराम रोड स्थित अंश स्टील परिसर में नया स्टोर खोला गया है, जिसे स्थानीय साझेदारी के जरिए विकसित किया गया है।

कंपनी का यह कदम ऐसे समय में आया है जब देश में सिरेमिक टाइल उद्योग तेज़ी से बढ़ रहा है। शहरीकरण और आधुनिक निर्माण की मांग के चलते प्रीमियम, टिकाऊ और आकर्षक डिजाइन वाली टाइल्स की जरूरत लगातार बढ़ रही है। उद्योग रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह बाजार आने वाले वर्षों में मजबूत वृद्धि दर के साथ आगे बढ़ेगा, जिससे कंपनियों के लिए नए अवसर पैदा हो रहे हैं।

उत्तर प्रदेश में तेजी से बढ़ते रियल एस्टेट और इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर ने लखनऊ को निर्माण और डिजाइन आधारित विकास का प्रमुख केंद्र बना दिया है। इसी को ध्यान में रखते हुए कंपनी ने यहां अपनी मौजूदगी मजबूत करने की रणनीति अपनाई है। नए विटेरो सिलेक्ट स्टोर में ग्राहकों को एक ही छत के नीचे विभिन्न डिजाइन, फिनिश और बड़े फॉर्मेट में टाइल्स की विस्तृत रेंज उपलब्ध होगी। यह स्टोर रिहायशी और व्यावसायिक दोनों तरह की जरूरतों को पूरा करने में सक्षम होगा। कंपनी के सेल्स प्रेसिडेंट संजय शर्मा ने कहा कि उनका लक्ष्य ऐसे बाजारों में विस्तार करना है जहां मांग लगातार बनी हुई है, ताकि ग्राहकों को एक भरोसेमंद नेटवर्क के जरिए सभी उत्पाद आसानी से मिल सकें। वहीं एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर अपर्णा रेड्डी ने बताया कि लखनऊ में यह विस्तार केवल व्यापारिक कदम नहीं, बल्कि तेजी से विकसित हो रहे क्षेत्रों तक विश्वस्तरीय समाधान पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इस पहल के साथ विटेरो सिलेक्ट ने साफ संकेत दिया है कि आने वाले समय में निर्माण क्षेत्र में प्रीमियम और डिजाइन-आधारित उत्पादों की भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण होने वाली है।

### गौशालाओं में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त : पूजा सिंह

**गर्मी को देखते हुए चारा, पानी व छाया की समुचित व्यवस्था के सख्त निर्देश, नियमित निरीक्षण के आदेश**

सिद्धौर, बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। खंड विकास अधिकारी सिद्धौर, पूजा सिंह द्वारा गुरुवार को विकास खंड क्षेत्र में संचालित गौशालाओं के सुचारु संचालन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों, ग्राम प्रधानों एवं सचिवों की उपस्थिति रही, जहां गौवंश की देखभाल को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए बीडीओ पूजा सिंह ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी गौशालाओं में भूसा, हरा चारा एवं स्वच्छ पेयजल की पर्याप्त और नियमित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी भी स्थिति में गौवंश को खाने-पीने की कमी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि प्रत्येक गौशाला में पर्याप्त मात्रा में भूसे का स्टॉक पहले से सुरक्षित रखा जाए, जिससे आकस्मिक परिस्थितियों में भी कोई समस्या उत्पन्न न हो। गर्मी के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए उन्होंने विशेष रूप से गौशालाओं में टांट , छाया की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए, ताकि तेज धूप और लू से पशुओं को बचाया जा सके। साथ ही, साफ-सफाई एवं स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने को कहा गया। बीडीओ पूजा सिंह ने कहा ल्लगौवंश की देखभाल हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। सभी संबंधित अधिकारी नियमित रूप से गौशालाओं का निरीक्षण करें और व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखें। किसी भी स्तर पर लापरवाही सामने आने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी, जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि अधिकारी समय-समय पर गौशालाओं का भ्रमण करें और व्यवस्थाओं की निगरानी सुनिश्चित करें, जिससे पशुओं के रख-रखाव में किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो। बैठक में एडीओ पंचायत, लघु सिंचाई विभाग के अवर अभियंता सोमवीर सिंह यादव सहित अन्य कर्मचारी, ग्राम प्रधान एवं सचिव उपस्थित रहे।

### रामनगर में 1 मई को साढ़े तीन घंटे बिजली कटौती, 32 गांव रहेंगे प्रभावित

रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील रामनगर स्थित 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र पर प्रस्तावित तकनीकी मरम्मत कार्य के चलते 1 मई 2026 को सुबह 11 बजे से दोपहर 2:30 बजे तक क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी उपखण्ड अधिकारी, विद्युत उपकेन्द्र रामनगर द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में दी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार उपकेन्द्र पर स्थापित 5 एमवीए पावर ट्रांसफार्मर एवं वीसी बाराबंकी की टेस्टिंग और आवश्यक मरम्मत का कार्य किया जाना है, जिसके कारण रामनगर टाउन फीडर तथा सुढ़ियामऊ फीडर से जुड़ी विद्युत आपूर्ति अस्थायी रूप से बंद रखी जाएगी। इस निर्धारित बिजली कटौती से रामनगर टाउन, समस्त नगर पंचायत क्षेत्र एवं सुढ़ियामऊ फीडर से जुड़े लगभग 32 गांव प्रभावित होंगे। इनमें आजनपुर, देवमानी, बरियारपुर, अमोली कला, सेमराय सहित अन्य गांव प्रमुख रूप से शामिल हैं। उपखण्ड अधिकारी ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अपने आवश्यक कार्य समय से पूर्व पूर्ण कर लें तथा पानी आदि की पर्याप्त व्यवस्था पहले से कर लें। साथ ही विभाग की ओर से इस असुविधा के लिए खेद व्यक्त करते हुए आश्वस्त किया गया है कि निर्धारित समय के पश्चात विद्युत आपूर्ति पुनः सामान्य कर दी जाएगी।

### सड़क हादसे में एक घायल

मसौली बाराबकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। गोंडा बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर बिना रोक टोक चलने वाले डमफर की चपेट मे आने से आल्टो कार सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये जिन्हे उपचार के लिए जिला अस्पताल मे भर्ती कराया हालत गंभीर होने पर ट्रामा सेन्टर लखनऊ रेफर किया गया है। फतेहपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम शाहपुर चक्र मजरे बहेरवा निवासी अरुण सिंह अपने पिता रामनरेश पुत्र धनपत की दवा लेकर अपनी आल्टो कार नम्बर यूपी 41 एल से घर वापस लौट रहे थे कार मे पिता के आलावा रामचंद्र पुत्र सियाराम व लवकुश पुत्र सियाराम भी बैठे थे आल्टो कार जैसे ही नयागाव सीएनजी पेट्रोल पंप के पास पहुंची वैसे ही पीछे से आ रहे डमफर नम्बर यूपी 41 ए टी 7377 ने टक्कर मार दी जिसमे रामचंद्र व रामनरेश गंभीर रूप से घायल हो गये जिन्हे एम्बुलेंस से जिला अस्पताल मे भर्ती कराया हालत ठीक न होने पर ट्रामा सेन्टर लखनऊ में भर्ती कराया गया है।

### सी. बी. सिंह लॉ कॉलेज में राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता 2 व 3 मई को

**देशभर के विधि छात्र करेंगे प्रतिभाग, न्यायमूर्ति व कुलपति रहेंगे मुख्य अतिथि**

अकबरपुर, अम्बेडकरनगर कैनविज टाइम्स संवाददाता। सी. बी. सिंह लॉ कॉलेज, अम्बेडकरनगर में दिनांक 02 मई 2026 एवं 03 मई 2026 को प्रो. डॉ. शिव सहाय सिंह द्वारा राष्ट्रीय स्तर की मूट कोर्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में देश के विभिन्न विधि महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों के छात्र-छात्राएं प्रतिभाग कर अपनी विधिक प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ 02 मई 2026 को उद्घाटन समारोह के साथ होगा, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में माननीय न्यायमूर्ति श्री सी. डी. सिंह (इलाहाबाद उच्च न्यायालय) की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो. (डॉ.) उमेश चन्द्र त्रिपाठी, माननीय कुलपति, डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, प्रयागराज उपस्थित रहेंगे। इसके अतिरिक्त अन्य गणमान्य अतिथियों में श्री कुलदीप पति त्रिपाठी (अतिरिक्त महाधिवक्ता, उत्तर प्रदेश), डॉ. के. एन. भाटी (अधिष्ठाता, उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज), डॉ. वेद प्रकाश (हेड, विधि विभाग) एवं डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या की कुलसचिव भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराएंगी। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विधि विद्यार्थियों में व्यावहारिक ज्ञान, वाद-विवाद कौशल, न्यायिक प्रक्रिया की समझ एवं पेशेवर दक्षता का विकास करना है। प्रतियोगी टीमें एक काल्पनिक वाद के आधार पर न्यायालयीन प्रक्रिया के अंतर्गत अपने तर्क प्रस्तुत करेंगी, जिनका मूल्यांकन अनुभवी न्यायाधीशों एवं विधि विशेषज्ञों द्वारा किया जाएगा। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. उदय प्रताप सिंह ने बताया कि यह प्रतियोगिता विद्यार्थियों के लिए एक उत्कृष्ट मंच सिद्ध होगी, जहां वे अपने विधिक ज्ञान को व्यवहारिक रूप में अभिव्यक्त कर सकेंगे। साथ ही यह आयोजन संस्थान की शैक्षणिक गुणवत्ता एवं राष्ट्रीय स्तर पर पहचान को भी सुदृढ़ करेगा। कार्यक्रम के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. डॉ. विजय सिंह (कुलपति, डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या) की उपस्थिति रहेगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. धर्मेंद्र सिंह सरोज (अधिवक्ता, उच्चतम न्यायालय एवं पूर्व कुलपति, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी) एवं प्रो. सुमित सिंह (कोऑर्डिनेटर, इतिहास विभाग, कमला नेहरू भौतिक एवं सामाजिक विज्ञान संस्थान, सुलतानपुर) उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर विजेता एवं उपविजेता टीमों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे।

# बाराबंकी में छापेमारी: फल रहे ईमानदार, मीट वालों की लगी क्लास



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। गर्मी का मौसम आते ही जहां आम जनता ठंडे मीठे फलों की तलाश में बाजार पहुंचती है, वहीं प्रशासन भी ल्लमिलावटखोरों की तलाशङ्क में निकल पड़ा। इस बार तस्वीर कुछ अलग रही-टीम ढूंढती रह गई मिलावट, लेकिन मिली सिर्फ ईमानदारी जिलाधिकारी के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने जनपद भर में फल-सब्जी मंडियों और दुकानों पर छापेमारी की। हैदरगढ़ मंडी से लेकर शहर तक हर जगह तरबूज, खरबूज और केले की ल्लकड़ी परीक्षाङ्क ली गई। तरबूज कटे, लेकिन ल्लराजङ्क नहीं निकला। रंग खोजा गया, लेकिन ल्लकुदरत का रंगङ्क ही मिला।

कार्बाइड की उम्मीद थी, पर वो भी ल्लनदारदङ्क रहा।हां, कुछ फल जरूर ल्लबीमारङ्क निकले, जिन्हें लगभग 50 किलो की मात्रा में मौके पर ही नष्ट कर दिया गया-ताकि जनता की सेहत पर कोई दाग न लगे।

मीट मार्केट में मचा हड़कंप ,बिना लाइसेंस वालों की शामत बाराबंकी : जहां फल विक्रेता परीक्षा में पास हो गए, वहीं मीट कारोबारियों की ल्लपोलङ्क खुल गई। संयुक्त मजिस्ट्रेट, उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी और खाद्य सुरक्षा टीम ने पुलिस के साथ मिलकर जनपद के कई क्षेत्रों में छापेमारी की। नतीजा–6 दुकानदार बिना लाइसेंस के कारोबार करते पकड़े गए। अब इनके खिलाफ खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम की धारा 58/63 के तहत कार्रवाई तय है।

नाम उजागर ,अब नहीं कोई बहाना कार्रवाई की जद में आए प्रतिष्ठानः अजरुद्दीन मीट शॉप ऽ सुबेहा, हैदरगढ़ तसब्बर मिस सेंटर ऽ बछरावां चौराहा, रायबरेली रोड बिस्मिलाह चिकन शॉप , बछरावां चौराहा, रायबरेली रोड जहूर मटन शॉप ऽ बछरावां रोड, के.जी.एन. चिकन शॉप ऽ बछरावां रोड

**राजू चिकन शॉप , बछरावां चौराहा, सुभाष वार्ड**

लाइसेंस बड़ा, काम छोटा–अब नहीं चलेगा ये खेल निरीक्षण में कुछ कारोबारी ऐसे भी मिले, जो बड़े लाइसेंस के नाम पर छोटा कारोबार चला रहे थे। ऐसे लोगों को लाइसेंस संशोधन के लिए नोटिस थमा दिए गए हैं। संदेश साफ–ईमानदार रहो, वरना तैयार रहो प्रशासन का साफ कहना है कि जनता की सेहत से खिलवाड़ किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। फल वालों ने दिखा दी ईमानदारी , मीट वालों को मिल गई सख्त चेतावनी ।अब देखना ये है कि आगे बाजार में ल्लसाफ-सुथरा कारोबार चलता है या फिर छापेमारी का डंडा और चलता है

### तेल टैंकर और कार की टक्कर में नई नवेली दुल्हन सहित चार की मौत,एक घायल

शाहजहांपुर। उत्तर प्रदेश के जनपद शाहजहांपुर के खुटार थाना क्षेत्र में गुरुवार दोपहर दुल्हन को विदा कराकर ले जा रहे एक परिवार की कार तेल के टैंकर से टकरा गई। हादसे में दुल्हन सहित चार लोगों की मौत हो गई और एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुवायां थाना क्षेत्र के गांव अगौना बुजुर्ग निवासी अवधेश ने बताया कि उनके भतीजे रोहविल की शादी बीते 25 अप्रैल को खुटार थाना क्षेत्र के गांव पिपरिया भगवन्तपुर निवासी कल्पना(28)के साथ हुई थी। चौथी की विदा पर कल्पना अपने मायके आई हुई थी। गुरुवार को रोहविल के पिता अनिल व अन्य परिवारवाले कल्पना को विदा कराकर वापस अपने गांव अगौना बुजुर्ग जा रहे थे। खुटार थाना क्षेत्र में रौतापुर कला गांव के पास सामने से आ रहे एक तेल के टैंकर ने उनकी कार को टक्कर मार दी।टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए । हादसे में कार सवार कल्पना (28), पुरैना निवासी मौसेरी ननद शेशवी (28),मोहम्मदी निवासी फुफ़ेरी सास रीना(35) की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि अनिल(50) तथा उनका भांजा निर्दोष(20) गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद चालक टैंकर को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया। घायलों को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल ले जाया गया जहां उपचार के दौरान निर्दोष(20) ने भी दम तोड़ दिया। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार ने बताया कि हादसे में तीन महिलाओं और एक युवक की मौत हो गई है,जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और घटना की जांच कर रही है।

### तकनीकी बदलाव के चलते गंगा एक्सप्रेसवे से नहीं जुड़ सका फर्रुखाबाद : मुकेश राजपूत

फर्रुखाबाद । गंगा एक्सप्रेसवे को लेकर उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद जिले में सियासी तूफान उठने लगा है। इस संबंध में गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद मुकेश राजपूत ने तीखे तेवर अपनाते हुए विरोधियों (विपक्ष) पर सीधा हमला बोला।

### सूचना

मेरे आधार कार्ड नं885795073585 नाम लक्ष्मी देवी है जो गलत है जिस पर जन्मतिथि केवल 2008 दर्ज है हाई स्कूल मार्कशीट में मेरा नाम दीपिका यादव जो की मार्कशीट में जन्मतिथि 10-11-2008 है जो सही है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए ग्राम 323 गणेशपुर पोस्ट असेनी थाना कोतवाली नगर तहसील नवाबगंज जनपद बाराबंकी ।

## राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ स्टार्क की मौजूदगी से मजबूत मिलेगी दिल्ली कैपिटल्स को

एजेंसी



जयपुर। दिल्ली कैपिटल्स के पास पिछले कुछ मैच के निराशाजनक नतीजों पर विचार के लिए अधिक समय नहीं है क्योंकि टीम को शुक्रवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग मैच में आत्मविश्वास से भरी राजस्थान रॉयल्स का सामना करना है। अक्षर पटेल की अगुआई वाली दिल्ली की टीम के लिए यह सत्र काफी मुश्किलों भरा रहा है। पिछले दो मैच में टीम के प्रदर्शन में काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिला। एक तरफ उन्होंने 250 से अधिक का स्कोर बनाया लेकिन विरोधी टीम ने विश्व रिकॉर्ड बनाते हुए उस लक्ष्य को हासिल कर लिया वहीं दूसरी तरफ वे रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ सिर्फ 75 रन पर ऑल आउट हो गए। इसके अलावा इस महीने की शुरुआत में गुजरात टाइटंस के खिलाफ मिली एक रन की हार ने दिल्ली को भावनात्मक रूप से काफी चोट पहुंचाई है। तीन जीत और चार हार के साथ वे अंक तालिका में सातवें स्थान पर हैं और उन्हें जल्द ही अपने प्रदर्शन में सुधार की जरूरत है। दिल्ली के लिए सबसे बड़ी चिंता उनकी बल्लेबाजी में निरंतरता की कमी रही है। लोकेश राहुल, डेविड मिलर, ट्रिस्टन स्टब्स और समीर रिजवी जैसे खिलाड़ियों ने बीच-बीच में अच्छा योगदान दिया है लेकिन पूरी टीम मिलकर एक साथ अच्छा प्रदर्शन करने में नाकाम रही है। पिछले मैच में अभिषेक पोरेल ने 'इम्पैक्ट प्लेयर' के तौर पर बल्लेबाजी करते हुए टीम को शर्मनाक स्कोर पर ऑल आउट होने से बचाया था। यह उस मैच के कुछ सकारात्मक पहलुओं में से एक था। ऐसे में टीम प्रबंधन उन्हें एकादश में मौका देने के बारे में सोच सकता है। गेंदबाजी के मोर्चे पर कुछ अच्छी खबरें भी हैं। तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क एक मई से खेलने के लिए क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया से मंजूरी मिलने के बाद टीम में वापसी करने के लिए तैयार हैं। लुंगी एनगिडी के उपलब्ध नहीं होने के कारण स्टार्क का टीम में शामिल होना दिल्ली के लिए एक बहुत ही जरूरी और सही समय पर मिला सहारा साबित हो सकता है। उम्मीद है कि वे काइल जैमीसन या दुष्मंता चमीरा में से किसी एक की जगह लेंगे। पिछले मैच में 75 रन के छोटे लक्ष्य का बचाव करते हुए दिल्ली के गेंदबाज कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाए थे लेकिन अब उन्हें राजस्थान के मजबूत बल्लेबाजी क्रम के खिलाफ और भी अधिक सटीक गेंदबाजी करनी होगी। राजस्थान का शीर्ष क्रम काफी आक्रामक रहा है। युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने बिना किसी डर के जसप्रीत बुमराह, जोश हेजलवुड और पैट कमिंस जैसे विश्व स्तरीय गेंदबाजों का शुरू से ही डटकर सामना किया है तो वहीं यशस्वी जायसवाल भी बेहतरीन लय में नजर आ रहे हैं।

## जसप्रीत बुमराह के पीछे नहीं पड़ें, मुंबई इंडियन्स के बल्लेबाजी कोच कीरोन पोलार्ड ने कहा

एजेंसी



मुंबई। मुंबई इंडियन्स के बल्लेबाजी कोच कीरोन पोलार्ड ने कहा कि जसप्रीत बुमराह जैसे दिग्गज तेज गेंदबाज का भी कभी-कभी दिन खराब हो सकता है या उनका सत्र अच्छा नहीं जा सकता। उन्होंने भारत के इस स्टार तेज गेंदबाज को थोड़ी राहत देने की अपील की जिन्होंने इंडियन प्रीमियर लीग में अपना तीसरा सबसे महंगा गेंदबाजी स्पेल डाला। बुमराह ने बुधवार को सनराइजर्स के खिलाफ चार ओवर में 54 रन लुटाए जबकि उन्हें कोई विकेट नहीं मिला। हैदराबाद ने यह मैच छह विकेट से जीता। मुंबई इंडियन्स ने रेयान रिकेल्टन के नाबाद 123 रन की मदद से पांच विकेट पर 243 रन बनाए लेकिन सनराइजर्स ने 18.4 ओवर में चार विकेट पर 249 रन बनाकर जीत हासिल की। जब संवाददाताओं ने बुमराह की मौजूदा आईपीएल में गेंदबाजी पर सवाल किए तो पोलार्ड ने कहा, ''जब कोई क्रिकेटर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रहा होता है तो हम हर उस पहलू पर गौर करते हैं कि वह अच्छा क्यों नहीं कर रहा है और जसप्रीत बुमराह के मामले में भी कोई फर्क नहीं है। उन्होंने कहा, ''उन्होंने वर्षों से ऐसा किया है। एक इंसान होने के नाते आपको भी गलतियां करने, दिन खराब होने, सत्र खराब होने या कुछ महीने खराब जाने का हक है। मुझे बस लगता है कि हमें कभी-कभी उन अच्छी चीजों को याद रखना चाहिए जो उन्होंने की हैं। पोलार्ड ने कहा, ''हां, हम वर्तमान में जीने की कोशिश करते हैं और वह उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं लेकिन वह लंबे समय से मुंबई इंडियन्स और भारत के लिए नंबर एक गेंदबाज रहे हैं। मुझे बस लगता है कि कभी-कभी हम क्रिकेटरों को थोड़ी राहत दे सकते हैं क्योंकि हमारी बदकिस्मती है कि हम हमेशा लोगों की नजरों में रहते हैं इसलिए जब हम खराब प्रदर्शन करते हैं तो उसे हमेशा अधिक उछाला जाता है। पोलार्ड ने कहा कि इस दाएं हाथ के तेज गेंदबाज को थोड़ी राहत देने से उन्हें लंबे समय में फायदा भी हो सकता है। उन्होंने कहा, ''मुझे पता है कि वह और भी ऊंचाइयों पर पहुंचकर जोरदार वापसी करेंगे और विकेट लेंगे और हम सब एक बार फिर ना सिर्फ मुंबई इंडियन्स के लिए बल्कि भारत के लिए भी 'बुमराह-बुमराह' के नारे लगा रहे होंगे। पोलार्ड ने स्वीकार किया कि मुंबई इंडियन्स की टीम अभी तक अपना संपूर्ण प्रदर्शन नहीं कर पाई है लेकिन उन्होंने यह मानने से इनकार कर दिया कि इस सत्र में उनकी टीम 'हार' गई है।

## गेंदबाजों से उम्मीद थी कि इस स्कोर का बचाव करेंगे: पंड्या

एजेंसी

मुंबई। मुंबई इंडियन्स के कप्तान हार्दिक पंड्या ने इंडियन प्रीमियर लीग मैच में बुधवार को यहां 243 रन का स्कोर खड़ा करने के बावजूद सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मिली छह विकेट की हार के बाद कहा कि उन्हें अपने गेंदबाजों से इस स्कोर का बचाव करने की उम्मीद थी। मुंबई के 244 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सनराइजर्स ने हेड (76 रन, 30 गेंद, आठ छक्के, चार चौके) और अभिषेक शर्मा (45 रन, 24 गेंद, तीन छक्के, चार चौके) के बीच पहले विकेट की 8.4 ओवर में 129 रन की साझेदारी के बाद हेनरिक क्लासेन (नाबाद 65 रन, 30 गेंद, चार छक्के, सात चौके) के अर्धशतक से 18.4 ओवर में चार विकेट पर 249 रन बनाकर जीत दर्ज की। रेयान रिकेल्टन ने इससे पहले अपने करियर और मुंबई के इतिहास की सर्वश्रेष्ठ पारी के दौरान 55 गेंद में आठ छक्कों और 10 चौकों से नाबाद 123 रन बनाए जिससे मुंबई इंडियन्स ने पांच विकेट पर 243 रन का स्कोर खड़ा किया। पंड्या ने कहा कि ओस ने कोई खास भूमिका नहीं निभाई लेकिन गेंदबाजों ने खराब गेंद फेंकी। पंड्या ने मैच के बाद कहा, ''मुझे नहीं लगता कि ओस ने कोई खास भूमिका निभाई। उन्होंने कुछ अच्छे शॉट खेले और हमने खराब गेंद फेंकी। आज मैदान पर मुझे बहुत मजा आया। 244 रन ऽ मुझे अपने गेंदबाजों पर भरोसा था कि वे इसका बचाव करेंगे लेकिन हम अपनी योजनाओं को ठीक से लागू नहीं कर पाए। मुंबई के कप्तान ने कहा कि मौजूदा सत्र में उनकी टीम मौकों का फायदा उठाने में नाकाम रही है। उन्होंने कहा, ''यह सत्र कुछ ऐसा ही रहा है। आपको मौके मिलते हैं तो आप उन्हें भुनाते हैं। अगर आप ऐसा नहीं करते तो आपको दुख होता है।

## विश्व टीम टेबल टेनिस चैंपियनशिप: भारत ने कड़े मुकाबले में स्लोवाकिया को हराया

एजेंसी



लंदन। भारत की पुरुष टीम ने यहां आईटीटीएफ विश्व टीम टेबल टेनिस चैंपियनशिप के रोमांचक ग्रुप सात मुकाबले में वापसी करते हुए स्लोवाकिया को 3-2 से हरा दिया। इस जीत के साथ भारत ग्रुप तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया और ग्वाटेमाला के खिलाफ अगले मुकाबले से पहले अपनी स्थिति मजबूत कर ली। स्लोवाकिया के खिलाफ मुकाबला उतार-चढ़ाव भरा रहा लेकिन अंत में भारत ने दबाव में धैर्य और दृढ़ता दिखाते हुए जीत हासिल की। स्लोवाकिया ने शुरुआत में ही बढ़त बना ली जब दुनिया के 149वें नंबर के खिलाड़ी लुबोमीर पिस्टेज ने अपने अनुभव का इस्तेमाल करते हुए 51वीं रैंकिंग वाले मानुष शाह को पांच गेम में 11-8, 5-11, 8-11, 11-5, 11-6 से हरा दिया। भारत के दुनिया के 42वें नंबर के खिलाड़ी मानव ठक्कर ने इसके बाद याकूब जेलिंका को सीधे गेम में 11-6, 11-8, 11-6 से हराकर मुकाबले को 1-1 से बराबर कर दिया। हालांकि तीसरे मुकाबले में स्लोवाकिया ने फिर से बढ़त बना ली जब वांग यांग ने शानदार प्रदर्शन करते हुए हरमीत देसाई को 16-14, 11-5, 11-9 से हराया। भारत ने 1-2 से पिछड़ने के बाद जोरदार वापसी की। मानव एक बार फिर संकटमोचक बनकर उभरे और उन्होंने लुबोमीर को 11-3, 11-3, 11-3 से करारी शिकस्त देकर मुकाबला फिर से बराबर कर दिया। बाएं हाथ के खिलाड़ी मानुष ने निर्णायक मुकाबले में दबाव के बावजूद शानदार प्रदर्शन किया और याकूब को 11-8, 11-8, 11-7 से हराकर भारत को 3-2 की महत्वपूर्ण जीत दिलाई। पुरुष और महिला टीम बृहस्पतिवार को ही अपने अंतिम ग्रुप मैच खेलेंगी।

## जॉर्जिया और आर्मेनिया मिलकर करेंगे 2029 फीफा अंडर-20 वर्ल्ड कप की मेजबानी

येरेवन/त्बिलिसी,। विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा ने 2029 के अंडर-20 वर्ल्ड कप की मेजबानी के लिए जॉर्जिया और आर्मेनिया को संयुक्त रूप से चुना है। यह पहली बार होगा जब दक्षिण कॉकस क्षेत्र के ये दोनों देश किसी फीफा टूर्नामेंट की मेजबानी करेंगे। यह फैसला बुधवार को कनाडा के वैंकूवर में हुई फीफा काउंसिल की बैठक में लिया गया, जो 76वीं फीफा कांग्रेस से ठीक पहले आयोजित की गई थी। हर दो साल में आयोजित होने वाला यह टूर्नामेंट दुनिया की 24 युवा टीमों को एक मंच पर लाता है और इसे भविष्य के सितारों का मंच माना जाता है। फुटबॉल फ़ेडरेशन ऑफ आर्मेनिया ने इसे ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए कहा कि यह अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल समुदाय के भरोसे का प्रतीक है।

## सर्राफा बाजार में गिरावट जारी सोना और चांदी के घटे भाव

एजेंसी



नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान सोन और चांदी की कीमत में कमजोरी का रुख बना हुआ है। सोना आज 450 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 490 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया है। इसी तरह चांदी लगातार दो दिन के ठहराव के बाद आज शुरुआती कारोबार के दौरान 5,000 रुपये प्रति किलोग्राम तक सस्ता हो गया है। घरेलू सर्राफा बाजार में हाजिर सोने की कीमत में आई गिरावट के कारण देश के ज्यादातर हिस्सों में 24 कैरेट सोना आज 1,50,430 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,52,180 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं 22 कैरेट सोना आज 1,37,890 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,39,490 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। सोना की तरह ही चांदी के भाव में कमजोरी आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 2,54,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। वहीं अंतरराष्ट्रीय बाजार में आज हाजिर सोना 0.34 प्रतिशत गिर कर 4,558.99 डॉलर प्रति औंस के स्तर पर आ गया है। इसी तरह चांदी भी आज अंतरराष्ट्रीय बाजार में 72.99 डॉलर प्रति औंस के स्तर पर ट्रेड कर रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,50,580 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,38,040 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,50,430 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,37,890 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,50,480 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,37,940 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,52,180 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,39,490 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,50,430 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,37,890 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,50,480 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,37,940 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## फ्यूचर मार्केट में भी कच्चे तेल ने लगाई छलांग, ब्रेंट क्रूड का जून कॉन्ट्रैक्ट 120 डॉलर के करीब पहुंचा

एजेंसी

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में तेजी का दौर लगातार जारी है। पश्चिम एशिया में जारी तनाव और होर्मुज स्ट्रेट की नाकाबंदी के कारण दुनियाभर में कच्चे तेल की सप्लाई बुरी तरह से प्रभावित हुई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का कहना है कि ईरान के साथ न्यूक्लियर डील होने तक होर्मुज स्ट्रेट की नाकाबंदी जारी रहेगी। ट्रंप के इस बयान के बाद वायदा बाजार में ब्रेंट क्रूड 120 डॉलर प्रति बैरल के स्तर तक उछल गया। इसी तरह वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड फ्यूचर मार्केट में 107 डॉलर के ऊपर पहुंच गया। इंटरकॉन्टिनेंटल एक्सचेंज में ब्रेंट क्रूड का जून कॉन्ट्रैक्ट 1.50 प्रतिशत की उछाल के साथ 119.80 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर पहुंच गया। इसी तरह निमेक्स पर वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड का जून कॉन्ट्रैक्ट 0.36 प्रतिशत बढ़ कर 107.26 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर आ गया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी कच्चे तेल के हाजिर सौदे के मामले में भी कीमत के मोर्चे पर राहत मिलता हुआ नजर नहीं आ रहा है। बुधवार को ब्रेंट क्रूड 115.61 डॉलर प्रति बैरल के उच्च स्तर तक पहंचने के बाद 110.44 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर सेटल हुआ था। आज ब्रेंट ने 0.01 डॉलर की सांकेतिक कमजोरी के साथ 110.43 डॉलर प्रति बैरल के स्तर से कारोबार की शुरुआत की और थोड़ी देर में ही 114.47 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर पहुंच गया। हालांकि इसके बाद इसकी चाल में कमजोरी भी आई। फिलहाल भारतीय समय के मुताबिक दोपहर एक बजे ब्रेंट क्रूड 1.47 प्रतिशत की तेजी के साथ 112.06 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह डब्ल्यूटीआई क्रूड बुधवार को 107.12 डॉलर प्रति बैरल के स्तर तक छलांग लगाने के बाद 106.88 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर बंद हुआ था।

## पीलीभीत में बासमती और जैविक प्रशिक्षण केंद्र खुलेगा, एपीडा का यूपी सरकार से समझौता



एजेंसी

नई दिल्ली। देश में बासमती चावल पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के लिए पीलीभीत में बासमती और जैविक प्रशिक्षण केंद्र खोला जायेगा। इसके लिए कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) ने उत्तर प्रदेश सरकार के साथ 70 वर्ष के पट्टे समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। पीलीभीत के टांडा बिजैसी में बासमती और जैविक प्रशिक्षण केंद्र-सह-प्रदर्शन फार्म की स्थापना के लिए भूमि हस्तांतरण को औपचारिक रूप दिया गया है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के मुताबिक प्रस्तावित बासमती एवं जैविक प्रशिक्षण केंद्र-सह-प्रदर्शन फार्म लगभग सात एकड़ क्षेत्र में विकसित किया जाएगा। इस केंद्र में सभागार, बासमती एवं जैविक खेती पर संग्रहालय और गैलरी, सम्मेलन कक्ष, प्रयोगशाला और जैविक खेती के लिए आवश्यक सामग्री के भंडारण की सुविधा उपलब्ध होगी। यह सुविधा बासमती एवं जैविक किसानों के प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण में सहायक होगी और कृषि विशेषज्ञों एवं छात्रों के लिए एक संसाधन केंद्र के रूप में भी कार्य करेगी। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने इस पहल की सराहना करते हुए पीलीभीत को बासमती चावल के प्रमुख उत्पादक क्षेत्र के रूप में विकसित करने की अपार संभावनाओं की जानकारी दी। जितिन प्रसाद ने भारत की पहली एआई-आधारित बासमती धान सर्वेक्षण परियोजना (2026-2028) का भी अनावरण किया, जिसे एपीईडीए अखिल भारतीय चावल निर्यातक संघ (एआरआईईए) के सहयोग से कार्यान्वित किया जाएगा। मंत्रालय ने बताया कि यह परियोजना लगभग 40 लाख हेक्टेयर क्षेत्र को कवर करेगी, 150,000 से अधिक जमीनी स्तर के सर्वेक्षण बिंदुओं से डेटा एकत्र करेगी और 500,000 से अधिक किसानों के साथ मिलकर कार्य करेगी। इसका उद्देश्य सटीक फसल मूल्यांकन, किस्मों की पहचान, वैज्ञानिक परामर्श सेवाएं और बेहतर निर्यात योजना में सहयोग करना है। इस कार्यक्रम में वाणिज्य और उद्योग तथा इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितिन प्रसाद, जिले के वरिष्ठ जन प्रतिनिधि, एपीईडीए के अधिकारी, उत्तर प्रदेश सरकार और अन्य हितधारक उपस्थित थे। एपीडा सतत कृषि पद्धतियों को अपनाने में सहायता के लिए प्रशिक्षण, प्रमाणन सहायता और बाजार संपर्क पहलों के जरिए जैविक खेती को बढ़ावा दे रहा है। ये प्रयास पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार उत्पादों की वैश्विक मांग के अनुरूप हैं। भारत का भौगोलिक संकेत (जीआई) प्राप्त उत्पाद बासमती चावल का निर्यात 2025-26 में 5.67 अरब अमेरिकी डॉलर मूल्य का रहा, जिसमें निर्यात की मात्रा लगभग 65 लाख मीट्रिक टन तक पहुंच गई। इस क्षेत्र की मध्य पूर्व, यूरोप और उत्तरी अमेरिका के बाजारों में मजबूत उपस्थिति के साथ भारत के कृषि निर्यात में महत्वपूर्ण योगदान देना जारी है।

## कच्चा तेल महंगा होने से भारतीय अर्थव्यवस्था की बढ़ी चुनौती

एजेंसी

### बढ़ सकती है महंगाई, प्रभावित हो सकती है ग्रोथ रेट




नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में लगातार आ रही तेजी से भारत की अर्थव्यवस्था के बुरी तरह से प्रभावित होने का खतरा बन गया है। भारत अपनी जरूरत का करीब 88 प्रतिशत कच्चा तेल अंतरराष्ट्रीय बाजार से आयात करता है। ऐसी स्थिति में कच्चे तेल की कीमत में आए उछाल ने देश के खजाने पर दबाव की स्थिति बना दी है, जिससे अर्थव्यवस्था के तमाम संकेतक अब प्रभावित होने लगे हैं।

मार्केट एक्सपर्ट्स का कहना है कि कच्चे तेल की कीमत में आई तेजी का निगेटिव असर अब दिखने लगा है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में आई तेजी से ऑयल मार्केटिंग कंपनियों को पेट्रोल और डीजल की बिक्री में 22 से 28 रुपये प्रति लीटर तक के नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। ये स्थिति भी तब है, जब केंद्र सरकार ने आम उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए एक महीने पहले ही पेट्रोल पर लगने वाली 13 रुपये प्रति लीटर की एक्साइज ड्यूटी को घटा कर तीन रुपये प्रति लीटर और डीजल पर लगने वाली 10 रुपये प्रति लीटर की एक्साइज ड्यूटी को शून्य कर दिया था। एक्साइज ड्यूटी घटाने के बाद भी कच्चे तेल की कीमत में बढ़ोतरी नहीं होने से आम जनता को तो राहत मिला है, लेकिन ऑयल कंपनियों का घाटा बढ़ता जा रहा है। इसके साथ ही क्रूड इंपोर्ट बिल भी बढ़ता जा रहा है। क्रूड के इंपोर्ट बिल में बढ़ोतरी होने से भारत की अर्थव्यवस्था पर भी निगेटिव असर पड़ने की संभावना बन गई है। रेटिंग एजेंसी इक्रा के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट प्रशांत वशिष्ठ का कहना है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में हुई बढ़ोतरी से भारत का करंट अकाउंट डेफिसिट काफी अधिक बढ़ सकता है। इसके साथ ही इसकी वजह से फिस्कल डेफिसिट टारगेट भी बुरी तरह से प्रभावित हो सकता है। प्रशांत वशिष्ठ का कहना है कि करंट अकाउंट और फिस्कल डेफिसिट के अलावा कच्चे तेल की बढ़ी हुई कीमत भारतीय मुद्रा को भी कमजोर कर सकती है। इसी वजह से रुपया आज डॉलर की तुलना में 95.30 के स्तर से भी ज्यादा गिर कर रिकॉर्ड लो लेवल तक पहुंचा हुआ है। इसी तरह कच्चे तेल की तेजी भारत में महंगाई को बढ़ाने की एक बड़ी वजह बन सकती है। इसके साथ ही इसके कारण फॉरेन कैपिटल आउटफ्लो (विदेशी पूंजी की निकासी) भी और बढ़ सकती है। कहा जा रहा है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में इसी तरह की बढ़ोतरी अगर और कुछ दिन तक जारी रही तो इससे देश की अर्थव्यवस्था पर दबाव बढ़ेगा, जिससे स्टॉक मार्केट में भी अनिश्चितता आ सकती है। ऐसा इसलिए होगा कि अर्थव्यवस्था की सेहत को सुधारने के लिए सरकार को सब्सिडी, इंटरेस्ट रेट और रुपया-डॉलर एक्सचेंज रेट पर पड़ने वाले असर के बारे में कड़े फैसले लेने पड़ सकते हैं। मार्केट एक्सपर्ट विजय राज मल्होत्रा का कहना है कि कच्चे तेल की कीमत में तत्काल राहत मिलने की संभावना भी नजर नहीं आ रही है। इसकी एक बड़ी वजह अमेरिका की ओर बरती जा रही कड़ाई भी है। होर्मुज स्ट्रेट की नाकाबंदी को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपना रुख और सख्त कर दिया है। ट्रंप ने कहा है कि जब तक ईरान अमेरिका के साथ न्यूक्लियर डील नहीं करेगा, तब तक होर्मुज स्ट्रेट की नाकाबंदी जारी रहेगी। अमेरिकी नेवी होर्मुज में अपनी ब्लॉकेड जारी रखेगी। अमेरिकी नाकेबंदी की वजह से होर्मुज के रास्ते होने वाली कच्चे तेल की सप्लाई लगभग ठप पड़ गई है। उल्लेखनीय है कि 28 फरवरी को पश्चिम एशिया में संघर्ष की शुरुआत होने के बाद ईरान ने होर्मुज के रास्ते मालवाहक जहाजों और ऑयल तथा गैसोलीन के टैंकर्स की आवा-जाही को पूरी तरह से रोक दिया था। इस रास्ते से ईरान सिर्फ अपने जहाजों को निकाल रहा था या फिर अपने मित्र देशों के जहाजों को एक-एक निकलने की अनुमति दे रहा था। ईरानी रोक के कारण इस समुद्री रास्ते से कच्चे तेल की सप्लाई लगभग ठप हो गई।

# सैनिक पुरस्कार के लिए नहीं, कर्तव्य और सम्मान के लिए लड़ता है : जनरल वीके सिंह

एजेंसी

नई दिल्ली। मिजोरम के राज्यपाल जनरल विजय कुमार सिंह ने कहा कि सैनिक पुरस्कार के लिए नहीं बल्कि कर्तव्य, सम्मान और इस विश्वास के लिए लड़ता है कि उसका बलिदान राष्ट्र की सेवा करेगा। यह बात मिजोरम के राज्यपाल ने गुरुवार को दिल्ली विधान सभा में आयोजित 'युद्ध-सम्मेलन' की 108वीं वर्षगांठ पर आयोजित संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में कही। इस संगोष्ठी का विषय ल्लप्रथम विश्वयुद्ध और भारत था। कार्यक्रम की अध्यक्षता दिल्ली विधान सभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने की।

इस अवसर पर मिजोरम के राज्यपाल द्वारा स्मारक पुस्तक ल्लप्रोसीडिंग्स ऑफ द वॉर कॉन्फ्रेंस हेल्ड एट दिल्ली 27प्द्ध-29प्द्ध अप्रैल 1918'' का विमोचन किया गया। कार्यक्रम में गांधी स्मृति एवं दर्शन समिति के उपाध्यक्ष विजय गोयल, दिल्ली




विधानसभा के उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट, विधायक, पूर्व सैनिकों का प्रतिनिधिमंडल, इतिहासकार, दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफ़ेसर तथा दिल्ली सरकार के विद्यालयों के लेक्चरर भी उपस्थित रहे।

भारतीय सैनिकों की विरासत पर डॉ. वी के. सिंह ने वैश्विक संघर्षों में भारतीय सैनिकों के विशाल किन्तु अक्सर उपेक्षित योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि प्रथम विश्वयुद्ध में 13 लाख से अधिक भारतीय सैनिकों ने भाग लिया जिनमें से लगभग 74,000 ने अपने प्राणों की आहुति दी, जिनके नाम इंडिया गेट पर अंकित हैं। उन्होंने कहा कि यह योगदान केवल मानव संसाधन तक सीमित नहीं था, बल्कि इसमें वित्तीय सहायता, रसद और संसाधनों का भी महत्वपूर्ण योगदान शामिल था, जो औपनिवेशिक शासन के बावजूद भारत की बड़ी भूमिका को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि कॉमनवेल्थ ऑफ नेशंस में स्मरण की परंपराएं इन सैनिकों के प्रति वैश्विक सम्मान को दर्शाती हैं, भले ही भारत में उनके योगदान को अपेक्षित मान्यता नहीं मिली हो। राज्यपाल ने कहा कि भारतीय सैनिकों ने ल्लगुलामी की मानसिकताञ्ज से नहीं बल्कि कर्तव्य और सम्मान की भावना से युद्ध लड़ा, जिसकी प्रेरणा भगवद गीता के सिद्धांतों से मिलती है। उन्होंने कहा कि सैनिक व्यक्तिगत लाभ के लिए नहीं, बल्कि अपनी यूनिट के सम्मान और राष्ट्रहित की भावना से लड़ते हैं। दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष ने संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि जो राष्ट्र अपने अभिलेखों को सुरक्षित नहीं रखता, वह अपनी स्मृति खो देता है और जो अपनी स्मृति खो देता है, वह अपनी दिशा खो देता है। उन्होंने विधानसभा भवन के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इसी कक्ष में 1918 का युद्ध-सम्मेलन लॉर्ड चेम्सफोर्ड द्वारा आयोजित किया गया था। उन्होंने यह भी स्मरण किया कि महात्मा गांधी भी इसी कक्ष में उपस्थित थे और इस स्थान का औपनिवेशिक सत्ता से लोकतांत्रिक मंच में परिवर्तन भारत के स्वतंत्रता संग्राम की महान उपलब्धियों में से एक है। विधान सभा अध्यक्ष ने कहा कि 1918 का सम्मेलन विश्वास और विश्वासघात दोनों की कहानी है, जब भारत ने स्वशासन की आशा में प्रथम विश्वयुद्ध के दौरान ब्रिटिश शासन को पूर्ण समर्थन दिया। उन्होंने बताया कि उस समय महात्मा गांधी सहित भारतीय नेताओं ने सैनिकों की भर्ती को प्रोत्साहित किया, यह सोचकर कि सहयोग से स्वतंत्रता का मार्ग प्रशस्त होगा। किंतु इसके विपरीत भारत को रॉलेट एक्ट और जलियांवाला बाग हत्याकांड जैसी घटनाओं का सामना करना पड़ा।

उन्होंने यह भी बताया कि लगभग 13 लाख भारतीय सैनिकों ने फ्रांस, मेसोपोटामिया, गैलीपोली और पूर्वी अफ्रीका जैसे क्षेत्रों में युद्ध लड़ा, जिनमें से 74,000 से अधिक ने विदेशी धरती पर अपने प्राण न्योछावर किए। गांधी स्मृति एवं दर्शन समिति के उपाध्यक्ष विजय गोयल ने दिल्ली विधान सभा की ऐतिहासिक एवं संस्थागत विरासत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पहले इम्पीरियल लेजिस्लेटिव काउंसिल के रूप में कार्य करती थी।

# हज हवाई किराये में बढ़ोतरी न्यूनतम रखने का किया प्रयास : रिजिजू

एजेंसी

नयी दिल्ली। अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय ने हज यात्रा के हवाई किराये में करीब दस हज़ार रुपये की बढ़ोतरी को लेकर विभिन्न मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर उठ रहे सवालों के बीच कहा कि वैश्विक परिस्थितियों के चलते बढ़ी लागत के बावजूद सरकार ने बातचीत के जरिए किराया वृद्धि को न्यूनतम रखने का प्रयास किया है।

केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने एक्स पर कहा, ''असंख्य परिवारों के लिए, हज जीवन में एक बार पूरा होने वाला ऐसा सपना है जिसे उन्होंने वर्षों तक संजोकर रखा है। मैं इस भावना का तहे दिल से सम्मान करता हूँ। उन्होंने कहा कि लगातार चल रहे भू-राजनीतिक तनावों के कारण हवाई जहाज़ के ईंधन की कीमतों में वैश्विक स्तर पर भारी बढ़ोतरी हुई है। ऐसे में एयरलाइंस ने प्रति तीर्थयात्री 300S400 डॉलर की भारी बढ़ोतरी की मांग की थी। हवाई जहाज़ के ईंधन की कीमतों में हुई इस बढ़ोतरी के लिए एयरलाइंस को भी दोष नहीं दिया जा सकता। आपसी बातचीत और मोलभाव के ज़रिए हमने यह सुनिश्चित किया कि यह बढ़ोतरी केवल 100 तक ही सीमित रहे, जिससे हर तीर्थयात्री के काफ़ी पैसे बच गए। उन्होंने कहा कि यह फ़ैसला पूरी पारदर्शिता और नेक नीयत के साथ लिया गया, ताकि हज2026 व्यवस्थाओं में किसी भी तरह की कोई रुकावट न आए।

इससे पहले अल्पसंख्यक मंत्रालय की ओर से कहा गया है कि मौजूदा मध्य-पूर्व संकट के कारण एविएशन टरबाइन फ्यूल की कीमतों में वैश्विक स्तर पर तेज बढ़ोतरी हुई है। इसके चलते एयरलाइंस ने प्रति यात्री 300 से 400 अमेरिकी डॉलर तक किराया बढ़ाने की मांग की थी। हालांकि, लंबी बातचीत और सभी हितधारकों से परामर्श के बाद सरकार ने केवल 100 डॉलर प्रति यात्री की सीमित और एकमुश्त बढ़ोतरी को मंजूरी दी, जिससे प्रत्येक यात्री को 200 से 300 डॉलर तक की राहत मिली।

# ईरान जब तक परमाणु हथियार बनाने की जिद नहीं छोड़ता तब तक नाकेबंदी जारी रहेगी: ट्रम्प

एजेंसी

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गुरुवार को ईरान को परमाणु समझौते की शर्तों पर सहमत होने की चेतावनी देते हुए कहा है कि ऐसा न होने पर अमेरिका उसके बंदरगाहों की नौसैनिक नाकेबंदी जारी रखेगा और आर्थिक दबाव बढ़ाएगा। श्री ट्रम्प ने दोहराया कि यदि ईरान परमाणु हथियार बनाना जारी रखता है, तो उसके साथ 'कभी कोई समझौता नहीं' होगा। दूसरी ओर, ईरान का कहना है कि उसका परमाणु कार्यक्रम केवल नागरिक उद्देश्यों के लिए है। अमेरिकी राष्ट्रपति और उनकी राष्ट्रीय सुरक्षा टीम ईरान के ताजा प्रस्ताव पर चर्चा कर रही है, जिसमें ईरान ने पहले होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलने और नाकेबंदी हटाने का सुझाव दिया है, जबकि परमाणु वार्ता को स्थगित करने की बात कही है। नाकेबंदी जारी रखने के श्री ट्रंप के फैसले से वैश्विक तेल बेंचमार्क 'ब्रेंट क्रूड' की कीमतें गुरुवार को 125 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुँच गईं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने इस रणनीति का बचाव करते हुए कहा कि नाकेबंदी प्रत्यक्ष सैन्य कार्रवाई से अधिक प्रभावी हो सकती है। उन्होंने ईरान से जल्द कार्रवाई करने का आग्रह किया और कहा कि अधिकारी जरूरत पड़ने पर महीनों तक नाकेबंदी जारी रखने के तरीके खोज रहे हैं।

अमेरिकी नीति निर्माताओं का मानना है कि लंबे समय तक लगे प्रतिबंध अंततः ईरान को तेल उत्पादन रोकने के लिए मजबूर कर सकते हैं। यह संघर्ष अब दसवें सप्ताह में प्रवेश कर चुका है, जबकि इसके चार से छह सप्ताह में सुलझने की उम्मीद थी। होर्मुज जलडमरूमध्य के प्रतिबंधित रहने से वैश्विक आपूर्ति से प्रतिदिन लगभग दो करोड़ बैरल तेल कम हो रहा है। अमेरिका की इस लंबी नाकेबंदी की तैयारी से एशियाई अर्थव्यवस्थाएं प्रभावित हो रही हैं। क्षेत्र के कई देश ऊर्जा आपूर्ति के लिए इस जलडमरूमध्य पर निर्भर हैं और कच्चे तेल, प्राकृतिक गैस, प्लास्टिक तथा उर्वरकों की आपूर्ति में कमी महसूस की जा रही है। इस बीच, पाकिस्तान की मध्यस्थता की कोशिशें भी विफल रही हैं। श्री ट्रम्प ने कहा कि यदि ईरान बातचीत करना चाहता है तो वह कॉल कर सकता है। उन्होंने बताया कि अभी टेलीफोन के माध्यम से बातचीत हो रही है। 'एक्सियोस' के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प नाकेबंदी को 'बमबारी से अधिक प्रभावी' मानते हैं। हालांकि, सूत्रों का यह भी कहना है कि अमेरिकी सेंट्रल कमांड बातचीत के गतिरोध को तोड़ने के लिए ईरान पर 'शक्तिशाली हमलों' की तैयारी कर रहा है ।

# नौसेना को मिला 'महेंद्रगिरी' युद्धपोत, ब्रह्मोस मिसाइल की तैनाती से बढ़ेगी समुद्री क्षमता

एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय नौसेना को प्रोजेक्ट 17ए फ्रिगेट्स का आखिरी स्टेल्थ फ्रिगेट 'महेंद्रगिरी' गुरुवार को मिल गया। मुंबई में मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) ने आज देश में ही बना चौथा जहाज नौसेना को सौंपा, जिससे भारत की समुद्री ताकत काफी बढ़ गई है। जहाज का नाम ओडिशा स्थित पूर्वी घाट की एक पर्वत शिखर के नाम पर रखा गया है, जिस पर ब्रह्मोस मिसाइल की भी तैनाती हो सकती है। प्रोजेक्ट 17ए कार्यक्रम के तहत मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) को चार और गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड (जीआरएसई) को तीन जहाजों का निर्माण सौंपा गया था। इस परियोजना के पहले छह जहाज तारागिरी, उदयगिरि, दूनागिरी, नीलगिरि, हिमगिरी और



विंध्यगिरी 2019-2023 के बीच लॉन्च किए जा चुके हैं। भारतीय सशस्त्र बलों की सर्वोच्च कमांडर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने 17 अगस्त को विंध्यगिरी को कोलकाता के गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड (जीआरएसई) में लॉन्च किया था। भारत में पर्वत शृंखलाओं के नाम पर इन सभी जहाजों के नाम रखे गए हैं।

भारतीय नौसेना के लिए बनाए गए प्रोजेक्ट 17ए फ्रिगेट्स का आखिरी और सातवां युद्धपोत 'महेंद्रगिरी' 01 सितम्बर 2023 को तत्कालीन उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की पत्नी डॉ. सुदेश धनखड़ ने रिमोट से बटन दबाकर अरब सागर में उतारा था। इस प्रोजेक्ट के जहाजों को भारतीय नौसेना के युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो ने इन-हाउस डिजाइन किया है। शिवालिक क्लास के बाद इन युद्धपोतों में बेहतर स्टेल्थ फीचर्स, उन्नत हथियार और सेंसर तथा प्लेटफ़ॉर्म प्रबंधन सिस्टम हैं। महेंद्रगिरी तकनीकी रूप से उन्नत जंगी जहाज है और इसके निर्माण में 75 प्रतिशत स्वदेशी सामग्री का इस्तेमाल किए गया है। नौसेना के मुताबिक पी17ए जहाज बनाने में एमडीएल ने नई चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए अपनी अवसंरचना और कौशल को विकसित किया है। यह जहाज पहला गैस टर्बाइन की संचालन शक्ति पर आधारित है और इस पर बहुत बड़ा युद्ध प्लेटफॉर्म है। प्रोजेक्ट 17ए के जहाजों में इस्तेमाल सामग्री और उपकरण स्वदेशी वेंडरों से लिए गए हैं और 2000 से अधिक भारतीय प्रतिष्ठानों तथा एमएसएमई में रोजगार सृजन हुआ है। अगस्त 2023 में जहाज की डिलीवरी के लिए एमडीएल की उत्पादकता बढ़ाने के लिए आउटसोर्सिंग से एकीकृत निर्माण पद्धति का उपयोग किया गया है। नौसेना को जहाज की आपूर्ति होने पर एमडीएल के सीएमडी कैप्टन जगमोहन और पूर्वी नौसेना कमान में चीफ स्टाफ ऑफिसर (टेक्निकल) रियर एडमिरल गौतम मारवाह ने नौसेना के वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में कागजात पर हस्ताक्षर किए।

## लद्दाख का विकास स्थानीय हितों के अनुरूप हो : राहुल

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि लद्दाख में लोकतांत्रिक अधिकारों को दबाने का प्रयास हो रहा है और वहां के लोगों की आवाज़ को दबाया जा रहा है। श्री गांधी ने गुरुवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि लद्दाख के युवाओं ने उन्हें बताया है कि किस तरह से उनके क्षेत्र को एक तरह के 'पुलिस राज' में बदल दिया गया है। वहां लोगों के लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन हो रहा है और स्थानीय लोगों की आवाज़ को दबाया जा रहा है। उन्होंने यह भी लिखा कि लद्दाख की ज़मीन और नाज़ुक पर्यावरण को कथित रूप से बड़े उद्योगपतियों के हितों के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है, जिससे स्थानीय लोगों में चिंता बढ़ी है। श्री गांधी ने स्पष्ट किया कि लद्दाख के लोग विकास के खिलाफ नहीं हैं, बल्कि वे ऐसा विकास चाहते हैं जो स्थानीय समुदाय को रोज़गार और आर्थिक लाभ पहुंचाए। उन्होंने उम्मीद जताई कि गृह मंत्री अमित शाह अपने प्रस्तावित दौरे में क्षेत्र की वास्तविक स्थिति को समझेंगे और वहां के लोगों की चिंताओं पर ध्यान देंगे। गौरतलब है कि लद्दाख में हाल के वर्षों में राजनीतिक अधिकारों, ज़मीन और विकास मॉडल को लेकर असंतोष बढ़ा है। जम्मू कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम 2019 के बाद केंद्र शासित प्रदेश बनने से वहां विधानसभा नहीं है, जिससे स्थानीय लोग अपने अधिकार सीमित होने की बात कहते हैं। इसके साथ ही वहां के लोग बाहरी निवेश और बड़े प्रोजेक्ट्स को लेकर ज़मीन, रोज़गार और नाज़ुक पर्यावरण पर इसके असर की आशंका भी जता रहे हैं।

## अल्पसंख्यकों का समावेशी विकास सर्वोच्च प्राथमिकता : डॉ. श्रीवत्स

**नयी दिल्ली।** अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय ने समावेशी विकास, शिक्षा, कौशल विकास, अवसंरचना और कल्याणकारी पहलों के माध्यम से अल्पसंख्यक समुदायों को सशक्त बनाने के लिए केंद्र और राज्य के बीच समन्वय के महत्व पर जोर दिया।

अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय ने आज बताया कि मंत्रालय के सचिव डॉ. श्रीवत्स श्रीकृष्णा ने कर्नाटक सरकार के साथ मंत्रालय की प्रमुख योजनाओं, पीएमजेवीके, पीएम विकास, छात्रवृत्तियां, उम्मीद और सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण तथा अवसंरचना विकास के उद्देश्य से शुरू की गई अन्य पहलों के कार्यान्वयन और प्रगति पर समीक्षा बैठक की। इस दौरान परियोजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने और जमीनी स्तर पर पारदर्शी तरीके से योजनाओं के शीघ्र लाभ और पहुंच को सुनिश्चित करने पर भी चर्चा की।

## सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में 50 हजार नयी भर्तियां , एक साल पहले की भर्ती से 33 प्रतिशत ज्यादा

**नयी दिल्ली।** सरकारी क्षेत्र के बैंकों के परिचालन को मजबूत बनाने के लिए कर्मचारियों की संख्या पर्याप्त रूप से बढ़ाने की रणनीति के तहत वित्त वर्ष 2025S26 में 50,000 से ज़्यादा उम्मीदवारों का चयन किया गया जो इससे पिछले साल से 33 प्रतिशत ज़्यादा है। ये नियुक्तियां बैंक कर्मी चयन संस्थान (आईबीपीएस) के जरिये की जाती हैं। वित्त मंत्रालय ने गुरुवार को जारी एक एक विज्ञप्ति में बताया कि उसके वित्तीय सेवा विभाग ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में मानव संसाधन क्षमता को मज़बूत करने के लिए लगातार और लक्षित उपाय किए हैं। ये उपाय कर्मचारियों की संख्या को संतुलित तरीके से बढ़ाने, काम करने के तरीके को बेहतर बनाने और शासन-केंद्रित सुधारों के ज़रिए किए जा रहे हैं।

सरकारी बैंकों में संस्थान के जरिये होने वाली ये भर्तियां इसमें शामिल बैंकों के कर्मचारियों से जुड़ी खास ज़रूरतों के हिसाब से होती है। यह केंद्रीकृत और मानकीकृत ढांचा, चयन प्रक्रिया में पारदर्शिता और कुशलता सुनिश्चित करता है। विज्ञप्ति में सरकारी बैंकों से प्राप्त जानकारी के आधार पर बताया गया है कि 2025S26 में सरकारी बैंकों में कुल 50,552 उम्मीदवारों का चयन हुआ है और उन्हें नौकरी के प्रस्ताव के पत्र जारी किए गए हैं।

# पेज एक का शेष

## 'जो काले कर्मों से ...

कंग्रेस की दुर्गति आप देख ही रहे हैं। उत्तर प्रदेश में 40 वर्ष से वह लगातार बंजर होती जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कंग्रेस के पतन का मुख्य कारण शाहबानो प्रकरण में एक मुस्लिम महिला के साथ किया गया अन्याय और मौलवियों के सामने घुटने टेकने की उसकी मानसिकता थी। तीन तलाक के मुद्दे पर भी आपका महिला-विरोधी चेहरा साफ दिखा, जब प्रधानमंत्री द्वारा लाए गए तीन तलाक कानून का पुरजोर विरोध किया। दुनिया के अधिकांश इस्लामिक देश इस प्रथा को मान्यता नहीं देते, लेकिन आप देश को कठमुल्ला व्यवस्था की ओर ले जाना चाहते हैं। सपा विधायक पूजा पाल प्रकरण, स्टेट गेस्ट हाउस कांड, आजम खान, एसटी हसन और अबू आजमी जैसे नेताओं के महिला-विरोधी बयान स्पष्ट रूप से दर्शाते हैं कि आप जाति के नाम पर समाज को बांटते हैं, लेकिन महिलाओं, दलितों और पिछड़ों के प्रति आपकी कोई सहानुभूति नहीं है। आप माफिया के सामने नतमस्तक होते हैं, लेकिन नारी गरिमा और न्याय की रक्षा करने में हमेशा विफल रहे हैं।

## एम्स की याचिका पर...

किशोरी को 30 सप्ताह से अधिक के गर्भ समाप्त करने की अनुमति मांगी गयी थी। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ ने कहा कि गर्भावस्था को जारी रखने या समाप्त करने का विकल्प संबंधित व्यक्ति से छीना नहीं जा सकता। एम्स परिवार के सामने चिकित्सकीय तथ्य रख सकता है, लेकिन वह इस मामले में निर्णय नहीं ले सकता है। न्यायमूर्ति बागची ने व्यक्तिगत स्वायत्तता का सम्मान करने की आवश्यकता पर ज़ोर देते हुए कहा, ''अपने नागरिक का सम्मान करें। माता-पिता को डेटा दिखाएं और यदि वे गर्भावस्था को जारी रखने का विकल्प चुनते हैं, तो ऐसा ही हो, लेकिन अगर उन्हें लगता है कि उनकी मानसिक सेहत खतरे में है, तो वे ही इस पर निर्णय लेंगे।'' न्यायालय ने संकेत दिया कि नाबालिग और उसके माता-पिता को विशेषज्ञों द्वारा चिकित्सकीय जोखिमों और परिणामों की पूरी जानकारी देते हुए, व्यापक परामर्श दिया जाना चाहिए, ताकि वे एक सोच-समझकर निर्णय ले सकें। इस मामले में अंतिम निर्णय नाबालिग और उसके माता-पिता का होना चाहिए, किसी चिकित्सा संस्थान का नहीं। शीर्ष अदालत ने कहा कि एक बार ऐसा परामर्श हो जाने के बाद वह परिवार द्वारा चुने गए विकल्प पर विचार करेगा। एम्स ने अपनी याचिका में इस मामले में न्यायालय से अपने पहले के आदेश पर फिर से विचार करने की अपील की थी। एम्स ने इसके लिए चिकित्सकीय कारणों का हवाला दिया था, जिसमें कहा गया था कि गर्भावस्था के आखिरी चरण में इसे खत्म करना चिकित्सकीय तौर पर ठीक नहीं है और गर्भवस्था जारी रहने से भ्रूण के बचने की संभावना बढ़ सकती है, लेकिन, पीठ अपने फैसले पर फिर से विचार करने के लिए राज़ी नहीं हुई। पीठ ने कहा कि यह मामला राज्य और पीड़ित के बीच कोई आपसी झगड़ा नहीं बनना चाहिए। न्यायमूर्ति बागची ने कहा, ''चलिए, हम राज्य और उसके नागरिकों के बीच कोई लड़ाई न खड़ा करें। हम किसी संस्था को यह चुनने की इजाज़त नहीं देंगे। संस्था यह बात माता-पिता को बता सकती है। फैसला वे ही करेंगे।'' न्यायालय ने इस बात पर ज़ोर दिया कि कोई भी अनचाही गर्भावस्था खासकर दुष्कर्म के उन मामलों में जिनमें पीड़ित नाबालिग हो पीड़ित पर थोपी नहीं जा सकती। न्यायालय ने कहा कि सारा ध्यान सिर्फ़ भ्रूण पर ही नहीं होना चाहिए, बल्कि पीड़ित की शारीरिक और मानसिक सेहत का भी पूरा ध्यान रखा जाना चाहिए। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा, ''बच्चे (भ्रूण) पर तो बहुत ज़्यादा ध्यान दिया जा रहा है, लेकिन उस माँ पर बिल्कुल नहीं, जिसने इतना दर्द सहा है।'' शीर्ष अदालत ने भारत में गर्भपात से जुड़े कानूनी ढाँचे पर भी कुछ टिप्पणियाँ कीं। न्यायालय ने केंद्र सरकार से कहा कि वह 'गर्भावस्था का चिकित्सीय समापन अधिनियम, 1971' में संशोधन करने पर विचार करे, ताकि दुष्कर्म के मामलों में होने वाली गर्भावस्था के लिए समय-सीमा की पाबंदी को हटाया जा सके। यह देखते हुए कि बदलते समय के साथ कानून में भी बदलाव होना चाहिए पीठ ने संकेत दिया कि ऐसे मामलों में समय की पाबंदी शायद सही न है खासकर तब, जब पीड़ित के मानसिक आघात (ट्रॉमा) को सबसे ज़्यादा अहमियत दी जानी चाहिए। न्यायालय ने सरकार से गर्भपात कानून पर फिर से विचार करने की अपील करते हुए कहा, ''कानून को लचीला और बदलते समय के साथ तालमेल बिठाने वाला होना चाहिए।'' उल्लेखनीय है कि गर्भावस्था का चिकित्सीय समापन अधिनियम, 1971 के तहत कुछ खास श्रेणी की महिलाओं के लिए 24 हफ़्तों तक गर्भावस्था खत्म करने की इजाज़त है, जिनमें दुष्कर्म पीड़िता, नाबालिग और दूसरे कमज़ोर तबके शामिल हैं। कानूनी ढांचा इस सीमा से आगे भी कुछ मामलों में छूट देता है, जैसे कि जब गर्भ धारण करने वाली महिला की जान को खतरा हो या जब भ्रूण में कोई बड़ी गड़बड़ी हो। पिछले कुछ सालों में, शीर्ष अदालत ने कई मामलों में अपने अधिकार क्षेत्र का इस्तेमाल करते हुए तय समय सीमा से आगे भी गर्भावस्था खत्म करने की इजाज़त दी है। इसी पृष्ठभूमि में पीठ ने गुरुवार को केंद्र सरकार से मौजूदा ढांचे पर फिर से विचार करने का आग्रह किया, खासकर उन मामलों में जिनमें गर्भावस्था दुष्कर्म की वजह से हुई हो। पीठ ने कहा कि गर्भावस्था की अवधि की सख़्त सीमाएं शायद सर्वाइवर को असल में जिन मुश्किलों का सामना करना पड़ता है, उन्हें ठीक से हल न कर पाएं। न्यायालय ने यह भी संकेत दिया कि कानून को बदलते सामाजिक और मेडिकल हालात के हिसाब से बदलना चाहिए। खास बात यह है कि एक्ट की धारा 3(2) में 2021 में किए गए संशोधन ने प्रेग्नेंसी खत्म करने की इजाज़त का दायरा बढ़ाकर 24 हफ़्तों तक कर दिया था। यह इजाज़त इस शर्त पर दी गई थी कि कोई मेडिकल राय नेक नीयत से यह बताए कि गर्भावस्था जारी रखने से महिला की जान को खतरा हो सकता है या उसकी शारीरिक या मानसिक सेहत को गंभीर नुकसान पहुंच सकता है। न्यायालय की ये टिप्पणियां अब इस बात का संकेत देती हैं कि कुछ खास हालात में इस बढ़ाई गई सीमा पर भी फिर से विचार करने की ज़रूरत पड़ सकती है।

## फसल नुकसान...

किसानों को भी शीघ्र सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। प्रशासनिक स्तर पर लगातार निगरानी रखी जा रही है, जिससे किसानों को समयबद्ध राहत मिल सके और वे आगामी फसल की तैयारी बिना किसी बाधा के कर सकें।

## एपीडा-यूपी समझौते ...

क्षेत्र को कवर करेगी, 150,000 से अधिक जमीनी स्तर के सर्वेक्षण बिंदुओं से डेटा एकत्र करेगी और 500,000 से अधिक किसानों के साथ मिलकर कार्य करेगी। इसका उद्देश्य सटीक फसल मूल्यांकन, किस्मों की पहचान, वैज्ञानिक परामर्श सेवाएं और बेहतर निर्यात योजना में सहयोग करना है। यह भी घोषणा की गई कि आगामी केंद्र को राष्ट्रीय स्तर के बासमती चावल परीक्षणों के लिए अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना (एआईसीआरपी) केंद्र के रूप में नामित किया गया है, जैसा कि 61वीं वार्षिक चावल अनुसंधान समूह की बैठक में मान्यता दी गई थी। इसके साथ ही, पीलीभीत, नगीना (बिजनौर) और बीईडीएफ मोदीपुरम के बाद उत्तर प्रदेश के बासमती जीआई क्षेत्र में तीसरा एआईसीआरपी केंद्र बन जाएगा। इससे क्षेत्र की कृषि-जलवायु परिस्थितियों के अनुकूल नयी बासमती किस्मों के व्यवस्थित परीक्षण और मूल्यांकन में सुविधा होगी। गौरतलब है कि भारत का भौगोलिक संकेत (जीआई) प्राप्त उत्पाद बासमती चावल का निर्यात 2025-26 में 5.67 अरब अमेरिकी डॉलर मूल्य का हो चुका है। इसमें निर्यात की मात्रा लगभग 65 लाख टन तक पहुंच गई। इस कार्यक्रम में वाणिज्य और उद्योग तथा इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री श्री जितिन प्रसाद, जिले के वरिष्ठ जन प्रतिनिधि, एपीईडीए के अधिकारी, उत्तर प्रदेश सरकार और अन्य हितधारक उपस्थित थे।

## पश्चिम बंगाल के...

सुब्रत गुप्ता को रिपोर्ट की गयी सभी अनियमितताओं की जांच करने और जमीनी स्तर पर कार्रवाई शुरू करने का निर्देश दिया है। श्री अग्रवाल ने कहा, ''हम पूरी तरह से स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव चाहते हैं। पहली नजर में 23 शिकायतों की पुष्टि हो गई है और वे सही प्रतीत होती हैं। हम उचित कार्रवाई करेंगे। गौरतलब है कि मतदान के पहले चरण के दौरान ईवीएम से छेड़छाड़ की कोई शिकायत नहीं मिली थी। ईवीएम से छेड़छाड़ की सभी शिकायतें 29 अप्रैल को दूसरे चरण के दौरान मिलीं। मतगणना 4 मई को होनी है।

## ऑपरेशन सिंदूर...

करता। यह हमारे प्रधानमंत्री की स्पष्ट नीति है, जिसने बदलते वैश्विक परिदृश्य में भारत को रूपांतरित किया है। रक्षा मंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर को प्रतिरोधक क्षमता का प्रतीक बताते हुए कहा कि यद्यपि यह अभियान केवल 72 घंटों के भीतर समाप्त हो गया, लेकिन इसके पहले की तैयारी व्यापक और लंबी थी। उन्होंने बताया कि भारत की अतिरिक्त क्षमता, संसाधनों को तेजी से जुटाने की क्षमता, रणनीतिक भंडार और स्वदेशी रूप से विकसित हथियारों की सिद्ध विश्वसनीयता अब प्रतिरोधक नीति के अभिन्न अंग बन चुके हैं। श्री सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के परिणामस्वरूप वैश्विक धारणा में उल्लेखनीय बदलाव और स्वदेशी हथियारों तथा रक्षा उत्पादों की विश्वसनीयता के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा ,''कई देशों ने भारत से हथियार और रक्षा उपकरण खरीदने में गहरी रुचि दिखाई है। आंकड़े स्वयं इसकी पुष्टि करते हैं। वित्त वर्ष 2025-26 में रक्षा निर्यात 38,424 करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया, जो पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 62.66 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि है। हम इन मानकों को और आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। जर्मनी की अपनी हाल की यात्रा पर रक्षा मंत्री ने कहा कि यूरोप की प्रमुख कंपनियां हमारे निजी रक्षा उद्योग और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के साथ सहयोग करने के लिए उत्सुक हैं, जो भारत की बढ़ती विश्वसनीयता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि विश्व में भारत की मजबूत स्थिति केवल उसकी सैन्य शक्ति से ही नहीं, बल्कि प्रतिरोधक क्षमता स्थापित करने की योग्यता से भी सुदृढ़ हुई है। प्रतिरोधक क्षमता के स्वरूप में तेजी से हो रहे बदलाव को रेखांकित करते हुए श्री सिंह ने कहा कि साइबर क्षेत्र, अंतरिक्ष युद्ध और सूचना प्रौद्योगिकी इसके महत्वपूर्ण घटक बन गए हैं, और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) इस परिवर्तन के केंद्र में है। उन्होंने कहा, ''ऑपरेशन सिंदूर के दौरान उपयोग की गई ब्रह्मोस जैसी अत्याधुनिक मिसाइल प्रणालियों से लेकर विभिन्न निगरानी प्लेटफार्मों तक, एआई का व्यापक और प्रभावी उपयोग किया गया है। इससे हमारी सटीकता और प्रहार क्षमता में वृद्धि हुई है। जहां बड़ी कार्रवाइयों की जानकारी अक्सर सार्वजनिक हो जाती है, वहीं अनगिनत छोटे अभियान और प्रक्रियाएं पहले से सक्रिय होकर खतरों को उत्पन्न होने से पहले ही निष्प्रभावी कर देती हैं। ऐसे सभी मामलों में एआई का व्यापक उपयोग किया जाता है ।'' एआई के व्यावहारिक उपयोग पर जोर देते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि यह आतंकवादियों का पता लगाने और निर्णायक प्रतिक्रिया देने में महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, ''एआई का एक अर्थ 'ऑगमेंटेड इन्फेंट्री' भी है। यह हमारे सैनिकों की क्षमताओं को काफी बढ़ा रहा है। आधुनिक युद्ध की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए हम अपनी सेना को तकनीक-आधारित, एकीकृत युद्ध मशीन में बदलने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। इस उद्देश्य से सेना ने 'रुद्र' ब्रिगेड, 'भैरव' बटालियन, 'शक्तिबाण' तोपखाना रेजिमेंट और 'दिव्यास्त्र' बैटरियों जैसे चुस्त और आत्मनिर्भर युद्धक इकाइयों की स्थापना की है, जो आधुनिक मिश्रित खतरों का तुरंत और सशक्त जवाब देने में सक्षम हैं।'' हालांकि, श्री सिंह ने इस बात पर भी जोर दिया कि एआई को केवल सकारात्मक दृष्टिकोण से नहीं देखा जा सकता, क्योंकि डीपफ़ेक, साइबर युद्ध और स्वायत्त हथियार प्रणालियां नए और गंभीर खतरे उत्पन्न कर रही हैं। रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह, रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग के सचिव तथा डॉ. समीर वी. कामत और एकीकृत रक्षा स्टाफ के प्रमुख एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित भी इस कार्यक्रम में उपस्थित थे।

# कैबिनेट बैठक में वन, मदरसा, कुंभ और परिवहन से जुड़े कई अहम फैसलों को मिली मंजूरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। धामी मंत्रिमंडल की बैठक में वन सीमा क्षेत्रों में मानव-हाथी संघर्ष कम करने के लिए मधुमक्खी पालन नीति, शिक्षा क्षेत्र में बड़ा बदलाव को लेकर मदरसों की मान्यता प्रक्रिया पुनर्गठित करने, परिवहन विभाग सहित कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। गुरुवार को सचिवालय में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक हुई। बैठक के बाद सचिव शैलेश बगोली ने सचिवालय स्थित मीडिया सेंटर में ब्रीफिंग की। उन्होंने बताया कि मंत्रिमंडल ने वन सीमा क्षेत्रों में मधुमक्खी पालन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नई नीति को मंजूरी दे दी है। इस पहल का उद्देश्य स्थानीय समुदायों की आय में वृद्धि करना और मानव-वन्यजीव संघर्ष, विशेषकर मानव-हाथी टकराव को कम करना है। सरकार का मानना है कि मधुमक्खी आधारित गतिविधियां वन क्षेत्रों के आसपास रहने वाले लोगों के लिए स्थायी आजीविका का विकल्प प्रदान करेंगी। उन्होंने बताया कि आजीविका एवं मानव-वन्य जीव संघर्ष नियमावली 2026' के तहत मधुमक्खी पालन को सुनियोजित तरीके से लागू किया जाएगा, जिससे वन्यजीवों की आवाजाही वाले क्षेत्रों में प्राकृतिक अवरोध तैयार होगा और मानव-हाथी संघर्ष की घटनाओं में कमी आने की संभावना है। इस संबंध में कृषि, उद्यान सहित संबंधित विभाग की ओर से पारूप तैयार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि वन, कृषि और उद्यान विभागों के समन्वय से एक व्यापक रूपरेखा बनाई जाएगी। इसके तहत ग्रामीण क्षेत्रों, विशेषकर गांवों के किनारे स्थित संस्थानों के उपयोग और विकास को लेकर भी नीति तैयार करने पर जोर दिया जा रहा है, जिससे शिक्षा और स्थानीय संसाधनों के बेहतर समन्वय को सुनिश्चित किया जा सके। सचिव बगोली ने बताया कि कैबिनेट ने शिक्षा क्षेत्र में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए मदरसों की मान्यता प्रक्रिया में बदलाव किया है। नए प्रावधान के तहत कक्षा 1 से 8 तक संचालित 452 मदरसों की मान्यता अब जिला स्तर से दी जाएगी, जिससे प्रक्रिया को सरल और त्वरित बनाने की कोशिश की गई है। प्रारंभिक समीक्षा में करीब 30 ऐसे मदरसे चिन्हित किए गए हैं, जो वर्तमान में संचालित नहीं हो रहे हैं। इन संस्थानों की स्थिति स्पष्ट करने और व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए कड़े कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि कक्षा 9 से 12 तक के करीब 52 मदरसों को अब राज्य शिक्षा बोर्ड से मान्यता लेना अनिवार्य होगा। इस फैसले का उद्देश्य माध्यमिक और उच्च माध्यमिक स्तर पर शिक्षा की गुणवत्ता और मानकों को सुनिश्चित करना बताया जा रहा है। सचिव बगोली ने पत्रकारों को बताया कि बैठक में कुंभ मेले की व्यवस्थाओं को लेकर अहम निर्णय लिया गया, जिसके तहत 1 करोड़ रुपये तक के कार्य मेला अधिकारी, 5 करोड़ रुपये तक गढ़वाल आयुक्त और इससे अधिक लागत वाले कार्य शासन स्तर से स्वीकृत किए जाएंगे।

# मान ने पांच मई को राष्ट्रपति से मुलाकात के दौरान 'पंजाब की आवाज' उठाने का वादा किया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



चंडीगढ़। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह पांच मई को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात के दौरान ''पंजाब की आवाज को मजबूती से उठाएंगे।'' इसके साथ ही उन्होंने जोर दिया, ''जनादेश तथा लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करना हमारा कर्तव्य है। मान ने आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सांसदों के दल-बदल कर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होने का मुद्दा उठाने के लिए राष्ट्रपति से मिलने का समय मांगा था। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ने उन्हें पांच मई को दोपहर 12 बजे मिलने का समय दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हालांकि उन्होंने पंजाब के सभी आम आदमी पार्टी विधायकों के लिए समय मांगा था, लेकिन राष्ट्रपति से मिलने के लिए केवल उन्हें ही आमंत्रित किया गया। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट में कहा, ''मुझे आपको यह सूचित करते हुए खुशी हो रही है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मुझे पांच मई को दोपहर 12 बजे मिलने का समय दिया है। हालांकि हमने सभी विधायकों के लिए समय मांगा था, लेकिन केवल मुझे ही आमंत्रित किया गया है। मान ने अपने पोस्ट में लिखा, ''मैं अपने साथी विधायकों के साथ राष्ट्रपति भवन पहुंचूंगा। वे (विधायक) बाहर इंतजार करेंगे जबकि मैं अंदर जाकर राष्ट्रपति के समक्ष पंजाब और यहां की जनता की आवाज़ को मजबूती से रखूंगा। बैठक के बाद अगली रणनीति साझा की जाएगी। अपना बहुमूल्य समय देने के लिए राष्ट्रपति का हार्दिक धन्यवाद। आम आदमी पार्टी (आप) के 10 राज्यसभा सदस्यों में से सात- राघव चड्ढा, अशोक मित्तल, संदीप पाठक, हरभजन सिंह, राजेंद्र गुप्ता, विक्रमजीत साहनी और स्वाति मालीवाल ने 24 अप्रैल को पार्टी से इस्तीफा दे दिया तथा भाजपा में विलय कर लिया। उनका आरोप था कि पार्टी अपने सिद्धांतों, मूल्यों और मूल सिद्धांतों से भटक गई है। पार्टी छोड़ने वाले सात में से छह सांसद पंजाब से थे। राज्यसभा के सभापति सी. पी. राधाकृष्णन ने सोमवार को आधिकारिक तौर पर सांसदों के भाजपा में विलय को स्वीकार कर लिया, जिससे उच्च सदन में अरविंद केजरीवाल की पार्टी की संख्या घटकर तीन रह गई।

# बिहार विधान परिषद उप-चुनाव 2026, एनडीए समर्थित उम्मीदवार सूर्य कुमार शर्मा ने किया नामांकन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार भाजपा के मुख्यालय प्रभारी सूर्य कुमार शर्मा (अरविंद शर्मा) ने गुरुवार को बिहार विधान परिषद उपचुनाव 2026 के लिए अपना नामांकन पर्चा दाखिल कर दिया। इस मौके पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी, उपमुख्यमंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, विजय कुमार चौधरी, पूर्व मंत्री मंगल पांडेय, पूर्व मंत्री रामकृपाल यादव, संतोष कुमार सुमन, जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा, जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा, लोजपा (आर) प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी एवं आरएलएम के प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार सिंह सहित एनडीए के तमाम वरिष्ठ नेता और विधायक उपस्थित रहे। नामांकन भरने से पहले भाजपा के मुख्यालय प्रभारी सूर्य कुमार शर्मा (अरविंद शर्मा) ने प्रदेश कार्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं कैलाशपति मिश्र की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने बिहार विधान परिषद उपचुनाव में एनडीए उम्मीदवार बनाए जाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी सहित एनडीए के सभी सहयोगी पार्टियों के राष्ट्रीय नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि उन्होंने मुझ पर जो भी भरोसा जताया है, उस पर वे खरा उतरने की कोशिश करेंगे। भाजपा के नेता अरविंद शर्मा ने भाजपा के पूर्वजों को याद करते हुए कहा कि उनके कठोर परिश्रम से आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बन सकी है। उन्होंने इस मौके पर भाजपा के सभी प्रदेश पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का भी आभार जताया कि उन सभी का सहयोग उन्हें अब तक मिलता आ रहा है। उन्होंने भावुक होते हुए भाजपा की तारीफ करते हुए कहा कि इस पार्टी के लिए कार्यकर्ता सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने कहा कि इस पार्टी ने मुझे वह सब कुछ दिया जिसकी मुझे कल्पना नहीं थी।

# संत महर्षि मेंही जयंती पर प्रभात फ़ेरी व सत्संग उपदेशों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नवादा। संतमत के प्रणेता 108 श्री महर्षि मेंही जी महाराज की 142 में जयंती के अवसर पर गुरुवार को नवादा में प्रभात फ़ेरी तथा सत्संग का आयोजन कर उनके उपदेशों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया ।महर्षि संतसेवी आश्रम धनवा ,संतमत आश्रम कैथिर सहित उनके विभिन्न आश्रमों में सत्संग का आयोजन कर उपदेशों को आत्मसात करने का निर्णय लिया गया।

नवादा संतमत सत्संग आश्रम में संतमत के अनुयाई कृष्ण कुमार वर्मा ,रविंद्र कुमार , उमा पंडित,नवल कुमार,डॉ विनोद कुमार, अधिवक्ता डॉ साकेत बिहारी महेंद्र प्रसाद आदि प्रभात फ़ेरी का आयोजन कर उनके उपदेशों को जनजन तकपहुंचने का संकल्प लिया । नवादा के विभिन्न सड़कों पर प्रभात फ़ेरी निकाली गई ।जब तक सूरज चांद रहेगा ,गुरुदेव तेरा नाम रहेगा ,के गगन भेदी जय घोषों से नवादा शहर गूंजता रहा ।संत महर्षि मेंही के उपदेश दुखों से छूटने के लिए बड़ा ही सहायक माना जाता है ।उन्होंने कहा है कि मानस जप,मानस ध्यान ,दृष्टि साधना और सूरत शब्द योग की क्रिया का अभ्यास करने के साथ ही आत्मा तथा परमात्मा से मिलन का भेद बताया है ,जो भी जीव इसका अभ्यास करेगा वह निश्चित तौर पर परमधाम को प्राप्त करेगा ।संत महर्षि में ही जी महाराज ने अपने उपदेशों में कहा है कि संसार दुखों का खान है, यहां लोग दुख भोगने के लिए आते हैं। यानी अपने अपने कर्मो का फल। मानव शरीर बारंबार नहीं मिलता है ।जिन्हें भी मानव शरीर मिला है। इसी शरीर के माध्यम से वह सत्संग और साधना कर इस ईस्वर को प्राप्त कर सकते हैं, जितने मनुष्य तनधारी हैं प्रभु भक्ति कर सकते सभी, अंतर व बाहर भक्ति कर घटपट हटाना चाहिए । उनका कहना है कि जितने भी मनुष्य तनधारी हैं और सभी भक्ति करके दुख भरे आवागमन के चक्र से मुक्त होकर ईश्वर तत्व को प्राप्त करके सदा सदा के लिए दुखों से छूट सकते हैं। संतमत के सत्संगियों ने उनके उपदेशों को घर-घर जाकर परम कल्याण के लिए प्रचारित करने की बात कही। सत्संग आश्रम धनाम के व्यवस्थापक स्वामी संत आनंद जी महाराज के नेतृत्व में शोभायात्रा निकाली गई तथा मांस ध्यान समारोह का समापन भी किया गया ।जिसमें हजारों भक्तों ने हिस्सा लेकर संतमत के उपदेशों को जनता तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

## उपराज्यपाल माता सुंदरी महिला महाविद्यालय के वार्षिक समारोह हुए शामिल

नई दिल्ली। दिल्ली के उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू गुरुवार को दिल्ली विश्वविद्यालय के माता सुंदरी महिला महाविद्यालय के 59वें वार्षिक दिवस समारोह शामिल हुए। इस मौके पर दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा, राज्यसभा सांसद विक्रमजीत सिंह साहनी मौजूद रहे। उपराज्यपाल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि देश महिला विकास से महिला-नेतृत्व वाले विकास की ओर अग्रसर है। इस बात को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्पष्ट किया है। इस प्रकार के संस्थान महिला-नेतृत्व वाले दृष्टिकोण को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। महाविद्यालय ईमानदारी से शिक्षा प्रदान करते हैं और आत्मविश्वास से भरी महिलाओं का पोषण करते हैं, जो हमारे राष्ट्र की प्रगति का नेतृत्व करेंगी। उन्होंने समर्पित शिक्षकों और प्रतिभाशाली छात्रों को शुभकामनाएं दी। सिरसा ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि माता सुंदरी देवी जी का जीवन शक्ति, साहस और सेवा का प्रतीक था, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के माध्यम से महाविद्यालय महिलाओं को सशक्त बनाकर उनकी विरासत को आगे बढ़ा रहा है।

## शार्ट सर्किट ने छीनीं गरीब पिता की खुशियां, बेटी की शादी के लिए जुटाए गहने और नगदी जलकर खाक

**अररिया।** फारबिसगंज के वार्ड संख्या 18 दल्लू टोला में बीती देर रात शॉर्ट सर्किट के कारण हुए आगजनी में सुरेश कामत का घर जलकर राख हो गया। आगजनी में लाखों रूपये मूल्य के संपत्ति जलकर भस्म हो गया।जिसमें बेटी की शादी के लिए किस्त के रूप में उठाए एक लाख 60 हजार रूपये नगद, स्वर्णाभूषण,कपड़े और एलआईसी के बॉन्ड पेपर समेत अन्य समान जल गए।

# अमृतसर में 6 किलो हेरोइन बरामद, एक नशा तस्कर गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता




अमृतसर। काउंटर इंटेलिजेंस (सीआई) ने 6 किलो हेरोइन बरामद करने के साथ ही एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है।

पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने गुरुवार को बताया कि जंडियाला गुरु, वैरोवाल रोड निवासी लवप्रीत सिंह को गिरफ्तार किया गया है। उसके पास से 6 किलो हेरोइन बरामद करने के अलावा पुलिस टीमों ने नशा तस्करी के लिए इस्तेमाल की जा रही उसकी सिल्वर रंग की हुंडई द्व10 कार ( पीबी 10-सीवी-3211) भी जब्त कर ली है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि गिरफ्तार आरोपित दुबई स्थित हैंडलर अंतरप्रीत सिंह के इशारे पर काम कर रहा था, जो नशा तस्करी में शामिल है और उसके खिलाफ कई मामले दर्ज हैं। जांच में यह भी सामने आया है कि अंतरप्रीत सिंह के निर्देश पर लवप्रीत विभिन्न स्थानों से हेरोइन की बड़ी खेप प्राप्त कर आगे सप्लाई भी करता था।उन्होंने आगे बताया कि पुलिस टीमों को विश्वसनीय सूचना मिली थी कि लवप्रीत ने हाल ही में हेरोइन की एक बड़ी खेप प्राप्त की है और इसे अमृतसर-जालंधर जीटी रोड पर अड्डा मानावाला के पास किसी अन्य व्यक्ति को पहुंचाना था। इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंची और संदिग्ध लवप्रीत को गिरफ्तार कर लिया। डीजीपी ने कहा कि इस मामले में आगे-पीछे के संबंधों का पता लगाने के लिए जांच जारी है, ताकि पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश किया जा सके। इस संबंध में थाना स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल, अमृतसर में एनडीपीएस एक्ट की धाराओं 21, 25 और 29 के तहत एफआईआर दर्ज की गई है।

# उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय ने रचा ऐतिहासिक कीर्तिमान




कैनविज टाइम्स संवाददाता

हल्द्वानी। उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी में आयोजित प्रेस वार्ता में कुलपति प्रो. नवीन चन्द्र लोहनी ने विश्वविद्यालय की शैक्षणिक, प्रशासनिक एवं शिक्षार्थी-केंद्रित उपलब्धियों की जानकारी साझा करते हुए बताया कि विश्वविद्यालय ने दिसंबर-2025 सत्र की परीक्षाओं के परिणाम घोषित करने में नया इतिहास रच दिया है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा दिसंबर-2025 सत्र की परीक्षाएं 16 फरवरी 2026 से 11 अप्रैल 2026 तक आयोजित की गईं, जो प्रदेशभर के 76 परीक्षा केंद्रों पर सम्पन्न हुईं। कुलपति ने बताया कि विश्वविद्यालय ने 39 परीक्षा दिवसों में सफलतापूर्वक परीक्षाएं सम्पन्न कराईं तथा कुल 323 परीक्षाफलों को रिकॉर्ड समय में घोषित किया। 30 अप्रैल 2026 तक सभी परीक्षाफल घोषित कर दिए गए हैं । इस प्रकार परीक्षा समाप्त होने के मात्र 20 दिनों के भीतर तथा केवल 15 कार्यदिवस में शत-प्रतिशत परिणाम घोषित करने की ऐतिहासिक उपलब्धि विश्वविद्यालय ने प्राप्त की है। उन्होंने कहा कि इस उपलब्धि के लिए विश्वविद्यालय स्तर पर वरिष्ठ शिक्षकों की एक विशेष टीम का गठन किया गया था तथा कुल 289 आंतरिक एवं बाह्य परीक्षकों ने केन्द्रीय मूल्यांकन कार्य को समयबद्ध ढंग से पूर्ण किया। मूल्यांकन हेतु देशभर से कई नामी विश्वविद्यालयों के शिक्षक भी शामिल हुए। विश्वविद्यालय के इतिहास में पहली बार इतनी कम अवधि में सभी परीक्षा परिणाम घोषित किए गए हैं। कुलपति ने कहा कि यह उपलब्धि विश्वविद्यालय की पारदर्शी, डिजिटल एवं शिक्षार्थी-केंद्रित कार्यप्रणाली का परिणाम है। समयबद्ध मूल्यांकन, डिजिटल समन्वय तथा परीक्षकों की सतत निगरानी के कारण यह संभव हो सका है। इससे हजारों शिक्षार्थियों को प्रवेश, रोजगार तथा अन्य शैक्षणिक प्रक्रियाओं में समय पर लाभ प्राप्त होगा। प्रेस वार्ता के दौरान कुलपति ने विश्वविद्यालय के आदर्श अध्ययन केंद्र हल्द्वानी-16000 में संचालित नवाचारपूर्ण गतिविधियों की भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नवप्रवेशित शिक्षार्थियों के लिए आयोजित 'दीक्षारंभ' कार्यक्रमों को व्यापक सफलता मिली है। 17 अप्रैल 2026 को आयोजित प्रथम कार्यक्रम में 175 शिक्षार्थियों ने सहभागिता की, जिनमें 115 ऑफलाइन एवं 60 ऑनलाइन माध्यम से जुड़े। वहीं 26 अप्रैल 2026 को आयोजित दूसरे कार्यक्रम में लगभग 120 शिक्षार्थियों ने भाग लिया, जिनमें 40 ऑफलाइन एवं 80 ऑनलाइन प्रतिभागी सम्मिलित रहे। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय मुख्यालय में संचालित आदर्श अध्ययन केंद्र हल्द्वानी के अतिरिक्त पूरे राज्य के विभिन्न अध्ययन केंद्रों पर भी 'दीक्षारंभ' कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिनका उद्देश्य नवप्रवेशित शिक्षार्थियों को विश्वविद्यालय की कार्यप्रणाली, परीक्षा प्रणाली, पुस्तक वितरण, असाइनमेंट, प्रायोगिक कार्यशालाओं तथा अन्य शैक्षणिक गतिविधियों से अवगत कराना है।

# कुंभ मेला तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण व्यवस्थाओं में तेजी के निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हरिद्वार। कुंभ मेला-2027 की तैयारियों को गति देने के लिए अपर मेलाधिकारी दयानंद सरस्वती ने गुरुवार को विभिन्न निर्माणाधीन एवं प्रस्तावित स्थलों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वेद निकेतन घाट, खड़खड़ी श्मशान घाट और खड़खड़ी क्षेत्र में सूखी नदी पर निर्माणाधीन पुल का जायजा लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर मेलाधिकारी ने वेद निकेतन घाट पर चल रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि घाट के सुदृढ़ीकरण, सुरक्षा व्यवस्थाओं और अन्य निर्माण कार्यों को तय मानकों के अनुरूप शीघ्र पूरा किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि कुंभ मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके बाद उन्होंने खड़खड़ी श्मशान घाट का निरीक्षण कर प्रस्तावित विकास कार्यों की जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि कुंभ मेला मद से यहां आधारभूत सुविधाओं का विस्तार और जीर्णोद्धार किया जाएगा। योजना के तहत घाट और शवदाह प्लेटफॉर्म का विस्तार, चिमनियों की ऊंचाई बढ़ाने, गैस आधारित शवदाह चौम्बर निर्माण तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं के विकास का प्रस्ताव है। अपर मेलाधिकारी ने इन योजनाओं की उपयोगिता का परीक्षण करते हुए संबंधित विभागों को शीघ्र विस्तृत आगणन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने खड़खड़ी क्षेत्र में सूखी नदी पर निर्माणाधीन दो लेन स्टील पुल का भी अवलोकन किया। उन्होंने निर्माण कार्य में तेजी लाने, प्रत्येक चरण की स्पष्ट समय-सीमा निर्धारित करने और गुणवत्ता मानकों का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि यह पुल हर हाल में 31 अक्टूबर 2026 तक पूरा किया जाए। इस दौरान अपर मेलाधिकारी ने खड़खड़ी श्मशान सेवा समिति के अध्यक्ष जगत सिंह सहित अन्य पदाधिकारियों और स्थानीय नागरिकों से संवाद कर उनके सुझाव भी लिए। निरीक्षण में मेला कार्यालय के तकनीकी प्रकोष्ठ के अधिशासी अभियंता अनुभव नौटियाल समेत लोक निर्माण विभाग, सिंचाई विभाग और ग्रामीण निर्माण विभाग के अभियंता उपस्थित रहे।

## आंधी, बारिश से तबाही, विद्युत आपूर्ति देर रात तक ठप

सुपौल। जिले में त्रिवेणीगंज अनुमंडल तथा आसपास के क्षेत्रों में बुधवार की रात आई तेज आंधी, बारिश ने व्यापक तबाही मचा दी। अचानक बदले मौसम के मिजाज ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। तेज हवा के साथ हुई मूसलाधार बारिश के कारण कई स्थानों पर पेड़ उखड़कर सड़कों और बिजली के तारों पर गिर गए, जिससे विद्युत आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई। आंधी-तूफान का असर सबसे अधिक शादी-ब्याह के आयोजनों पर पड़ा। कई जगहों पर टेंट उखड़ गए, जिससे समारोहों में अफरातफरी का माहौल बन गया। मैरिज हॉल और पंडालों की सजावट भी बर्बाद हो गई, जिससे आयोजकों को भारी नुकसान उठाना पड़ा। अचानक मौसम खराब होने से लोगों को सुरक्षित स्थानों की ओर भागना पड़ा। बिजली आपूर्ति बाधित होने से क्षेत्र के कई गांवों और कस्बों में अंधेरा छा गया। पेड़ों के गिरने से कई सड़कों पर आवागमन भी प्रभावित हुआ। स्थानीय प्रशासन और विद्युत विभाग की टीमें मौके पर पहुंचकर स्थिति सामान्य करने में जुट गई हैं।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063